आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज
* राजन भक्तिन माता जयंती”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 58 अंक 355 | उज्जैन, बुधवार 07 जनवरी, 2026 | माघ कृष्ण 4 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### एसआईआर के बाद यूपी में नई वोटर लिस्ट जारी, 2.89 करोड़ नाम हटे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आगामी चुनावों की तैयारियों के बीच निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की नई ड्राफ्ट लिस्ट मंगलवार को जारी कर दी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा के अनुसार, इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को पूरी तरह शुद्ध और त्रुटिहीन बनाना है। इस प्रक्रिया में प्रदेश भर से कुल 2.89 करोड़ मतदाताओं के नाम सूची से बाहर कर दिए गए हैं, जो कि कुल पंजीकृत मतदाताओं का लगभग 18.70 प्रतिशत है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी दी कि विभाग को लगभग 12.5 करोड़ मतपत्र प्राप्त हुए थे। गहन जांच के बाद आंकड़ों में बड़ी गिरावट देखी गई है।

### ट्रम्प के सामने सिर हिलाने के लिए नहीं चुना मोदी को : खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयानों को लेकर पीएम मोदी पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा- मैं नहीं समझ पा रहा कि मोदी ट्रंप के सामने क्यों झुक रहे हैं, यह देश के लिए ठीक नहीं है। आपको देश के लिए खड़ा होना चाहिए। देश ने आपको प्रधानमंत्री सिर हिलाने के लिए नहीं चुना। दरअसल खड़गे का बयान ट्रम्प के दावे पर आया है, जिसमें उन्होंने कहा कि रूस से तेल आयात पर अमेरिकी नाराजगी के बाद भारत ने तेल खरीद घटाई, क्योंकि मोदी मुझे (ट्रम्प) खुश करना चाहते थे। खड़गे ने वेनेजुएला की स्थिति पर भी चिंता जताते हुए कहा- वहां बन रहे हालात दुनिया के लिए अच्छे नहीं हैं। डराने और विस्तारवादी नीति ज्यादा समय तक नहीं चलती। हिटलर और मुसोलिनी जैसे लोग इतिहास बन चुके हैं। वैश्विक शांति बिगाड़ने वाली सोच ठीक नहीं है।

### सांसद कंगना रनोट की फिल्मों में वापसी



**'भारत भाग्य विधाता' की शूटिंग शुरू की बोलीं- सेट पर आकर अच्छा लग रहा है**

**मुंबई।** लोकसभा चुनाव जीतकर मंडी की सांसद बनीं कंगना रनोट ने लंबे समय बाद फिल्म के सेट पर वापसी की है। कंगना ने सोमवार को अपनी अपकमिंग फिल्म भारत भाग्य विधाता की शूटिंग शुरू की है। कंगना रनोट ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म भारत भाग्य विधाता के सेट से एक वीडियो पोस्ट किया है। इसके साथ उन्होंने लिखा है, मणिकर्णिका फिल्म्स के सेट पर आकर अच्छा लग रहा है। कंगना रनोट के प्रोडक्शन हाउस मणिकर्णिका फिल्म्स के इंस्टाग्राम अकाउंट से भी कंगना का वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो फिल्म के सेट का मुआयना करती नजर आई हैं। कंगना रनोट ने सितंबर 2024 में फिल्म भारत भाग्य विधाता की अनाउंसमेंट की थी। ये फिल्म आम जनता की एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी उपलब्धि की कहानी होने वाली है, जिसमें कंगना रनोट लीड रोल में हैं। इस फिल्म को मनोज तपाड़िया ने लिखा है। इस फिल्म का निर्देशन भी मनोज ही करेंगे। फिल्म कंगना रनोट के प्रोडक्शन हाउस मणिकर्णिका के बैनर तले बन रही है, जिसे बबिता अशिवाल और आदि शर्मा भी प्रोड्यूस कर रहे हैं। कंगना रनोट की आखिरी फिल्म इमरजेंसी थी, जो जनवरी 2025 में रिलीज हुई थी। शुरुआत में ये फिल्म 2024 में रिलीज होने वाली थी, हालांकि फिल्म सर्टिफिकेशन विवाद के चलते फिल्म लंबे समय से टलती रही। लंबे विवाद के बाद फिल्म जनवरी 2025 में आई, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप रही। अब भारत भाग्य विधाता, इमरजेंसी के बाद कंगना रनोट की पहली फिल्म होने वाली है। इसके अलावा कंगना रनोट के पास तनु वेड्स मनु 3, सीताः द इन्कार्नेशन जैसी फिल्में भी हैं। कंगना रनोट ने लोकसभा चुनाव जीतने से पहले दावा किया था कि अगर वो चुनाव जीत जाती हैं, तो फिल्मों में काम करना बंद कर देंगी।

### 81 वर्षीय पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश कलमाड़ी का निधन

**पुणे।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेश कलमाड़ी का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे 81 साल के थे। कलमाड़ी को पुणे के दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने मंगलवार सुबह करीब 3.30 बजे अंतिम सांस ली। सुरेश शामराव कलमाड़ी का जन्म 1 मई 1944 को हुआ था। कलमाड़ी पुणे लोकसभा सीट से 3 बार सांसद चुने गए। राजनीति के साथ-साथ वे खेल प्रशासन के लिए भी जाने जाते रहे। वे भारतीय ओलिंपिक संघ के अध्यक्ष थे। 2010 में दिल्ली में हुए ग्लोबल इवेंट कॉमनवेल्थ गेम्स की आयोजन समिति के चेयरमैन भी थे। कलमाड़ी ने रेल राज्य मंत्री के रूप में भी काम किया था।

### 2026 में 0.50 प्रतिशत और घट सकती है ब्याज दर

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया साल 2026 में ब्याज दरों में 0.50% (50 बेसिस पॉइंट्स) की और कटौती कर सकता है। आईआईएफएल कैपिटल की एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2025 में ब्याज दरों में कुल 1.25% की कटौती करने के बाद भी केंद्रीय बैंक के पास रेट कट की जगह बची है। अगर ऐसा होता है, तो होम और ऑटो लोन की ईएमआई में और कमी आएगी, जिससे आम आदमी की जेब को बड़ी राहत मिलेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्तमान में रेपो रेट और कोर इन्फ्लेशन (बुनियादी महंगाई) के बीच का अंतर लगभग 2.8% है। पिछले 7 सालों का औसत देखें तो यह अंतर 1.1% के करीब रहता है।

---

दूषित पानी से 17 मौतें, हाईकोर्ट ने कहा- इंदौर की छवि धूमिल, सरकार का जवाब असंवेदनशील

## जरूरत पड़ी तो अफसरों पर तय होगी क्रिमिनल जिम्मेदारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में मंगलवार को दूषित पेयजल से जुड़े मामले में 5 याचिकाओं की एक साथ सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा- इस घटना ने इंदौर शहर की छवि को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। देश का सबसे स्वच्छ शहर कहलाने वाला इंदौर अब दूषित पानी की वजह से पूरे भारत में चर्चा का विषय बन गया है।

हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि सिर्फ इंदौर ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में स्वच्छ पानी जनता का मौलिक अधिकार है और इससे किसी भी हाल में समझौता नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि यदि भविष्य में आवश्यकता पड़ी तो दोषी अधिकारियों पर सिविल और क्रिमिनल लायबिलिटी भी तय की जाएगी। साथ ही संकेत दिए कि अगर पीड़ितों को मुआवजा कम मिला है तो उस पर भी अदालत उचित निर्देश जारी करेगी।

उधर, दोपहर करीब एक बजे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की अगुआई में पार्टी कार्यकर्ता भागीरथपुरा पहुंचे। यहां पहले से बड़ी संख्या में पुलिस बल, वज्र वाहन सहित तैनात था। भागीरथपुरा में घुसने वाले सभी रास्तों को बैरिकेड लगाकर बंद कर दिया गया था।

दूषित पानी से जान गंवाने वाले लोगों के परिजन से मिलने पहुंचे कांग्रेस नेताओं की पुलिस अधिकारियों से बहस हो गई। बाद में दूसरे रास्ते से कांग्रेसी अंदर पहुंचे। मृतक अशोक लाल पवार, जीवन लाल और गीता बाई के घर गए। परिजन से चर्चा की। इसके बाद करीब 3 बजे भागीरथपुरा से लौट गए।

यहां पटवारी ने इंदौर का प्रभारी मंत्री होने के नाते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और महापौर पुष्यमित्र भार्गव से इस्तीफा भी मांगा।

**प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने इंदौर का प्रभारी मंत्री होने के नाते सीएम यादव मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और महापौर भार्गव से भी इस्तीफा मांगा**






### हाईकोर्ट ने 15 जनवरी को मुख्य सचिव को तलब किया

भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी पीने से हुई मौतों और सैकड़ों लोगों के बीमार होने के मामले में मंगलवार को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने प्रदेश के मुख्य सचिव को 15 जनवरी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने के आदेश दिए हैं। यह सुनवाई न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला और न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी की डिवीजन बेंच में हुई। जनहित याचिका एडवोकेट रितेश इनानी, पूर्व पार्षद महेश गर्ग और प्रमोद द्विवेदी द्वारा एडवोकेट मनीष यादव के माध्यम से दायर की गई थी। इससे पहले 2 जनवरी को हुई सुनवाई में राज्य सरकार ने स्टेटस रिपोर्ट पेश की थी, जिसमें प्रशासन ने चार लोगों की मौत की पुष्टि की थी। हालांकि उस समय भी स्थानीय सूत्रों और मीडिया रिपोर्टों में मृतकों की संख्या अधिक बताई जा रही थी। अब यह संख्या और बढ़ चुकी है। याचिकाकर्ताओं ने अदालत से मांग की थी कि दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाए। आज की सुनवाई के दौरान एडवोकेट इनानी ने कोर्ट को बताया कि दूषित जल आपूर्ति के कारण हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं और प्रशासन की लापरवाही स्पष्ट है। इस पर कोर्ट ने राज्य सरकार से पूरे मामले की अद्यतन रिपोर्ट मांगी है। गौरतलब है कि भागीरथपुरा क्षेत्र में दिसंबर के अंतिम सप्ताह में अचानक बड़ी संख्या में लोग दस्त, उल्टी और बुखार से पीड़ित हुए थे। अस्पतालों में भीड़ बढ़ने के बाद जांच में जलस्त्रोतों में ई-कोलाई बैक्टीरिया और अन्य संक्रमण मिलने की पुष्टि हुई थी।

### 38 नए मामले सामने आए 110 भर्ती

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है। मंगलवार को उल्टी-दस्त के 38 नए मामले सामने आए हैं, जिनमें से 6 मरीजों को अरबिंदो अस्पताल रेफर किया गया है। इन्हें मिलाकर कुल 110 मरीज अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती हैं। बीमार होने के बाद कुल 421 मरीजों को अस्पताल लाया गया था, इनमें से 311 डिस्चार्ज हो चुके हैं। आईसीयू में 15 मरीजों का इलाज जारी है।

---

भागीरथपुरा छावनी में तब्दील, पीड़ितों से मिलने पहुंचे जीतू पटवारी

## भारी पुलिस बल तैनात, पूरे क्षेत्र में बेरिकेडिंग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

भागीरथपुरा में दूषित पानी से 17 मौतों के मामले में कांग्रेस नेताओं ने पीड़ितों से मुलाकात की। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा। जीतू पटवारी ने इसे हत्या बताते हुए एक करोड़ मुआवजे की मांग की।

इंदौर में दूषित पानी से 17 लोगों की मौत के मामले में कांग्रेस नेताओं ने आज भागीरथपुरा क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान इलाके में भारी पुलिस बल तैनात रहा और पूरे क्षेत्र में बेरिकेडिंग कर दी गई। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के प्रवेश पर रोक लगाई गई है।

कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवारों के घर-घर जाकर उनसे मुलाकात कर रहा है। इस दल में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, अमित पटेल, रीना बौरासी सेठिया, चिंटू चौकसे और विपिन वानखेड़े शामिल हैं। पत्रकारों से बातचीत में जीतू पटवारी ने कहा कि यह महज हादसा नहीं, बल्कि हत्याएं हैं। उन्होंने मांग की कि प्रत्येक पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए। पटवारी ने आरोप लगाया कि अब तक की गई कार्रवाई सिर्फ लीपापोती है।



### जीतू पटवारी 11 को करेंगे मार्च !

मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भागीरथपुरा में दूषित पानी के मामले पर कहा, इंदौर नगर निगम में जिस तरह का भ्रष्टाचार हुआ है, उससे 17 लोगों की मौत हो गई। यहां के प्रभारी मंत्री मोहन यादव इसके लिए मुख्य रूप से ज़िम्मेदार हैं। वह सबसे ज्यादा दोषी हैं उन्होंने प्रभारी मंत्री के तौर पर यहां एक भी मीटिंग नहीं की। उन्होंने इंदौर को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया। शहरी प्रशासन मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए, और जवाबदेही तय होनी चाहिए... जो लोग इसके लिए ज़िम्मेदार थे, उनके खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला क्यों नहीं दर्ज किया जाना चाहिए?.हमारा दायित्व है कि हम इंदौर से आह्वान करें कि आइए इस अहंकार को मिटाइए, हम 11 जनवरी को मार्च करेंगे।

### चांदी 2.45 लाख के ऑल टाइम हाई पर

सोना 741 बढ़कर 1.37 लाख पर पहुंचा



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

चांदी 6 जनवरी को अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार एक किलो चांदी की कीमत 7,725 रुपए बढ़कर 2,44,788 रुपए हो गई है। इससे पहले इसकी कीमत 2,37,063 रुपए किलो थी।

वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 741 रुपए बढ़कर 1,36,909 रुपए पहुंच गया है। इससे पहले यह 1,36,168 रुपए पर था। सोना 29 दिसंबर 2025 को 1,38,161 रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया था।

अमेरिकी कोर्ट में मादुरो बोले

## मुझे किडनैप किया गया आरोपों से इनकार

एजेंसी ▸▸ न्यूयार्क

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सोमवार रात न्यूयॉर्क की फेडरल कोर्ट में पेश किया गया। उन्होंने कोर्ट में अपने खिलाफ लगे ड्रग्स और हथियार तस्करी से जुड़े सभी आरोपों से इनकार किया।

सीएनएन के मुताबिक, मादुरो ने अदालत में अपनी गिरफ्तारी को गैरकानूनी बताया और कहा कि मुझे किडनैप किया गया है। पहली सुनवाई में मादुरो ने खुद को निर्दोष बताते हुए कहा, मैं अपराधी नहीं हूं। मैं एक सम्मानित व्यक्ति हूं और अब भी अपने देश का राष्ट्रपति हूं।

मादुरो के वकीलों ने अमेरिकी कार्रवाई को सैन्य अपहरण बताया है। उन्होंने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय कानून और कानूनी प्रक्रिया का उल्लंघन है। अगली सुनवाई 17 मार्च को होगी। दूसरी तरफ वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया मचाडो ने ऐलान किया है कि वे जल्द ही देश वापस लौटेंगीं। मचाडो ने दावा किया कि अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज को वेनेजुएला की जनता का समर्थन नहीं है और देश की जनता विपक्ष के साथ है।



## शिखर धवन फिर शादी के बंधन में बंधेंगे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन के घर एक बार फिर शहनाई बजने वाली है। गब्बर के नाम से मशहूर धवन अपनी गर्लफ्रेंड और आयरलैंड की मॉडल सोफी शाइन से जल्द शादी करने जा रहे हैं। दोनों लंबे समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, यह कपल फरवरी में शादी करेगा। शादी से जुड़े कार्यक्रम फरवरी के तीसरे हफ्ते में दिल्ली-एनसीआर में आयोजित किए जाएंगे, जिसमें क्रिकेट और बॉलीवुड जगत की कई बड़ी हस्तियों के शामिल होने की संभावना है। शादी की तैयारियां पहले ही शुरू हो चुकी हैं। शादी की तैयारियों में शिखर धवन खुद सक्रिय रूप से शामिल हैं, ताकि किसी तरह की कमी न रह जाए।

कपल के रिश्ते को लेकर बीते कई महीनों से अटकलें लगाई जा रही थीं। ये अफवाहें तब तेज हुईं जब आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दौरान शिखर धवन को स्टैंड्स में सोफी शाइन के साथ देखा गया। इसके बाद सोशल मीडिया पोस्ट्स और सार्वजनिक कार्यक्रमों में दोनों की मौजूदगी से उनके रिश्ते की पुष्टि होती चली गई। रिपोर्ट्स के अनुसार, शिखर और सोफी की मुलाकात कुछ साल पहले दुबई में हुई थी। पहले दोनों दोस्त बने और बाद में यह दोस्ती प्यार में बदल गई।



### एसआईआर भाजपा के मोबाइल ऐप से हो रहा

एजेंसी ▸▸ गंगासागर

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग राज्य में चल रही एसआईआर प्रक्रिया में भाजपा की आईटी सेल के बनाए मोबाइल ऐप्स का इस्तेमाल कर रहा है। बनर्जी ने मंगलवार को साउथ 24 परगना जिले के सागर आइलैंड में कहा कि चुनाव आयोग एसआईआर करने के लिए हर तरह के गलत कदम उठा रहा है। यह एलिजिबल वोटर्स को मरा हुआ बता रहा है और बुजुर्ग और बीमार लोगों को सुनवाई में आने के लिए मजबूर कर रहा है।

## बांग्लादेश में 18 दिन में छठे हिंदू की हत्या

दुकानदार पर धारदार हथियार से हमला, बढ़ती हिंसा को लेकर फेसबुक पोस्ट किया था

एजेंसी ▸▸ ढाका

बांग्लादेश के नरसिंदी जिले में सोमवार रात एक हिंदू दुकानदार की धारदार हथियारों से हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 40 वर्षीय शरत चक्रवर्ती मणि के रूप में हुई है। यह बीते 18 दिनों में छठे हिंदू व्यक्ति की हत्या है।

शरत चक्रवर्ती मणि पलाश उपजिला के चारसिंदूर बाजार में अपनी किराना दुकान चला रहे थे। इसी दौरान अचानक पहुंचे अज्ञात हमलावरों ने उन पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल मणि को अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। 19 दिसंबर को मणि ने फेसबुक पर एक पोस्ट लिखकर देश में बढ़ती हिंसा पर चिंता जताई थी और अपने इलाके को मौत की घाटी बताया था।



### कल ही एक और हिंदू की गोली मारकर हत्या

5 जनवरी को ही जेसोर जिले में भी एक हिंदू व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मोनिरामपुर इलाके में एक आइस फैक्ट्री मालिक राणा प्रताप बैरागी की सार्वजनिक रूप से हत्या हुई। वे कपलिया बाजार में आइस फैक्ट्री चलाते थे और दैनिक बीडी खबर अखबार के कार्यकारी संपादक भी थे। रिपोर्ट के मुताबिक, बाइक पर सवार तीन हमलावर उन्हें फैक्ट्री से बाहर बुलाकर एक गली में ले गए और सिर में नजदीक से गोली मारकर फरार हो गए। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बदमाश गोली मारने के बाद मौके से फरार हो गए। बाद में पुलिस ने घटनास्थल से सात खाली कारतूस बरामद किए। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। हत्या के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हुआ है।

---

यूपी में ट्रेन में बम की खबर, इंस्पेक्टर ने डंडे से खींचा संदिग्ध बैग, केरल में 12 देसी बम बरामद

## गुजरात-कर्नाटक में 7 कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

गुजरात, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में मंगलवार को अलग-अलग जगहों पर बम से उड़ाने की धमकियां मिलीं। गुजरात की छह कोर्ट, उत्तर प्रदेश के मऊ रेलवे स्टेशन पर ट्रेन और कर्नाटक के मैसुरु जिला कोर्ट को धमकी दी गई। सभी मामलों में पुलिस और बम स्क्वॉड ने मौके पर जांच की, लेकिन किसी भी कोर्ट या ट्रेन से कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

वहीं, केरल के कन्नूर जिले में पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से 12 देसी विस्फोटक उपकरण बरामद किए हैं। सभी मामलों की जांच की जा रही है। गुजरात में हाईकोर्ट और 5 लोकल कोर्ट को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी मिली। सूरत की कोर्ट के ऑफिशियल ईमेल पर सोमवार रात 2 बजे धमकी भरा ईमेल आया था। सुबह जब कर्मचारियों ने ईमेल चेक किया तो पुलिस को सूचना दी। आणंद, राजकोट, अहमदाबाद और भरूच के सेशन कोर्ट को इसी तरह का ईमेल मिला। हालांकि, बम स्क्वॉड की जांच में कोर्ट से कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली। पुलिस के अनुसार, यह धमकी एलटीटीई (लिबरेशन टाइगर ऑफ तमिल ईलम) के नाम से दी गई है।





### अहमदाबाद ग्रामीण कोर्ट को सोमवार को भी धमकी मिली थी

अहमदाबाद ग्रामीण न्यायालय को सोमवार को भी धमकी का एक ईमेल मिला था। एक अज्ञात व्यक्ति ने न्यायालय की ईमेल आईडी पर ईमेल भेजकर कोर्ट रूम को उड़ाने की धमकी दी थी। सुबह धमकी का ईमेल मिलने के बाद कोर्ट का कामकाज रोक दिया गया था। हालांकि, जांच में कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली थी।

### यूपी के मऊ में काशी एक्सप्रेस खाली कराई बम होने की सूचना

- उत्तर प्रदेश के मऊ रेलवे जंक्शन पर मंगलवार सुबह काशी एक्सप्रेस (15018 डाउन) में बम होने की धमकी मिली। इसके बाद ट्रेन को स्टेशन पर रोका गया और यात्रियों को सुरक्षित स्थान पर उतारा गया।
- मऊ के एसपी एलामरन जी ने बताया कि सुबह करीब 9.30 बजे पुलिस कंट्रोल रूम में कॉल आया, जिसमें ट्रेन में बम होने की बात कही गई। उन्होंने कहा कि जैसे ही ट्रेन मऊ स्टेशन पहुंची, यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और हर कोच की पूरी जांच की गई। अब तक कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। प्रतीत होता है कि कॉल फर्जी था। हमारी निगरानी टीम स्त्रोत पता लगाने में लगी हुई है।

### जेयूएन में नारे लगे मोदी-शाह की कब्र खुदेगी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली की जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) में सोमवार रात कुछ छात्रों ने पीएम मोदी और अमित शाह के खिलाफ विवादित नारे लगाए। नारेबाजी का 35 सेकेंड का वीडियो मंगलवार को सामने आया। यह अब वायरल हो रहा है।

वीडियो में छात्र 'मोदी-शाह की कब्र खुदेगी, जेएनयू की धरती पर' नारे लगाते और गाते दिखे। बीजेपी प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने दावा किया है कि जेएनयू में यह प्रदर्शन उमर खालिद-शरजील के समर्थन में हुआ। यह विरोध प्रदर्शन नहीं, बल्कि राष्ट्रविरोधी विचारधारा का प्रसार है। कांग्रेस ने कहा है कि यह गुस्सा जाहिर करने का एक तरीका है। दरअसल, एक दिन पहले 2020 दिल्ली दंगों की साजिश मामले में सुप्रीम कोर्ट ने उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत देने से इनकार किया था। जेएनयू स्टूडेंट्स यूनियन की अध्यक्ष अदिति मिश्रा ने कहा कि हर साल छात्र 5 जनवरी 2020 को कैंपस में हुई हिंसा की निंदा करने के लिए विरोध प्रदर्शन करते हैं।

## महाकाल श्रृंगार



### चौडीकरण बनाम धीमी गति का सार

महाआयोजन के लिए तैयारी करने में जहां बडे निर्माणों में गति दिखाई देने लगी है वहीं चौडीकरण के कामों में धीमी गति का सार देखा जा रहा है। इस बार चौडीकरण के लिए शहर की सरकार ने ठेकेदारों को काम दिया है। हर 300 मीटर पर नया जिम्मेदार खडा किया गया है। उसे नाली,पोल सहित सभी काम को द्रुत गति से अंजाम देना चाहिए ,लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। जयसिंहपुरा का काम खोल दिया गया 3 माह से अधिक होने को आए हैं नाली निर्माण के साथ ही अन्य स्थितियों को देखा जाना चाहिए। कोयलाफाटक से कंठाल वाला हिस्सा भी धीमी गति के कारण चल रहा है। खजुरवाली मस्जिद से केडी गेट वाला हिस्सा भी इसी का शिकार हो रहा है। शहर के बाशिंदों ने अपने घरोंदों को खुद अपने हाथ से तोडकर यह जता दिया कि वे महाआयोजन के भागीदार हैं एवं विकास के पक्षधर हैं लेकिन इसके बाद भी साईड क्लीयर होने पर भी यहां कामों को अंजाम देने के लिए संबंधित जिम्मेदार गति नहीं ला पा रहे हैं या यूं कहें की कम से कम संसाधनों में काम को धीमी गति से चलाकर ज्यादा से ज्यादा बचत का गणित चलाया जा रहा है। इससे चौडीकरण की साईड के रहवासियों को बेवजह ही परेशानियों के दौर से दो-चार होना पड रहा है। उन्हें ये समझ नहीं आ रहा है कि साईड क्लीयर होने के उपरांत आखिर कामों की गति इतनी धीमी क्यों रखी जा रही है। जिन कामों को त्वरित गति से निपटाया जाना चाहिए उन्हें आखिर बैलगाडी की गति क्यों दी जा रही है। खुसूर-फुसूर है कि शहर की सरकार का पुराना रेकार्ड है। पिछली बार के महाआयोजन से पहले भी भी आगर रोड चौडीकरण का काम हाथ में लिया गया था। इस काम को सालों बाद भी पूरा नहीं कर पा रहे थे। अंत में तत्कालीन प्रशासनिक मुखिया से प्रदेश स्तर पर रिपोर्ट मांगी गई थी और इस चौडीकरण की सडक निर्माण का काम अंत में लोक निर्माण विभाग के माध्यम से प्रदेश के बडे ठेका कंपनी को दिया गया था जिसने धडाधड इस काम को पूर्ण कर दिया था। ऐसा न हो कि चौडीकरण के इन कामों के हाल भी ऐसे ही कुछ हो जाएं।

खुसूर फुसूर

### राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने महाकालेश्वर संध्या आरती में लिया दर्शन लाभ



**उज्जैन।** श्रीमती सावित्री ठाकुर, राज्य मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर जी की संध्या कालीन आरती में सम्मिलित होकर दर्शन लाभ लिए। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से माननीया मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर का स्वागत एवं सत्कार किया गया।

### 75 लाख रु. से संवर रहा नगर वन-नक्षत्र वाटिका, का काम अंतिम चरण में

**उज्जैन।** वार्ड 54 अंतर्गत मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना मद से करीब 75 लाख रुपए की लागत से बनाए जा रहे नगर वनझ्ननक्षत्र वाटिका का निर्माण कार्य अब पूर्णता की ओर है। सोमवार को महापौर मुकेश टटवाल ने अधिकारियों के साथ स्थल पर पहुंचकर शेष बचे कार्यों का निरीक्षण किया। महापौर ने बताया कि जिस स्थान पर पूर्व में नर्सरी और लकड़ियों का भंडारण होता था, उसी लगभग 1 लाख 5 हजार वर्गफीट (करीब 4.5 बीघा) क्षेत्र में नगर निगम उद्यान विभाग द्वारा कायाकल्प करते हुए नगर वन और नक्षत्र वाटिका विकसित की गई है। 8 से 10 हजार पौधे लगाए गए हैं। साथ ही यहां एक्युप्रेशर पाथ, सेल्फी प्वाइंट, गजीबो, पाथवे, प्राकृतिक जंगल, बच्चों के लिए झूले, ओपन जिम उपकरण जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। नक्षत्र वाटिका में राशि और ग्रहों के अनुसार पौधारोपण भी किया गया है।


**आवश्यकता है**

**(1 )अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की**
**कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6**
**(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो**
**कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)**

**बागड़िया न्यूज़ एजेंसी**
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161


सिगरेट के दाम डेढ माह पूर्व ही 20 फीसदी बढे, धार्मिक शहर में फुटकर व्यवसायियों को

# कालाबाजारी के चलते उंचे दाम में मिल रहा माल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

धार्मिक नगरी में कालाबाजारी पूरी तरह से सक्रिय हैं।सीधे तौर पर सिगरेट पीने वालों की जेब पर भाव बढने से पूर्व ही डाका डाला जा रहा है। तंबाकू उत्पाद पर कर बढाने की सूचना मिलने के बाद से ही यहां सिगरेट के दाम 20 फीसदी बढाकर मुनाफा कमाया जा रहा है। इसके चलते धुम्रपान करने वालों को न चाहते हुए भी उंचे दाम देकर सिगरेट लेना पड रही है।

धुम्रपान करने वालों के साथ सीधे तौर पर बाजार में लूट मची हुई है। उन्हें प्रति सिगरेट 2-4 रूपए अधिक देकर ही सिगरेट मिल पा रही है। फूटकर व्यापारियों का कहना है कि उन्हें थोक वाले दाम बढाकर ही माल उपलब्ध करवा रहे हैं ऐसे में जो10 सिगरेट का पैकेट 85 रूपए में मिलता था अब उन्हें वह 95 रूपए में दिया जा रहा है। इसके चलते बाजार में इसके दाम बढ गए हैं। फूटकर विक्रेताओं का कहना था कि अलग झ्नअलग किस्म की सिगरेट पर 2-4 रूपए दाम में इस तरह से बढोतरी हो गई है। थोक वालों ने पैकेट पर 1-2 रूपए तक दाम में बढोतरी करते हुए माल उपलब्ध करवा रहे हैं। पूर्व दर पर माल बाजार में नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में उन्हें न चाहते हुए भी ग्राहक से बढे हुए दाम लेना पड रहे हैं जिसमें उनका मुनाफा भी शामिल है।



### 2400 का डंडा 2750 में

फूटकर विक्रेता बताते हैं कि पूर्व में एक विशेष सिगरेट के 10 पैकेट का डंडा 2 हजार 400 रूपए में बाजार में थोक में मिल रहा था। तंबाकू उत्पाद पर करों में वृद्धि की जानकारी लगते ही थोक विक्रेताओं ने माल की शार्टेज बताना शुरू कर दिया था। हाल ही में माल ही देना बंद कर दिया। अधिक कीमत दो हजार 750 रूपए चुकाने पर वही माल उपलब्ध करवाया जा रहा है। ऐसे में फूटकर ग्राहक से मजबूरी में हमें प्रति सिगरेट 24 रूपए लेने पड रहे हैं।

### कालाधन पैदा होने की संभावना

फूटकर व्यवसायी बताते हैं कि सिगरेट में पूरा माल बिल का रहता है। कंपनी से मूल स्टाकिस्ट को बिल से ही माल जाता है। उसके बाद सब स्टाकिस्ट को माल मिलता है। ऐसे में अधिक दाम लेकर फूटकर व्यवसायी को माल उपलब्ध करवाने की स्थिति में कालाधन उत्सर्जित होना तय है। व्यवसायी को अगले एक से ढेड माह में होने वाली आय में अतिरिक्त दर की राशि कालाधन में ही शामिल रहेगी। ऐसे में जो बडी राशि कालाधन के रूप में उत्सर्जित होगी उसकी खपत भी उसी तरह से होना तय है।

### फूटकर व्यापारी परेशान, एजेंट नहीं आ रहे

फूटकर व्यवसायी बताते हैं कि बाजार में स्टाक है लेकिन अधिक दाम वसूलने के लिए फूटकर व्यवसायियों को माल नहीं दिया जा रहा है। मरता क्या न करता की तर्ज पर फूटकर व्यवसायी को दाम बढाकर लेने पर मजबूर किया जा रहा है। यहां तक की फूटकर व्यवसायी को एजेंट भी माल उपलब्ध नहीं करवा रहे हैं।

### फूटकर व्यवसायी को नुकसान


अधिक दाम के मामले में ज्यादा परेशानी फूटकर व्यवसायी को ही उठाना पड रही है। कई मामलों में तो उनके प्रतिदिन के ग्राहक भी टूट रहे हैं और विवाद की स्थिति भी बनने जैसे हाल हैं। फूटकर व्यापारी को तो सिर्फ अपनी मजदूरी भर ही इसमें मिलती है। मूल मुनाफा तो वे उठा रहे हैं जिनके पास सिगरेट का स्टाक है।

### शहर में स्थिति

फूटकर व्यवसायी-789
अन्य दुकान पर बिक्री-1500
थोक व्यवसायी-13
सिगरेट एजेंट-70
प्रतिदिन थोक व्यवसाय- करीब 17लाख
प्रतिदिन फूटकर व्यवसाय- करीब 25 लाख
स्त्रोत-फूटकर पान व्यवसायी।

# नीलगाय के आतंक से किसान परेशान, फसल हो रही बर्बाद

खाने से ज्यादा इनके पैरों से फसल को पहुंच रहा नुकसान



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

इन दिनों नीलगायों (घोड़ा रोज) का आतंक बढ़ गया है। वह किसानों की खेत में उग रही फसल को बर्बाद कर रही है। नीलगायों के झुंड के झुंड किसानों के खेतों में पहुंचकर फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। यह स्थिति पिछले कई वर्षों से है। उज्जैन जिले के कई ऐसे गांव है जहां पर किसानों की खेत में खड़ी गेहूं, चने की फसल को नीलगाय नुकसान पहुंचा रही है। उज्जैन जिले सहित अन्य जगह पर भी नीलगायों का जबरदस्त आतंक है तथा उनकी शिकायत लेकर किसान अधिकारियों के पास भी पहुंच रहे हैं। लेकिन किसानों की यह समस्या अभी तक दूर नहीं हुई है। किसान विशाल आंजना का कहना है कि उनकी फसलें नीलगायों का निवाला बन जाती है। खाने से ज्यादा उनके पैरों से फसल की बबार्दी हो रही है। यह समस्या किसी एक गांव के किसानों की नहीं है। बल्कि हर जगह एक समान स्थिति है। उज्जैन के आसपास के गांव नलवा, खैमासा, चंदू खेड़ी, बामोरा, मंगरोला, जवासिया, रत्नाखेड़ी, गोतमपुरा, इंगोरिया आदि गांव में गेहूं व चने की फसल को नीलगाय नुकसान पहुंचा रही है। इन गांवों के किसान नीलगायों के आतंक से बड़े परेशान हैं। कुछ किसानों का कहना है कि

अगर फसल को बचाना है तो किसानों का अपने खेत में जाल लगाकर या रतजगा कर फसल को बचाने की मजबूरी हो गई है। तभी फसल बच पाएगी अन्यथा किसानों के घर तक फसल पहुंच पाना मुश्किल काम हो गया है। वन्य प्राणी होने की वजह से नीलगायों को कोई मार भी नहीं सकता है ऐसे में आखिर करें तो क्या करें।

दैनिक अवंतिका के संवाददाता ने जब रत्नाखेड़ी में किसानों के खेतों का जायजा लिया तो एक किसान की गेहूं की फसल नीलगायों के पैरों तले दबने से खराब हो गई। कई किसानों ने उनके खेत में फसल को नुकसान पहुंचा रही नीलगाय के मोबाइल से वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डालकर नीलगाय से खराब हो रही फसल को बचाने की प्रशासन से मांग भी की है।

### हादसों का कारण भी बन रही नीलगाय...

अभी तक नीलगायों (घोड़ा रोज) की वजह से कई सड़क हादसे हो चुके हैं। जिसमें कई लोग अपनी जान गवां चुके हैं। नीलगाय खेतों एवं सड़क के किनारे से दौड़ते हुए सड़क पर आ जाने से कई बार हादसे हो चुके हैं जिसके कारण सड़कों से गुजरने वाले रहागीर भी परेशान हैं।

### समस्या के निदान के लिए कोई ठोस योजना नहीं...

नीलगायों ( घोड़ा रोज)के कारण किसान लंबे समय से परेशान है। वन विभाग एवं शासन द्वारा अब तक इस समस्या के निदान के लिए कोई ठोस योजना नहीं बनाई गई है। नीलगायों को पकड़ने के लिए योजनाओं पर चचाएँ भी नहीं हुई है यही वजह है कि आज भी खेतों में नीलगायों के झुंड दौड़कर किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रही हैं।

### 6000 भाव के लिए करोड़ों का सोयाबीन रुका

**उज्जैन।** सोयाबीन के 6000 भाव के लिए करोड़ों रुपए का सोयाबीन स्टॉक रुक गया। सोमवार को मंडी नीलाम में प्लांट वाला सोयाबीन 4900 से 5100 बिका। जबकि बीज वाले के 5200 से 5811 रुपए भाव रहे। 8 दिन में नए सिरे से सोयाबीन 150 रुपए भाव में तेज हो चुका है। दो करोड रुपए का सोयाबीन किसानों ने नीलामी में बेचा। भावांतर भुगतान योजना का 60% सोयाबीन आवक में बिका। 15 जनवरी तक भावांतर का सोयाबीन बिकेगा। इसके बाद ही मंडी आवक से तेजी-मंदी का पता चलेगा।

ठगी गई राशि को होल्ड कराने की प्रक्रिया होगी अब तेज, अत्याधुनिक कॉल सेंटर स्थापित करने की योजना

# बीते चार वर्षों में साइबर फ्रॉड के काला कारोबार 1124 फीसदी बढ़ा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

साइबर ठगों का नेटवर्क तेजी से फैल रहा है। बीते चार साल में साइबर फ्रॉड का काला कारोबार 1124 फीसदी तक बढ़ गया है। ठगों का सबसे बड़ा निशाना उज्जैन सहित प्रदेश के अन्य बड़े शहरों के लोग बन रहे हैं।

इसको देखते हुए साइबर जालसाजों द्वारा ठगी गई राशि को बैंक खातों में होल्ड (बचाने) कराने की प्रक्रिया को और तेज करने के लिए मप्र साइबर पुलिस मुख्यालय में 50 सीटों वाला एक अत्याधुनिक कॉल सेंटर स्थापित करने की योजना बनाई गई है, जो सातों दिन 24 घंटे सक्रिय रहेगा।

गौरतलब है कि मप्र में हर साल ठगों का नेटवर्क बढ़ता गया। साल 2025 में स्थिति बेहद गंभीर हो गई। उज्जैन जिले सहित पूरे प्रदेश में 62 हजार से ज्यादा लोग साइबर ठगों के जाल में फंस गए और ठगों ने कुल 551 करोड़ रुपए उड़ा लिए। औसतन हर दिन 178 लोग साइबर ठगी का शिकार हुए और ठग रोजाना 1.51 करोड़ रुपए की रकम ऐंठते रहे। इसको देखते हुए मप्र साइबर पुलिस मुख्यालय में एक अत्याधुनिक कॉल सेंटर स्थापित करने की योजना बनाई गई है। वर्तमान व्यवस्था के अनुसार, केंद्रीय गृह मंत्रालय के राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज होने के बाद मध्य प्रदेश पुलिस पीड़ितों से संपर्क करती है, जिसमें काफी कीमती समय बर्बाद हो जाता है। नए कॉल सेंटर के शुरू होने से प्रदेश से जुड़ी सभी शिकायतें सीधे भोपाल स्थित साइबर मुख्यालय पहुंचेंगी। इससे पुलिस को त्वरित कार्रवाई करने का मौका मिलेगा और एक विशेष टीम तत्काल बैंकों से संपर्क कर ठगी गई राशि को फ्रीज कराने का काम करेगी।

साइबर पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों ने बताया कि इस 24&7 कॉल सेंटर के निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है। जैसे ही वहां से हरी झंडी मिलती है, इसका निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इस नई व्यवस्था से न केवल ठगी गई राशि वापस मिलने की उम्मीद बढ़ेगी, बल्कि साइबर अपराधियों के नेटवर्क को तोड़ने में भी मदद मिलेगी। गौरतलब है कि साइबर विशेषज्ञों के अनुसार, ठगी के शुरूआती दो घंटे गोल्डन आवर कहलाते हैं। यदि पीड़ित इस अवधि के भीतर हेल्पलाइन पर सूचना दे देता है, तो पुलिस के लिए पैसा होल्ड कराना आसान होता है। कॉल सेंटर में तैनात विशेष टीम न केवल पैसा होल्ड कराएगी, बल्कि पीड़ितों को वह राशि वापस दिलाने के लिए जरूरी कानूनी प्रक्रिया और एनओसी दिलाने में भी मदद करेगी। साइबर ठगी के खिलाफ कार्रवाई के मामले में मध्य प्रदेश ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वर्ष 2024 में ठगी गई राशि होल्ड कराने के मामले में प्रदेश देशभर में 22वें स्थान पर था, जो वर्ष 2025 में छलांग लगाकर छठवें स्थान पर पहुंच गया है। आंकड़ों के अनुसार, बीते वर्ष प्रदेशवासियों से 581 करोड़ रुपये की ठगी हुई, जिसमें से पुलिस की सक्रियता के चलते 137 करोड़ रुपये होल्ड कराए जा सके।

# पाइप लाइन की होगी स्टडी:इंदौर की घटना के बाद शहर का नेटवर्क रेड-येलो-ग्रीन कैटेगरी में बंटेगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के बाद उज्जैन नगर निगम सतर्क हो गया है। शासन के निर्देश पर अब शहर की पूरी जलापूर्ति पाइप लाइन का अध्ययन किया जाएगा और उसका रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। नगर निगम कमिश्नर अभिलाष मिश्र ने बताया कि शहर की पाइपलाइनों को तीन श्रेणियों रेड, येलो और ग्रीन कैटेगरी में बांटा जा रहा है।

कमिश्नर अभिलाष मिश्र के मुताबिक, रेड कैटेगरी में पुरानी पाइप लाइनें शामिल होंगी, जिनमें लीकेज या दूषित पानी की आशंका अधिक होती है। इन पाइपलाइनों की प्राथमिकता के आधार पर जांच की जाएगी। येलो और ग्रीन कैटेगरी की पाइपलाइनों में रखरखाव और शिकायतों पर निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



कमिश्नर ने बताया कि शहर में चल रहे खुदाई और मरम्मत कार्यों के दौरान अक्सर पाइपलाइनों में लीकेज की समस्या उत्पन्न हो जाती है। अब यह सुनिश्चित किया जाएगा कि ऐसे मामलों में समयबद्ध तरीके से सुधार कार्य हो। निगम के पास कॉन्ट्रैक्ट एजेंसियां और तकनीकी टीमें मौजूद हैं, जिनके रिस्पॉन्स टाइम को बेहतर बनाने पर काम किया जा रहा है।

नगर निगम का ध्यान अब केवल सुधार कार्यों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि कंट्रोल रूम सिस्टम को भी पूरी तरह सक्रिय किया जाएगा। निगम मुख्यालय और चामुंडा माता क्षेत्र के कंट्रोल रूम के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा, ताकि नागरिकों की शिकायतों पर त्वरित प्रतिक्रिया दी जा सके।

कमिश्नर ने स्पष्ट किया कि इंदौर जैसी घटना उज्जैन में न हो, इसके लिए निवारक कार्रवाई की जा रही है। पाइप लाइन की स्थिति, उनकी उम्र, संभावित जोखिम और रखरखाव की पूरी जानकारी रिकॉर्ड में लाई जाएगी। इसके बाद आवश्यकतानुसार तुरंत सुधार कार्य कराया जाएगा।

नगर निगम का दावा है कि इस नई व्यवस्था के लागू होने से दूषित पानी की समस्या, लीकेज और शिकायतों पर नियंत्रण लगेगा, जिससे नागरिकों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा।

## तिल चतुर्थी पर महाकाल में सिद्धिविनायक गणेश का पूजन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मंगलवार को तिल चतुर्थी का पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर स्थित सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में विशेष पूजन-अर्चन किया गया, वहीं श्मशान घाट स्थित दस भुजानाथ गणेश मंदिर में गजक से अनूठा श्रृंगार किया गया।

महाकाल मंदिर परिसर में विराजमान अतिप्राचीन सिद्धिविनायक गणेश मंदिर में भगवान गणेश को तिल से बनी विभिन्न सामग्रियों का भोग अर्पित किया गया।

सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस अवसर पर भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन संपन्न हुआ।

भगवान गणेश को 56 प्रकार के तिल से बने व्यंजनों का भोग चढ़ाया गया, जिसके बाद शाम को भव्य महाआरती हुई।

देश के अलग-अलग इलाकों में मकर संक्रांति के पर्व को विभिन्न नाम से पहचाना जाता है। कोई कहीं संक्रांति कहता है तो कहीं पोंगल व कहीं खिचड़ी के नाम से पहचानता जाता है। खरमास समाप्त होने के बाद शुरू होंगे शुभ कार्य

# पंचांग गणना के मुताबिक 14 जनवरी को मकर संक्रांति?

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मकर संक्रांति हिंदू धर्म के सबसे बड़े त्योहार में से एक है। हर साल इसे बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। बहुत से लोग इसे खिचड़ी के नाम से भी पहचानते हैं। साल 2026 में इस त्यौहार की तारीख और शुभ मुहूर्त को लेकर थोड़ा असमंजस है।

संक्रांति का त्योहार 14 जनवरी को मनाया या फिर 15 जनवरी? तो चलिए पंचांग की गणना के अनुसार सूर्य का गोचर कब हो रहा है और कब यह महापर्व मनाया जाएगा।

पंचांग गणना के मुताबिक 14 जनवरी को सुबह 9:03 पर सूर्य देव धनु राशि से निकलकर मकर राशि में गोचर करेंगे। ऐसे में इसी दिन मकर संक्रांति मनाई जाएगी।



### मकर संक्रांति महत्व

मकर संक्रांति के महत्व की बात करें तो मान्यता है कि इस दिन से सूर्य उत्तरायण होते हैं। इसे देवताओं के दिन शुरू होने का संकेत माना गया है क्योंकि इस समय खरमास समाप्त हो जाता है। इस दिन से शादी, गृह प्रवेश, मुंडन संस्कार जैसे शुभ काम शुरू हो जाते हैं। 14 जनवरी 2026 को बुधवार का दिन है ऐसे में सुख समृद्धि के लिहाज से इसे काफी शुभ माना जा रहा है।

### यह रहेंगे शुभ मुहूर्त

मकर संक्रांति पर महापुण्यकाल 8:40 से शुरू होगा 9:04 तक रहेगा। वहीं पुण्यकाल का समय 8.42 मिनट बताया जा रहा है। अगर गंगा स्नान करना चाहते हैं तो इसका शुभ समय सुबह 9:03 से 10: 48 तक रहेगा।

### दान के नियम

मकर संक्रांति के पर्व को खिचड़ी के नाम से भी पहचानते हैं। इस दिन उत्तर भारत में विशेष रूप से दाल चावल की खिचड़ी बनाई जाती है और इसका दान भी किया जाता है।

इस दिन सुबह पुण्यकाल में स्नान करने के बाद सूर्य देवता को अर्घ्य दें उसके बाद खिचड़ी का सेवन करें।

इस दिन चावल, तिल, गुड़, कंबल, उड़द की दाल और नए वस्त्रों का दान शुभ माना गया है।

इस दिन सूर्य के मंत्रों का जाप जरूर करें। इससे कुंडली में सूर्य की स्थिति मजबूत होती है।

## न्यूज ब्रीफ

### विश्वशांति के लिए भक्तों ने किया पूजन, शिव को रमाई भस्म

**उज्जैन।** उज्जैन में श्री महाकालेश्वर के चरणों में अखिल भारतीय श्री स्वामी समर्थ सेवामार्ग द्वारा ऐतिहासिक भस्म लिंगार्चन समारोह संपन्न हुआ। गुरुमाऊली के सान्निध्य में लाखों सेवकों ने विश्वशांति, मानव कल्याण और संकट निवारण का सामूहिक आध्यात्मिक संकल्प लिया। ज्योतिर्लिंग स्वरूप में विराजमान भगवान श्री महाकाल काल के भी काल हैं। उनके चरणों में लाखों सेवकों द्वारा समर्पित की गई भस्म लिंगार्चन सेवा के कारण आने वाले समय में निश्चित ही विश्वशांति स्थापित होगी और समस्त मानव जाति का कल्याण होगा। ऐसे विचार अखिल भारतीय श्री स्वामी समर्थ सेवामार्ग के पीठाधीश गुरुमाउली ने व्यक्त किए। यह सुनते ही उपस्थित हजारों सेवकों ने एक स्वर में जय महाकाल का जयघोष किया, जिससे संपूर्ण कार्यक्रम स्थल गूंज उठा। काल पर अधिराज्य रखने वाले, अकाल मृत्यु और भय का निवारण करने वाले, दक्षिणाभिमुख एकमात्र ज्योतिर्लिंग श्री महाकालेश्वर की उज्जैन नगरी, परमपूज्य गुरुमाऊली के आगमन तथा स्वामी सेवकों के अपार उत्साह और सेवाभाव से गूंज उठी।

### राज्य स्तरीय युवा उत्सव आयोजन के लिए 23 संचालन समितियों का गठन

**उज्जैन।** उज्जैन में तीन दिनों तक युवा विद्यार्थियों का लघु कुम्भ लगने जा रहा है। जिसमें पूरे प्रदेश से 24 विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों का सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समागम होगा। सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय द्वारा 8, 9 एवं 10 जनवरी 2026 को आयोजित होने जा रहे तीन दिवसीय राज्य स्तरीय युवा उत्सव 2025-26 के आयोजन के लिए आवश्यक तैयारियों को संपन्न करने के लिए 23 विभिन्न संचालन समितियों का गठन किया गया है ।विद्यार्थी कल्याण संकायाध्यक्ष प्रो.एस.के. मिश्रा ने बताया कि आयोजन मार्गदर्शक समिति में प्रो. अर्पण भारद्वाज कुलगुरू, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय,कार्यपरिषद् सदस्य श्री राजेश सिंह कुशवाह, रूप पमनानी, वरूण गुप्ता , डॉ. संजय वर्मा, श्रीमती डॉ. कुसुमलता निंगवाल, श्रीमती मंजूषा मिमरोट, तथा प्रो. गोपालकृष्ण शर्मा, प्रो. राकेश ढांड, प्रो. शिव शंकर मिश्रा, प्रो. नितिन राने, डॉ. अनिल कुमार शर्मा कुलसचिव, सम्राट् विकमादित्य विश्वविद्यालय, प्रो.शैलेन्द्र शर्मा कुलानुशासक, प्रो. अंजना पाण्डेय, प्रो. एच अनिजवाल अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा म.प्र. शासन शामिल रहेंगे।आयोजन समन्वय समिति में मुख्य समन्वयक प्रो. डी. एम. कुमावत,सदस्यों में प्रो. अलका व्यास, प्रो.उमेश सिंह, प्रो.कमलेश दसोरा, जे. एस. तोमर वित्त नियंत्रक, डॉ.वंदना गुप्ता, डॉ.हरीश व्यास, डॉ.कल्पना सिंह तथा डॉ. प्रशांत पुराणिक रहेंगे।

### हॉकी व गतका की राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए चार खिलाड़ियों का चयन



**उज्जैन।** सांदीपनि शाउमावि जाल सेवा निकेतन के चार विद्यार्थी राजीव यादव, उज्ज्वल राठौर, भूमि तिवारी और इशिका गहलोत का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। स्कूल के व्यायाम शिक्षक ने बताया राजीव यादव का चयन 7 से 11 जनवरी तक उदयपुर में होने वाली राष्ट्रीय शालेय हॉकी प्रतियोगिता के लिए अंडर-19 वर्ग में मप्र के दल में हुआ है। साथ ही भूमि तिवारी, कुमारी इशिका गेहलोत और उज्जवल राठौर 6 से 11 जनवरी तक लुधियाना में होने वाली राष्ट्रीय शालेय गतका प्रतियोगिता के अंडर-19 वर्ग में मप्र की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों के चयन पर प्राचार्य , उप प्राचार्य और स्टाफ सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया।

### ट्रक ने लगाया ब्रेक, पीछे से टकराई तूफान

# उज्जैन-देवास मार्ग पर हादसा, 3 दर्शनार्थियों की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

देवास-उज्जैन मार्ग पर सोमवार-मंगलवार रात भीषण सड़क हादसा हो गया। लोहे के पाइप से भरे ट्रक में पीछे से आ रही तूफान गाड़ी जा घुसी गई। घटनाक्रम में तीन युवकों की मौत हुई है। 5 घायलों का उपचार चल रहा है। सभी तेलंगाना के रहने वाले थे और धार्मिक यात्रा पर निकले थे।

नागझिरी थाना एएसआई द्वारिका प्रसाद ने बताया कि रात 3:30 के लगभग ग्राम चंदेसरी बायपास सर्विस रोड के पास महादेव सर्विस एंड वाशिंग सेंटर के सामने ट्रक और तूफान गाड़ी के बीच भीषण टक्कर होने की सूचना मिली थी। मौके पर तूफान गाड़ी क्रमांक के ए 36 एन 0688 लोहे के पाइप से भरे ट्रक क्रमांक डीडी 03 जी 9524 के पिछले हिस्से में बुरी तरह फंसी हुई थी। तूफान गाड़ी में फंसे लोगों को बाहर बाहर निकाला गया और सभी को अस्पताल पहुंचाया गया, मौके पर क्रेन बुलाई गई जिसकी मदद से तूफान को ट्रक से खींच कर बाहर किया गया।



### गंभीर घायल को इंदौर रैफर किया



अस्पताल में सामने आया कि सड़क हादसे में नरसिम्हा पिता बालचंद्रप्पा 20 साल निवासी कांदीपुर जिला मेहबूब नगर थाना चित्रा कुंथाकुंटा तेलंगाना और जगन्नाथ पिता वेंकटेश 26 साल निवासी डोंगरांमपुर तहसील एवं जिला रायपुर कर्नाटक की मौत हो चुकी है। घायलों में केबी नरसिम्हा पिता नरसिम्हा 20 साल, शिवा कुमार पिता एलप्पा 25 साल, रामप्पा पिता बुटप्पा 45 साल, मलेश पिता नरसप्पा 30 साल, अरसिद पिता लक्ष्मण 11 साल और काशप्पा पिता चिन्ना रामुलु 20 साल घायल है। घायलों में शामिल शिव कुमार की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे इंदौर रेफर कर दिया। शिवकुमार की इंदौर एम व्हाय अस्पताल में कुछ देर बाद मौत हो गई। एएसआई द्वारिका प्रसाद के अनुसार मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा। उनके परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया जाएगा। वही एक मृतक का पोस्टमार्टम इंदौर में होगा।

### हादसे में मृतक जगन्नाथ था ड्राइवर

सड़क हादसे के बाद तूफान गाड़ी में सवार केबी नरसिम्हा ने पुलिस को बताया कि तेलंगाना से 12 दोस्त धार्मिक यात्रा पर निकले थे। उन्होंने शिरडी और ओंकारेश्वर के दर्शन कर लिए थे। उज्जैन महाकाल दर्शन करने के बाद अयोध्या जाना था। गाड़ी जगन्नाथ चल रहा था। सामने चल रहे ट्रक के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए थे जिसके चलते उनकी गाड़ी पीछे से जाकर टकराई है। पुलिस ने मामले में नरसिम्हा की शिकायत पर दुर्घटना का मामला दर्ज किया है।

### इंगोरिया में टैंकर बाइक की भिड़ंत

इंगोरिया थाना क्षेत्र के ग्राम खड़ोतिया ब्रिज पर सोमवार-मंगलवार रात 12 बजे के बीच एसिड टैंकर और बाइक के बीच भिड़ंत हो गई। बाइक पर सवार नितेश पिता अशोक पोरवाल 26 साल निवासी इंगोरिया की मौत हुई है। एएसआई दिनेश निनामा में बताया कि टैंकर को जप्त कर लिया गया है। जो सागर से चित्तौड़गढ़ की ओर जा रहा था। बाइक पर सवार मृतक बड़नगर मार्ग पर ग्राम चंदूखेड़ी में सोया एग्रो प्लांट में काम करता था जहां से ड्यूटी खत्म होने पर घर लौट रहा था।

# उज्जैन में अब लग रहे हैं सोलर ट्रैफिक सिग्नल

### सिंहस्थ की तैयारी, एआई से नियंत्रित होंगे, बिजली जाने पर भी नहीं रुकेगा ट्रैफिक



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में अब ट्रैफिक सिग्नल सौर ऊर्जा से संचालित होंगे। इससे बिजली गुल होने पर भी यातायात व्यवस्था बाधित नहीं होगी, जिससे चौराहों पर लगने वाले जाम और अफरा-तफरी से निजात मिलेगी।

सिंहस्थ 2028 और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए उज्जैन की यातायात व्यवस्था को आधुनिक बनाया जा रहा है। इसी क्रम में शहर में सौर ऊर्जा से चलने वाले ट्रैफिक सिग्नल लगाए गए हैं। नानाखेड़ा स्थित सी-21 मॉल के सामने लगे सिग्नल सहित चार अन्य स्थानों पर इनकी शुरूआत की गई है। ये सिग्नल फिलहाल टेस्टिंग मोड में हैं और जल्द ही पूरी तरह चालू हो जाएंगे। पुलिस मुख्यालय की पहल पर यह योजना प्रदेश के पांच शहरों - उज्जैन, इंदौर, भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर में लागू की गई है। उज्जैन में पहले चरण में चार प्रमुख चौराहों पर सोलर पैनल से संचालित ट्रैफिक सिग्नल स्थापित किए गए हैं।



### ट्रैफिक सिग्नल पॉइंट की संख्या 20

पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने जानकारी दी कि घासमंडी सांदीपनि चौराहा, सी-21 मॉल के सामने नानाखेड़ा, दौलतगंज चौराहा और खाकचौक चौराहा पर सोलर पावर से चलने वाले सिग्नल लगाए गए हैं। इन सिग्नलों में बैटरी बैकअप भी है, जिससे बिजली कटौती के दौरान भी ये लगातार चालू रहेंगे। प्रत्येक सोलर ट्रैफिक सिग्नल की स्थापना पर लगभग 14 लाख रुपए की लागत आई है। इन चार नए सिग्नलों के जुड़ने से उज्जैन में अब कुल ट्रैफिक सिग्नल पॉइंट की संख्या 20 हो गई है, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था और अधिक सुचारु तथा सुरक्षित होने की उम्मीद है।

# डायल 112 के आने से पहले चालक ने लगाई फांसी

### नशे में हंगामा करने पर भाई ने किया था कॉल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

रात में शराब पीकर रिक्शा चालक हंगामा कर रहा था, भाई ने डायल 112 को कॉल किया। पुलिस पहुंचती उससे पहले चालक ने फांसी लगा ली। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर नीचे उतारा।

गिरिराज रतन कॉलोनी में रहने वाला सुनील पिता मदनलाल मीणा 35 साल ई-रिक्शा चालक था। रात में नशा कर घर लौटा और हंगामा करने लगा और पत्नी के साथ गाली गलौज कर मारपीट पर उतारू हो गया। उसकी हरकतों से परेशान पत्नी कुछ दूरी पर रहने वाले जेठ किशोर मीणा के घर चली गई। पत्नी के जाने पर सुनील अपने भाई के घर भी पहुंच गया और चिल्ला पुकार मचाने लगा। भाई ने आए दिन की हरकतों के चलते डायल 112 पर कॉल कर दिया। सुनील को पता चला कि भाई ने पुलिस को बुला लिया है तो वह अपने घर पहुंच गया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। चिमनगंज थाने की डायल 112 गिरिराज रतन कॉलोनी पहुंची। किशोर मीणा ने अपने छोटे भाई का घर बताया। पुलिस ने दरवाजा खटखटाया तो सुनील ने नहीं खोला। काफी देर होने और अंदर से कोई जवाब नहीं मिलने पर पुलिस ने दरवाजा तोड़ा। सुनील फंदे पर लटका हुआ था। उसे तत्काल चरक अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# निगम ने जमातखाने की दीवार का मलबा हटाया



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कलालसेरी स्थित बोहरा जमातखाने की जर्जर दीवार गिरने की घटना के बाद सोमवार को नगर निगम द्वारा मलबा हटाने का कार्य किया गया। सुरक्षा कारणों से इस दौरान मार्ग को अस्थायी रूप से बंद रखा गया। रविवार शाम दीवार का एक हिस्सा गिरने के बाद निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर पूरी पुरानी दीवार को गिरा दिया था।

# सरकारी डॉक्टरों के चल रहे निजी अस्पताल

### स्वास्थ्य विभाग की मंशा पर उठ रहे सवाल, कई की शिकायत तक हुई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के सरकारी अस्पतालों में कार्यरत डॉक्टरों की ओर से खुद के निजी अस्पताल खोलने के मामले अब लगातार बढ़ते जा रहे हैं। शहर में ही 5 से 7 सरकारी डॉक्टर निजी अस्पताल या खुद का क्लिनिक खोलकर मरीजों से फीस लेकर उपचार कर रहे हैं। जिस पर न तो स्वास्थ्य विभाग ध्यान दे रहा हैं , ना ही जिला प्रशासन।

दरअसल, उज्जैन के विभिन्न सरकारी अस्पतालों में तैनात डॉक्टर अपनी सरकारी ड्यूटी के दौरान ही अपने निजी अस्पतालों में मरीजों को देख रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में मरीजों को इलाज देने के बजाय वे अपने निजी क्लीनिकों या अस्पतालों में ज्यादा समय बिता रहे हैं। जिससे सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।





इसके अलावा, सरकारी अस्पतालों में मरीजों को होने वाली लंबी प्रतीक्षा सूची और सुविधाओं की कमी की समस्या भी बढ़ती जा रही हैं। कई डॉक्टर तो मरीजों को अपने निजी अस्पतालों में ले जाकर लाखों वसूल रहे हैं। ऐसे कई मामलों में शिकायत भी हो चुकी हैं लेकिन अब तक उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। इससे प्रशासन की मंशा पर भी सवाल उठने लगे हैं। वहीं इस मुद्दे पर अब उज्जैन के लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि सरकारी डॉक्टरों का निजी अस्पताल चलाना न केवल सरकारी अस्पतालों की सेवाओं को प्रभावित करता है, बल्कि यह सरकार की नीतियों का उल्लंघन भी है। सरकारी अस्पतालों में मरीजों को उपचार देने के लिए तैनात डॉक्टर जब निजी प्रैक्टिस करेंगे, तो इसका असर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर पड़ेगा।

### पुलिस ने चाइनीज मांझे के 8 बोरे पकड़े: कार में भरकर लाया जा रहा था

# मकर संक्रांति के लिए सप्लाई करने का था प्लान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

जूनी इंदौर पुलिस ने सोमवार रात चाइनीज मांझे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस टीम ने एक कार से 8 बोरों में भरा चाइनीज मांझा ले जा रहे एक सिंधी व्यापारी को पकड़ा है। आरोपी के पास से सैकड़ों चाइनीज मांझे जब्त किए गए हैं। बताया जा रहा है कि वह मकर संक्राति के त्योहार को देखते हुए मांझा लेकर आया था। पुलिस उससे मांझा बेचने वाले व्यापारी के संबंध में पूछताछ कर रही है।

टीआई अनिल गुप्ता की टीम को सूचना मिली थी कि खातीवाला टैंक क्षेत्र में किराए से रहने वाले रवि राजानी ने बड़े स्तर पर चाइनीज मांझे का सौदा किया है और वह रात के समय एक कार में मांझा लेकर आने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस ने चेकिंग प्वाइंट लगाए और कार नंबर के आधार पर रवि को पकड़ा। कार की तलाशी लेने पर उसमें 8 बोरे चाइनीज मांझे से भरे हुए मिले। इसके बाद आरोपी से थाने में देर रात तक पूछताछ की गई। पुलिस यह जांच कर रही है कि वह मांझा कहां से लेकर आया था। इस मामले में आरोपी की कार भी जब्त कर ली गई है।




### द्वारकापुरी पुलिस ने दुकान की सील

द्वारकापुरी पुलिस को भी सूचना मिली थी कि सचिन चावला इलाके में एक दुकान से चाइनीज मांझा बेच रहा है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते हुए वहां से 5 चाइनीज मांझे जब्त किए। इसके बाद पुलिस ने दुकान को सील कर दिया। वहीं, तिलक नगर पुलिस ने भी सोमवार को इलाके में जनजागरण रैली निकाली और दुकानों पर जाकर सर्चिंग की। इस दौरान दुकानदारों को चाइनीज मांझे के उपयोग और बिक्री को लेकर समझाइश भी दी गई।

### नंदी हॉल में बैठकर किए दर्शन

# फैमिली मैन की अभिनेत्री निमरत महाकाल मंदिर पहुंचीं

### यादगार भूमिकाओं के लिए जानी जाती हैं अभिनेत्री

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जानी-मानी बॉलीवुड फिल्म अभिनेत्री निमरत कौर मंगलवार तड़के महाकाल मंदिर की भस्म आरती में शामिल हुईं। उन्होंने नंदी हॉल में बैठकर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया।

द लंचबॉक्स, एयरलिफ्ट जैसी फिल्मों और फैमिली मैन वेब सिरीज में अहम भूमिका निभाने वाली निमरत कौर सुबह करीब चार बजे महाकाल मंदिर पहुंची। वे भस्म आरती में शामिल होने के लिए आई थीं। इस दौरान उन्होंने नंदी हॉल में करीब दो घंटे से अधिक समय बिताया और भगवान महाकाल का पूजन-अर्चन किया। निमरत कौर ने देहरी से भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया और आने वाली फिल्मों के लिए भी आशीर्वाद लिया।



निमरत कौर ने कई फिल्मों में यादगार भूमिका निभाई है। खासतौर पर अक्षय कुमार के साथ एयरलिफ्ट और इरफान खान के साथ द लंचबॉक्स में उनकी भूमिका को काफी सराहा गया। इसके अलावा सजनी शिंदे का वायरल वीडियो और हाल ही में रिलीज हुई वेब सीरीज फैमिली मैन में भी उनकी एक्टिंग चर्चा में रही।

## न्यूज-कॉलम



### महासम्मेलन हेतु कोरकू कल्याण समिति द्वारा अनाज इकट्ठा किया गया

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर के कोरकू कल्याण समिति द्वारा ग्राम रायतलाई और झिरमिठी में आदिवासी एकता परिषद महाकुंभ महासम्मेलन हेतु अन्न संग्रह किया गया है। नेपानगर तहसील के ग्राम चेनपुरा में विशाल भव्य दिव्य आदिवासी एकता परिषद महासम्मेलन आयोजन किया जा रहा है। आगामी दिनांक 13, 14, 15 .को इस कार्यक्रम को सफल बनाने एवं आर्थिक सहयोग श्रमदान अन्न दान किया जा रहा है। समस्त आदिवासी भाई बहनों से निवेदन है कि इस कार्यक्रम अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सफल बनाने केलिए युवा शक्ति एवं नारी शक्ति से अपील की गई है। श्री केशवराम भीलावेकर हिरालाल मोरे आडा पटेल किसन महाराज बैठे कर ताराचंद मोरे बालीका पटेल समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहे है।

# कलेक्टर कार्यालय में किया गया जनसुनवाई का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर



प्रति मंगलवार की तरह आज भी कलेक्टर कक्ष में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस जनसुनवाई में आवेदक श्री दिलीप हरवाल निवासी बाजार फलीया ग्राम बडी खट्टाली ने आवेदन देकर बताया कि मेरे पास बी.पी.एल. कार्ड होने के बावजूद भी मुझे एक वर्ष से राशन प्रदाय नही किया जा रहा है, मुझे राशन प्रदाय करवाया जाये। उक्त समस्या के निराकरण हेतु कलेक्टर श्रीमती माथुर ने खाद्य आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि आवेदक की समस्या की जांच कर समय सीमा में निराकरण करना सुनिश्चित करे।

एक अन्य आवेदक जो कि आरी फलिया ग्राम राजावाट निवासी श्री चमारिया पिता गणसिया है ने बताया कि उनकी के.सी.सी. ऋण की बंधक ऋण पुस्तिका छुड़वाना है,आवेदक ने बताया कि मैने वर्ष 2022 में बैंक ऑफ इंडिया शाखा आलीराजपुर से के.सी.सी. ऋण लिया था। बैंक शाखा प्रबंधक द्वारा बैंक स्टेटमेंट उपलब्ध कराया गया, जिसमें बताया गया कि बंधक ऋण पुस्तिका प्राप्त करने के लिए तय की राशि जमा करना आवश्यक है।

मैं एकमुश्त समझौते के माध्यम से संपूर्ण बकाया राशि का भुगतान करना चाहता हूँ तथा खसरा रिकॉर्ड से बंधक हटवाना चाहता हूँ,इसके लिए मेरी के.सी.सी. ऋण की बंधक ऋण पुस्तिका मुक्त करायी जाए। कलेक्टर द्वारा उक्त आवेदक की समस्या के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया है।

एक अन्य आवेदन जोबट नगर के निवासियों द्वारा दिया गया कि नगर के खिजर कॉलोनी में प्रवेश हेतु एक संकरी गली है जिसका उपयोग कई सालों से बच्चों द्वारा विद्यालय जाने, मरीजो द्वारा अस्पताल जाने एवं क्षेत्र वासियो के आवागमन हेतु किया जा रहा है इस गली पर अतिक्रमण कर अपने निजी स्वार्थो के लिए बंद कर दिया गया है,जिससे हम नगर वासियो को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा हैं उक्त गली में आवागमन चालू करवाया जाए। उक्त आवेदन को कलेक्टर श्रीमती माथुर ने संबंधित विभाग को जांच कर निराकरण करने के निर्देश दिए।

इसी तरह संबल योजना की राशि दिलवाने, पारिवारिक विवाद , आर्थिक सहायता आदि से संबंधित कुल 17 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान जनसुनवाई कक्ष में संयुक?त कलेक्टर श्री मनोज गरवाल द्वारा भी जनसुनवाई की गई इस दौरान समस्त विभाग अधिकारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर नीतू माथुर के निर्देश पर जिले के नगरीय क्षेत्रों में पानी की टंकियों की सफाई

**आलीराजपुर ।** कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर के निर्देशन में जिले के समस्त नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छ जल प्रदाय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पानी की टंकियों की साफ-सफाई के निर्देश संबंधित नगर पालिका अधिकारियों को दिए गए। इन निर्देशों के परिपालन में जिले के विभिन्न नगरीय क्षेत्रों में जल प्रदाय टंकियों की सफाई कराई गई। आलीराजपुर नगरीय निकाय अंतर्गत कुल 5 जल प्रदाय टंकियों की सफाई की गई, वहीं जोबट नगरीय निकाय में 2 पानी की टंकियों तथा चंद्रशेखर आजाद नगर में भी 2 पानी की टंकियों की सफाई कराई गई। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना है। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के समस्त नगरीय निकायों को नगरीय नल जल प्रदाय योजनाओं से प्रदाय किए जा रहे पेयजल की गुणवत्ता की नियमित मॉनिटरिंग करे तथा जलजनित बीमारियों की रोकथाम हेतु आवश्यक सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। साथ ही पेयजल योजनाओं के सुचारू संचालन और गुणवत्ता मानकों के पालन हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### नवांकुर समितियों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया



**बुरहानपुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् जिला बुरहानपुर में आज जिला कार्यालय पर नवांकुर समितियों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया बैठक मे जन अभियान परिषद् के संभागीय अशासकीय सदस्य आदरणीय श्री विनोद मोहिने ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। श्री मोहिने ने नवांकुर समितियों से परिचय एवं कार्यो की जानकारी प्राप्त करने के बाद नवांकुर समितियों को कार्य क्षेत्र मे सामाजिक सरोकारों के कार्यो को करने एवं आदर्श गांव की कल्पना मे क्या कार्य कर नवांकुर समितियां अपनी पहचान अपने कार्यो से कर सकती हैं इसकी जानकारी प्रदान की गई। आपने शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, नशा मुक्ति, महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर अभियान करते हुए प्रस्फुटन समिति के माध्यम से कार्य करने हेतु नवांकुर समितियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक जन अभियान परिषद् मनीष कुवादे ने नवांकुर समितियों के कार्यो का का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया साथ ही जिले मे होने वाले कार्यो की जानकारी से अवगत करवाया। विकासखण्ड समन्वयक खकनार अमजद खान ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिले की नवांकुर समितियां उपस्थित रही।

# जीवन में हर कार्य बड़ों को पुछकर करना चाहिए - पूज्य गुरूदेव पुष्पानंदन जी





### दूसरे दिन शिवमहापुराण कथा में अर्धनारीशवर की झांकी की सुन्दर प्रस्तुति

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर

जीवन में कभी भी कोई कार्य करो तो बड़ो से पुछकर करना चाहिए। बड़े लोग हमेशा सही राह दिखाते है व अपने अनुभव से सही राय देते है। बच्चों को हमेशा मोबाईल से दूर रखना चाहिए। मोबाईल चलाने से बच्चों का मानसिक विकास धीमें होता है। इश्वर शिव है, शिव ही राम है, राम ही कृष्ण है। भगवान ब्रह्मा, विष्णु व महेश है। पैदा करने वाला नही, पालने वाला बड़ा होता है। राम व भगवान का नाम लेने से जीवन का कल्याण होता है।

उपरोक्त विचार आलीराजपुर नगर में वैष्णव धाम पर वैष्णव ग्रुप द्वारा आयोजित शिवमहापुराण कथा के दूसरे दिन अंतराष्ट्रीय कथावाचक पं. परम श्रद्धेय श्री पुष्पानंदन जी महाराज (पवन तिवारी जी) कांटाफोड़ वाले ने व्यासपीठ से कही। व्यासपीठ का पूजन प्रहलाद कोठारी, प्रमोद मंत्री एवं अमित मंत्री परिवार ने किया व आरती का लाभ लिया। कथा नीमचौक, एम.जी. रोड़ पर आयोजित की जा रही है। आगे पूज्य पण्डित पुष्पानंदन जी ने कहा कि भगवान शंकर की ज्योति से कालभैरव प्रकट हुए। ज्ञान व संपत्ति का उपयोग करने के लिए गुरूमंत्र लेना चाहिए। गुरू ज्ञान का प्रकाश देता है व अंधकार दूर करता है। गुरू भक्त और भगवान के बीच में तार जोड़ता है व कनेक्शन जोड़ता है। शंकर करूणा से प्रकट होते है। पंचों को परमेश्वर कहा जाता है। जीवन में संकट आये तो भगवान शंकर का नाम लो। जीवन में हमेशा मस्त रहो, आनन्द में रहो। आगे पण्डित जी ने कहा कि जल चढ़ाने की विधि समझाते हुए कहा कि हमेशा जल ताम्बे के लोटे से चढ़ाना चाहिए। मनुष्य को भगवान सत्यनारायण जी की कथा अवश्य करना चाहिए। पण्डित जी ने कथा करने की विधि भी बतायी। अंत में पण्डित जी ने ओम शब्द का विस्तार से उच्चारण बताया। पण्डित जी ने आज अर्धनारीश्वर लीला का भी वर्णन किया।

मीडिया प्रभारी कृष्णकान्त बेड़िया ने बताया कि आज पाण्डाल में अर्धनारीश्वर का झांकी का चित्रण किया गया। अर्धनारीश्वर का पात्र पूजा परवाल ने बखुबी निभाया। संचालन तपस्या सोनी ने किया। कथा 10 जनवरी तक चलेगी। कथा का समय शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक है। दूसरे दिन पाण्डाल पूरा भर जाने से अतिरिक्त कुसीर्या लगाना पड़ी। जैसे ही पुज्य पण्डित जी ने भजन च्प्तवार के बिना ही मेरी नाव चल रही हैच्, च्मैं तो नही हुॅ काबिल, तेरा प्यार कैसे पाउ, टुटी हुई वाणी से गुणगाण कैसे गाउ, तेरी प्रेरणा से ये कमाल हो रहा है,च्, च्तेरा ही सहारा है, मेरे भोले बाबा, मेरा ही सहारा है, भोले बाबाच्, च्हरि ओम में ओम समाया है, भोले बाबा नगर में आया है गाया, तो पूरा पाण्डाल नृत्य व गरबा रास से झुम उठा। कथा के अंत में महाआरती के साथ महाप्रसादी का वितरण हुआ। निवेदक वैष्णव ग्रुप ने आलीराजपुर नगर व आसपास के नगर की समस्त धर्मप्रेमी जनता से सादर अनुरोध किया है कि इस मंगलमय आयोजन में सहपरिवार पधारकर दिव्य रसमय कथा का श्रवण कर आनन्द उठाये। संचालन तपस्या सोनी ने किया।

# नौकरी दिलाने के नाम पर 2.78 लाख की ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

## खरगोन पुलिस की बड़ी कार्रवाई, ठगी की पूरी राशि बरामद

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर



नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करने वाले आरोपी को खरगोन पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ठगी की गई पूरी राशि 2 लाख 78 हजार 400 रुपये भी जप्त कर ली है। थाना मंडलेश्वर पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 20 दिसंबर 2025 को फरियादी अरुण निवासी ग्राम मुरल्ला सहित कुल 7 व्यक्तियों ने थाना मंडलेश्वर में शिकायत दर्ज कराई थी कि अजय पिता हरिराम मंशोरे निवासी ग्राम छोटी खरगोन, थाना मंडलेश्वर ने नौकरी लगवाने का झांसा देकर उनसे कुल 2,78,400 रुपये की धोखाधड़ी की है और इसके बाद फरार हो गया। शिकायत के आधार पर थाना मंडलेश्वर में अपराध क्रमांक 370/2025, धारा 318(4) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री रविंद्र वर्मा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती शकुन्तला रुहल एवं एसडीओपी मंडलेश्वर श्रीमती श्वेता शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मंडलेश्वर उप निरीक्षक दीपक यादव के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया।पुलिस टीम द्वारा आरोपी की लगातार तलाश की गई। आरोपी शातिर किस्म का होने से बार-बार अपने ठिकाने बदल रहा था।

संभावित स्थानों पर दबिश दी गई तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। अंततः पुलिस को सफलता मिली और आरोपी अजय मंशोरे को गिरफ्तार कर लिया गया।पूछताछ के दौरान आरोपी ने नौकरी के नाम पर ठगी करना स्वीकार किया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने ठगी की गई पूरी राशि 2,78,400 रुपये विधिवत जप्त की। आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।इस संपूर्ण कार्रवाई में एसडीओपी मंडलेश्वर श्रीमती श्वेता शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उप निरीक्षक दीपक यादव के नेतृत्व में प्रवीण निकुम, रमेश वास्कले, संजय , अनिल ,दिनेश, गुमानसिंह, अमित, अभिषेक एवं राजकुमार दुबे का विशेष योगदान रहा।

### खरगोन में चेक बाउंस के आरोपी नतीन मालवीय को 2 साल की सजा

**खरगोन।** चेक बांउस के आरोपी नितीन मालवीय को कोर्ट ने 2 साल की सजा सुनाई है। अधिवक्ता रिकेश जैन इंदौर ने बतया की राकेश चौधरी को 22,50,000/- का चेक 3 साल पहले दिया था। राकेश ने बैंक जाकर चेक लगाया तो वह बाउंस हो गया। इसके बाद राकेश ने न्यायालय में परिवाद दायर किया। प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट पीठसीन अधिकारी श्री रोहित कुमार ने 17 दिसंबर 2025 को निर्णय पारित होकर नितीन मालवीय ज्योति नगर, खरगोन को दोषी पाते हुए 2 साल की सश्रम कारावास क्षति के लिए 22.50.000/- प्रतिकर के रूप में और परिवाद प्रस्तुती दिनांक से चेक राशी पर 9 प्रतिशत प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर से राशि 26,32,250/- अदा करने का निर्णय दिया।

### चुंपय्या मण्डल व पुरा मण्डल में हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम का भुमि पूजन हुआ

**टाण्डा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चुंप्पया मण्डल व पुरा मण्डल में हिंदू सम्मेलन के आयोजन हेतु मंगलवार को भुमि पूजन किया गया। जिसमें दोनो मंडल के सभी गांवों से हिन्दू समाज के वरिष्ठ लोग एकत्रित हुए, भूमि पूजन के पूर्व बैठक भी हुई जिसमें आगामी हिंदू सम्मेलन के लिए मंडल एवं सभी गांव की समिति बनाई गई और आयोजन के लिए सभी कार्यों, एवं व्यवस्था के लिए अलग - अलग टोली का निर्माण किया गया। भूमि पूजन मे पूरा व चुंप्पया मंडल के सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे, हिन्दू सम्मेलन का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास से आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन को संत महात्मा, संघ के वक्ता सम्बोधित करेंगे।,आयोजन मे दोनों मंडल के सभी गांवों से प्रत्येक हिंदू घर से हिंदू सम्मेलन में सम्मिलित होंगे, भुमि पुजन में संयोजक भाया सरपँच, जुवानसिह,भूरसिंह, धनसिंह, कुँवरसिंह,भीमसिंह, शंकर, रमेश, आदि सदस्य उपस्थित रहे।



### दाहोद खरगोन मार्ग पर चौड़ीकरण, पोल शिफ्ट का कार्य जल्द शुरू होगा

**आलीराजपुर।** शहर की प्रमुख मार्ग दाहोद खरगोन में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए जल्द ही पोल शिफ्ट कर मार्ग चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। यह जानकारी कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने दी। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने बताया कि शहर के मध्य इस मार्ग पर यातायात का अत्यधिक दबाव रहता है, जिससे कारण आए दिन जाम की स्थिति बनती है। समस्या के स्थायी समाधान के लिए पोल शिफ्ट कर सड़क चौड़ीकरण की योजना पूर्व में बनाई गई थी , वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त स्वीकृति एवं बजट के बाद इस योजना को अब मूलरूप दिया जाएगा। जल्द ही नियमानुसार कार्यवाही कर कार्य प्रारंभ कर मुख्यालय पर लोगो को आवगमन में राहत मिलेगी । सहायक प्रबंधक एमपीआरडीसी श्री प्रदीप चौहान ने बताया कि पूर्व में इस योजना के कलेक्टर श्रीमती माथुर द्वारा वरिष्ठ कार्यालय को पत्र के माध्यम से अवगत कराया ,वरिष्ठ कार्यालय से मांग अनुसार स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है।

### क्षेत्र में लाल मुरुम का अवैध उत्खनन जोरों पर

**खंडवा/बीड़।** बीड़ मूंदी क्षेत्र में लाल मुरूम का अवैध व्यापार जोरों पर है, जबकि क्षेत्र में मुरूम की कोई खदान नहीं है। इसके बावजूद, क्षेत्र में चल रहे नवीन निर्माण कार्यों में मुरूम रेत का उपयोग हो रहा है ग्राम पंचायतों के जारी निर्माण में मुरुम का उपयोग हो रहा है जिससे शासन को लाखों रुपये की रॉयल्टी की चोरी हो रही है। जिम्मेदार अधिकारी और विभाग इस मामले में आंखें मूंदे बैठे हैं। समय-समय पर नाम मात्र की कार्रवाई कर रसम अदायगी कर दी जाती है ।

### कृषि विज्ञान केंद्र आलीराजपुर में ई -विकास प्रणाली हेतु दिया प्रशिक्षण

**आलीराजपुर।** जिले में किसानों को सुलभता, सरलता, रियल टाइम और पारदर्शिता के साथ उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई ई-विकास प्रणाली के क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र, आलीराजपुर के सभागार में हुआ। प्रशिक्षण हेतु नियुक्त मास्टर ट्रेनर्स ?द्वारा प्रथम सत्र के दौरान ई-टोकन प्रणाली के तकनीकी पहलुओं, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन और पारदर्शी लेनदेन करने के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। द्वितीय सत्र में जिले की समस्त सहकारी समितियों के प्रबंधकों एवं पंजीकृत निजी थोक एवं रिटेल उर्वरक विक्रेताओं को खुदरा स्तर पर ई-टोकन सिस्टम के प्रयोग, किसानों को सेवा प्रदान करने की प्रक्रिया और सिस्टम में होने वाली संभावित चुनौतियों के समाधान से संबंधित मार्गदर्शन दिया गया।अधिकारियों ने बताया कि इस नई तकनीकी पहल से न केवल किसानों को उर्वरक की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित होगी,बल्कि उर्वरक वितरण में पारदर्शिता और दक्षता भी बढ़ेगी।

### भारत सरकार ने डॉ. मीनेश शाह ( चेयरमेन, एनडीडीबी ) के कार्यकाल की अवधि बढ़ाई

**इन्दौर।** भारत सरकार द्वारा डॉ. मीनेश शाह (चेयरमेन, एनडी डीबी) के कार्यकाल को 3.5 वर्ष की अवधि के लिए बढ़ाए जाने पर एमपी स्टेट कोआपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड (एमपीसीडीएफ) भोपाल, मध्यप्रदेश एवं संबद्ध सभी सहकारी दुग्ध संघ तथा सॉची परिवार के साथ इंदौर सहकारी दुग्ध संघ के सीईओ बलबीर शर्मा ने हार्दिक बधाईयां एवं शुभकामनाएं दी।




**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-15**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- नेहा रजनी पिता हूलारामजी पता-1, कुंजवन कालोनी इन्दौर पिन- 1001206670 वार्ड क्रं. 19 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 15 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-15 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-7**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता-बुधसेन पिता श्री फुलजारीलाल जैन क्रेता- नेहा पति श्री आवेश दुबे वार्ड क्रं. 34 पता- 819 सेक्टर-ए-1 स्कीम नं. 136 इन्दौर पिन- 1000991535 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 7 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-7 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-7**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता-प्रतीभा पति पुरुषोत्तम धर्माधिकारी क्रेता- मधुलता पति स्व. बी.एन. आस्थाना वार्ड क्रं. 33 पता- प्र.क्रं. 203 ब्लाक-के शालीमार बंगलो पार्क इन्दौर पिन- 1000940949 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 7 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-7 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-7**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता-त्रिलोक पिता कमलेश मेहता क्रेता- पुष्पा पति जमनाप्रसाद, गिरीश पिता जमनाप्रसाद वार्ड क्रं. 34 पता- 156 सेक्टर ए-2 स्कीम नं. 136 इन्दौर पिन- 1000989509 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 7 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-7 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-7**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता-किरण पति बलराम तिलोरे क्रेता- अवधेश पिता स्व. अनोखीलाल जोशी वार्ड क्रं. 34 पता- 95 एल-6 सेक्टर-ए स्लाईस-1 स्कीम नं.78 इन्दौर पिन- 1000994083 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 7 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-7 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-20**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्री कोमलचंद्र जैन पिता स्व. बाबूलाल जैन, श्री मनोहर जैन पिता स्व. बाबूलाल जैन पता-373, रामानंद नगर इन्दौर पिन- 1001273458 वार्ड क्रं. 19 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 20 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-20 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-7**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता-प्रगति पति स्व. योगेन्द्र यादव एवं अन्य क्रेता- सुवर्णा पति सुनील पाटिल वार्ड क्रं. 34 पता- 608-बी वसुंधरा गेलेक्सी गोल्डन पालम्स इन्दौर पिन- 1001002921 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 7 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-7 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद पीथमपुर जिला धार (म.प्र.)**

क्रमांक/8357/न.पा./25 पीथमपुर, दिनांक 31.12.2025

**द्वितीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्न लिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रं. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD 472110 | वार्ड क्रं. 8 में मकान नं. सी-1 से हाट बाजार तक सी.सी. रोड निर्माण | 03 माह 24.09 लाख | 2000/- 18068/- | 15.01.2026 |
| 2. | 2025_UAD 472115 | वार्ड क्रं. 18 मरीमाता टेकरी पर आंगनवाड़ी भवन निर्माण | 03 माह 10.58 लाख | 2000/- 7935/- | 15.01.2026 |

मुख्य न.पा.अधिकारी न.पा. परिषद पीथमपुर

(श्रीमती लीला महेश पथरिया) प्रभारी लो.नि.वि. नगर पालिका पीथमपुर

(श्री पप्पू असोलिया) उपाध्यक्ष नगर पालिका पीथमपुर

(श्रीमती सेवन्ती सुरेश पटेल) अध्यक्ष नगर पालिका पीथमपुर

खास न्यूज

## होटल-ढाबों पर आबकारी विभाग टीम की दबिश

**उज्जैन।** अवैध शराब परिवहन के साथ होटल-ढाबों पर शराब परोसने वालों के खिलाफ आबकारी विभाग की टीम लगातार अभियान चला रही है। सोमवार-मंगलवार रात टीम ने उज्जैन-तराना तहसील की होटल-ढाबों पर दबिश मारकर चैकिंग की। आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी मुकेश रंधा ने बताया कि तराना क्षेत्र के फ्रेंडस ढाबा, अपना ढाबा के साथ उज्जैन नगर निगम सीमा के तड़का ढाबा, बाबा ढाबा, स्वागत ढाबा, नानू ढाबा, कालिका ढाबा, मांझी ढाबा पर चैकिंग के दौरान अवैध शराब के मामले सामने आये। रातभर चली चैकिंग में 8 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई। जिनके खिलाफ मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1), 36 (ए), 36 (बी) का प्रकरण दर्ज किया गया है। प्रभारी अधिकारी रंधा के अनुसार आबकारी की अलग-अलग टीम नववर्ष की पूर्व संध्या से लगातार जिले में चैकिंग अभियान चला रही है।

## रेलवे ट्रेक से मृत मिले युवक की नहीं हुई पहचान

**उज्जैन।** ग्राम नईखेड़ी और रातडिया के बीच रेलवे ट्रेक से सोमवार देर शाम एक युवक की लाश क्षत-विक्षप्त हालत में भैरवगढ़ थाना पुलिस ने बरामद की थी। शव को चरक अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। एएसआई राजेश सौराष्ठी ने बताया कि उज्जैन से रतलाम जा रही साबरमती एक्सप्रेस से गिरने पर युवक की मौत होना सामने आया है। उसके पास से पहचान का कोई दस्तावेज और टिकट नहीं मिला है। मृतक की उम्र 40 से 45 साल के लगभग है। उसने आसमानी रंग की जींस, चाकेलटी रंग की जरकीन पहन रखी है। उसकी पहचान के प्रयास किये जा रहे है। मंगलवार शाम तक कुछ पता नहीं चल पाया था। अगर बुधवार दोपहर तक परिजनों की जानकारी सामने नहीं आई तो शव का पोस्टमार्टम कराकर दफनाने की प्रक्रिया पूरी कर जायेगी। मृतक के ट्रेन की चपेट में आने की सूचना स्टेशन मास्टर की ओर से प्राप्त होने पर मर्ग कायम किया गया है।

## पंचायत भवन निर्माण कार्य को लेकर हुआ विवाद

**उज्जैन।** झारड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम खरडिया मानपुर में नवीन पंचायत भवन निर्माण कार्य को लेकर 2 पक्षों में विवाद की स्थिति बन गई। मामला मारपीट में बदला और लाठी-डंडे चल गये। एक पक्ष से हाकम पिता बालूसिंह सौंधिया ने शिकायत दर्ज कराई कि सरकारी जमीन पर पंचायत द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उपसरपंच कुशालसिंह से कहा कि यह जमीन गौचर के लिये रखी गई है। यहां पर निर्माण नहीं कर सकते। इसी बात पर कुशालसिंह ने गाली-गलौच करते हुए लाठियों से हमला किया है। वहीं दूसरे पक्ष से गोविंद पिता नारायणसिंह सौंधिया निवासी ग्राम कछालिया चांद ने शिकायत दर्ज कराई कि ग्राम पंचायत भवन खरडिया मानपुर के पास आरोपी हाकमसिंह ने कार्य के दौरान आकर बोला किया जमीन पंचायत भवन के लिये नहीं है। गांव के पंडित को खेती के लिये दी गई है। जमीन पंचायत भवन की होने बताई गई तो हाकमसिंह ने डंडे से मारपीट की है। झारड़ा थाना पुलिस के अनुसार मामले में दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रास प्रकरण दर्ज किया गया है। दोनों घायल हुये थे, जिनका मेडिकल परीक्षण कराया गया है।

# कार्तिक मेला ग्राउंड पर कंजर-पारदी समुदाय में पत्थरबाजी

## पुलिस ने विवाद करने वालों को खदेड़ा, ग्राउंड में बने डेरे कराये खाली

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

क्षिप्रा नदी किनारे कार्तिक मेला ग्राउंड में मंगलवार शाम पारदी-कंजर समुदाय के साथ सांठिया समाज के युवकों में विवाद हो गया। कुछ देर में मामला पत्थरबाजी और लट्ठबाजी में बदल गया। पथराव की खबर मिलते ही महाकाल थाना पुलिस का बल मौके पर पहुंचा। सभी को खदेड़ा गया और ग्राउंड पर बने डेरों को खाली कराया गया।

कार्तिक मेला ग्राउंड और आसपास कंजर-पारदी के साथ सांठिया समुदाय के लोगों ने अपने डेरे जमा रखे है। शाम को कुछ युवक मेला ग्राउंड में बैठकर शराब पी रहे थे। जिनके बीच समुदाय में हुई शादी की बात को लेकर विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ गया कि एक ओर से लाठियां निकल आई, दूसरी ओर से पत्थरबाजी शुरु हो गई। कुछ देर में माहौल



अफरा-तफरी में बदल गया। मेलाग्राउंड में पथराव की खबर मिलते ही महाकाल थाना सीएसपी राहुल देशमुख, प्रभारी गगन बादल, पूरी टीम के साथ मौके पर पहुंच गये। अतिरिक्त पुलिस बल भी बुला लिया गया। विवाद करने वालों का खदेड़ा गया, इस दौरान सामने आया कि ईश्वर पिता कचरू 70 साल, काला पिता प्रहलाद 18 साल और करण पिता मोहनलाल 27 साल को पत्थरबाजी और लट्ठबाजी में चोंट लगी है। जिन्हे उपचार के लिये चरक अस्पताल भेजा गया। सीएसपी देशमुख ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। घायलों के बयान दर्ज किये जायेगें। जिसके आधार पर प्रकरण दर्ज कर आगे की विवेचना की जायेगी।

### विवाद के बाद ग्राउंड से हटाये गये डेरे

कार्तिक मेला ग्राउंड में कंजर-पारदी और सांठिया समुदाय के लोगों ने अपने डेरे लगा रखे है। समुदाय के लोगों द्वारा कंठी-माला, खिलौने बेचने के साथ बडे धार्मिक आयोजनों के दौरान पर्स, मोबाइल चोरी की वारदातों को भी अंजाम दिया जाता है। शाम को हुए विवाद के बाद पुलिस ने मेला ग्राउंड और आसपास बने समुदायों के डेरों को खाली कराया। पूर्व में भी कई बार पुलिस डेरे हटा चुकी है, लेकिन पुलिस के अपने कार्यों में व्यस्त होने पर समुदाय फिर से अपने डेरे जमा लेता है।

# सिलारखेडी डेम प्रोजेक्टः विस्फोट से ग्रामीण घबराए, ईई बोले सख्त पत्थर हटाए

## मामला जलसंसाधन मंत्री एवं प्रशासन तक पहुंचा, अभी तालाब में पानी नहीं

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शिप्रा को प्रवाहमान रखने के लिए सिलारखेडी-सेवरखेडी प्रोजेक्ट के तहत हाल ही में विस्फोट का सहारा जल संसाधन विभाग ने लिया है। इससे क्षेत्र के ग्रामीण घबराए हुए हैं और मामला जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट तक पहुंचा है। ग्रामीणों के भय एवं घबराहट से जिला प्रशासन को भी अवगत करवाया गया है। विभाग के कार्यपालन यंत्री मयंकसिंह का कहना है कि डेम फाउंडेशन में हार्ड राक को तोडने के लिए विस्फोट किया गया है और वह भी सरफेस पर । इससे किसी प्रकार की परेशानी होने का सवाल ही नहीं उठता है।

शिप्रा को सतत प्रवाहमान रखने के लिए सिलारखेडी-सेवरखेडी प्रोजेक्ट पर तेजी से काम चल रहा है। इसके तहत सिलारखेडी तालाब को गहरा किया जा रहा है और यहां डेम बनाकर उससे शिप्रा में पानी छोडने की प्रक्रिया की जाएगी। इस काम को सिंहस्थ पूर्व वषार्काल से पहले तक पूरा किया जाना है। वर्तमान में यहां डेम के 6 में से एक 1 गेट निमार्णाधीन है। पंप हाउस के चैंबर के फाउंडेशन का निर्माण कार्य पूर्ण हो कर वॉल निर्माण का कार्य प्रगतिरत है। इस निर्माण के पूर्ण होने पर सिहंस्थ 2028 में शिप्रा के जल से ही श्रद्धालुओं को स्नान करवाया जाना तय है।

### ग्रामीणों में भय एवं घबराहट

डेम के गेट एवं पंप हाउस के फाउंडेशन निर्माण के लिए यहां पर सख्त बडे पत्थरों को तोडने के बाद ही निर्माण की शुरूआत की जा रही है। छोटे पत्थरों को मशीन से तोडा जा रहा है और बडे पत्थरों को तोडने के लिए अब विस्फोट का सहारा लिया जा रहा है। इस विस्फोट से सिलारखेडी एवं सेवरखेडी के आसपास की जमीन के ग्रामीणों में पिछले दिनों से घबराहट एवं भय की स्थिति बन रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इससे उनके नलकूप बंद हो जाएंगे। नलकूप से मिलने वाला पानी अशुद्ध न हो जाए।

### जल संसाधन मंत्री तक पहुंचा मामला

ग्रामीणों के भय एवं घबराहट की स्थिति को लेकर सिलारखेडी जल उपभोक्ता संथा के 10 वर्ष तक अध्यक्ष रहे कांग्रेस नेता अब्दुल गफ्फार पटेल ने इस मामले में जल संसाधन विभाग के मंत्री तुलसी सिलावट से पिछले दिनों मुलाकात कर उन्हें इससे अवगत करवाया गया था। इस पर श्री सिलावट ने विभागीय अधिकारियों से जानकारी ली थी। साथ ही श्री पटेल ने मामले को लेकर जिला प्रशासन एवं विभागीय अधिकारियों को भी इस आशंका,भय एवं घबराहट से अवगत करवाया है। बकौल श्री पटेल जल संसाधन मंत्री मध्य प्रदेश शासन तुलसी राम सिलावट से सिलार खेड़ी तालाब में हो रहे निर्माण कार्य ब्लास्ट करके सीमेंट डालने से आसपास के किसानों के ट्यूबवेल बंद होने और इससे खड़ी फसल बर्बाद होने की आशंका के साथ नलकूपों के पानी दूषित होने से अवगत करवाया है। डैम के आसपास के लगभग 10 गांव प्रभावित हो रहे हैं। हमने निवेदन किया है कि ब्लास्ट से पानी दूषित हो रहा है। इंदौर भागीरथपुरा जैसा हादसा ना हो जाए इसके चलते हमने जांच की मांग रखी है। ग्रामीणों में पानी के अशुद्ध होने की आशंका है जिसे विभागीय अधिकारी सिरे से नकार कर कह रहे हैं कि ऐसा कुछ नहीं होगा। इसे लेकर हमने कार्यपालन यंत्री से भी मुलाकात कर उन्हें अवगत करवाया है।

### कार्यपालन यंत्री बोले अभी तालाब खाली-

जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री मयंकसिंह के अनुसार डेम के फाउंडेशन एवं पंप हाउस के चैंबर के फाउंडेशन का निर्माण ,वॉल निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए हमें बडे पत्थरों को हटाने में विस्फोट का सहारा लेना पडा है। अभी तालाब पुरी तरह से खाली है। ऐसे में आसपास के नलकूपों का बंद होना स्वभाविक है। जब डेम भरेगा तो नलकूप स्वतः ही रिचार्ज हो जाएंगे। छोटे पत्थर तो मशीन से तोडे जा रहे हैं।बडे पत्थरों को तोडने में विस्फोट का सहारा लिया जा रहा है। विस्फोट सरफेस पर किया जाता है। आशंका एवं भय निराधार हैं। डेम के साथ पंप हाउस के चैंबर के फाउंडेशन का काम हमें तकनीकी मापदंड से करना है उसी मान से काम किया जा रहा है। डेम में पानी भरने के साथ ही नलकूप चल पडेंगे। कार्यपालन यंत्री का कहना था कि उनके पास ग्रामीणों के भय एवं घबराहट जैसा कोई मामला नहीं आया है और न ही कोई मिलने आया ।

# कैमरों की मदद से खोज निकाले 1.35 लाख रुपए के आभूषण

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

गोल्ड लोन मुक्त कराने के बाद बैंक से निकले युवक के आभूषण गुम हो गये। मामला पुलिस के पास पहुंचा, आभूषणों की तलाश में सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये। कुछ घंटों बाद एक युवक को मिले आभूषण पुलिस के पास तक पहुंच गये। जिसे संबंधित युवक को लौटाये गये है।

माधवनगर थाना प्रभारी राकेश भारती ने बताया कि तराना तहसील के ग्राम भैरूपुरा में रहने वाले राहुल पिता मोहनसिंह आंजना ने सोमवार दोपहर को लिखित शिकायत देकर बताया था कि वह ऋषिनगर पेट्रोल पंप के पीछे केपरी गोल्ड लोन बैंक आया था। जहां उसने अपना गोल्ड लोन मुक्त कराया और आभूषण लेकर घर जाने के लिये निकला। कार में बैठे समय उसकी जरकीन की जेब में रखे आभूषण गायब हो गये। मामला सोने के आभूषणों से जुड़ा होने पर जांच के लिये एएसआई लक्ष्मीकांत गौतम, आरक्षक देवराज और अविनाश को जांच के लिये भेजा गया। टीम ने बैंक के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे। उसके आधार पर दोबारा से कैमरों के फुटेज देखे गये। इस दौरान एक युवक सामने आया और उसने बताया कि उसे दोपहर में कुछ आभूषण मिले है। उससे उक्त आभूषण कान की बाली और झुमकी प्राप्त किये गये। वहीं राहुल आंजना को थाने बुलाया गया। जहां उसने अपने गुम हुए आभूषणों की पहचान कर ली।



# दो पहिया वाहनों पर लगाया यू आकार का सुरक्षा कवच

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

पतंग उत्सव मकर संक्रांति 14 जनवरी को मनाया जायेगा। इससे पहले प्रतिबंधित चाइना डोर से बाइक सवारों का गला कटने की घटना सामने आ रही है। जिससे बचाव के लिये यातायात पुलिस ने मंगलवार को दोपहिया वाहनों पर यू आकार का सुरक्षा कवच लगाये।

पतंगबाजी में उपयोग हो रही चाइना डोर खूनी साबित हो चुकी है। कुछ सालों से लगातार मकर संक्रांति से पहले प्रशासन द्वारा प्रतिबंध आदेश जारी किये जा रहे है। पुलिस भी चाइना डोर बेचने और पतंग उड़ाने वालों की धरपकड़ में लगी है, ताकि किसी का नाक-गला कटने की गंभीर घटना ना हो। इस सबके बीच यातायात पुलिस ने भी चाइना डोर से होने वाली घटनाओं को रोकने के लिये अभियान शुरू किया। डीएसपी दिलीपसिंह परिहार ने बताया कि दो पहिया वाहनों पर सुरक्षा के लिये एंटी डोर प्रोटेक्टर लगाये जा रहे है। जो यू आकार का सुरक्षा कवच है। इससे दो पहिया वाहन चलाते समय चाइना डोर सीधे गले या चेहरे पर आने से बच सकती है। यातायात पुलिस द्वारा दो पहिया वाहनों पर एंटी डोर प्रोटेक्टर लगाते समय उसके फायदे भी चालकों को बताये। एसपी प्रदीप शर्मा द्वारा यातायात पुलिस द्वारा चाइना डोर से बचाव के लिये शुरू किये अभियान की प्रशंसा की।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकाशचन्द्र पिता शिवनारायण जी, सतीशचन्द्र पिता शिवनारायण, अशोक पिता प्रभुलाल, पुनमचन्द्र पिता प्रभुलाल सर्वगण जाति कुलम्बी निवासीगण ग्राम खरसौदकला तहसील बडनगर एंव अन्य सह कृषकगण के नाम का एक सामलाति खाता भूमि सर्वे नं. 1190/1 रकबा 3.50 हे .आरे व सर्वे नं. 1191 रकबा 1.90 हे. आरे कुल किता 02 कुल रकबा 5.40 हे. आरे का ग्राम खरसौदकंला तह. बडनगर जिला उज्जैन में स्थित है उक्त भूमि को विकय करने का सौदा मेरे पक्षकारगण से तय कर बयाना राशि मेरे पक्षकारगण से प्राप्त कर विक्रय अनुबंध पत्र मेरे पक्षकारगण के पक्ष मे निष्पादित कर दिया है उक्त भूमि के सबंध में यदि किसी व्यक्ति, सस्था, बैंक, या निजी वित्तदायी सस्था द्वारा कोई ऋण दिया हो या किसी प्रकार का व्यवहार किया हो तथा किसी की कोई बकाया उधारी हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस मे उक्त भूमि से संबंधीत दस्तावेज लेकर मुझ अभिभाषक से न्यायालयीन समय 11 से 06 के मध्य कोर्ट परिसर बडनगर मे अपनी आपत्ति दर्ज करावे बाद मियाद जाहीर सुचना किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही की जावेगी और मेरे पक्षकारगण अपने पक्ष मे विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेवेगा जो सभी पर बंधनकारी होगा सूचित हो पाबंदी करे। दिनांक 06/01/2026

**विजय बहादुरसिंह राठौड एडवोकेट**
**निवासी मगंलमपरिसर व्यास कालोनी**
**बडनगर, जिला उज्जैन मो. 9893739314**


# 2026 में पुलिसिंग को मजबूत करने के निर्देश

## कप्तान ने बुलाई बैठक, 12 को पुनः करेगें समीक्षा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

साल 2026 की पहली अपराध समीक्षा बैठक मंगलवार को पुलिस कप्तान प्रदीप शर्मा द्वारा आयोजित की गई। नये वर्ष में जनसहयोग से पुलिसिंग को मजबूत करने के निर्देश दिये गये। वहीं 12जनवरी को पुनः निर्देशों की समीक्षा करने की बात कहीं।

जिले में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस कंट्रोलरूम पर पुलिस कप्तान ने समीक्षा एवं रणनीतिक बैठक आयोजित की। बैठक में जिले के समस्त एएसपी, सीएसपी, डीएसपी और थाना प्रभारी शामिल हुए। ग्रामीण थाना प्रभारी वीसी के माध्यम से शामिल हुए। कप्तान ने साल 2026 में पुलिसिंग को जनसहयोग से मजबूत करने के निर्देश जारी करते हुए संवेदनशील अपराधों में त्वरित और कठोर कार्रवाई करने की बात कहीं। पेट्रोलिंग के साथ रात्रि गश्त का प्रभावी बनाने के साथ ही पिछले कुछ वर्षो में मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े आरोपियों की जानकारी एकत्रित कर सख्त नियंत्रण के निर्देश जारी किये। कप्तान ने सभी से सर्तक, सक्रिय और जवाबदेह रहकर जिले को सुरक्षित, शांतिपूर्ण के साथ अपराध मुक्त बनाये रखने के लिये प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया।



### 4 की प्रशंसा, 3 थानों को फटकार

बैठक के दौरान पिछले वर्षो में दर्ज अपराधों की समीक्षा की गई। जिसमें लम्बित अपराधों को लेकर कप्तान ने माधवनगर, नीलगंगा और चिमनगंज थाने की कार्यशैली पर नाराजगी जाहिर की। तीनों थाने अपराधों का निकाल करने में पीछे रहे। अपराधों का निराकरण और व्यवस्था को बनाये रखने पर नागझिरी, बड़नगर, भाटपचलाना और नागदा थाना प्रभारियों की प्रशंसा की गई।

### मारपीट से परेशान होकर लगाई थी युवक ने फांसी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

माकडोन थाना क्षेत्र के ग्राम नांदेड में 10 जुलाई 2025 को रामचरण पिता भैरूलाल मंडोर 28 साल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। इस दौरान परिवार और ग्रामीणों के बयान दर्ज किये। जिसमें सामने आया कि रामचरण के भाई जीवन की पत्नी अनिता को गांव में ही रहने वाला मौसेरा भाई भरत डे-ढ़ साल पहले भगाकर ले गया था। जिसके बाद से भाईयों के बीच विवाद होने लगा था। भरत अपने भाईयों देवराज और कमल के साथ रामचरण को बीच रास्ते में रोक मारपीट करता था। जिसके चलते वह तनाव में रहने लगा था। रामचरण के फांसी लगाने के बाद मौसेरे भाई भरत, कमल और देवराज गांव से भाग निकले थे।


## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आदित्य बिरला केपिटल लिमिटेड उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन म्यु. क्रमांक 121, पुराना क्रमांक 62/1 नया क्रमांक 59 स्थित एम.जी. रोड राजेन्द्र कोठारी से हनुमान मंदिर के मध्य ग्राम पण्डल्याकला नागदा तह. नागदा जिला उज्जैन में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 61.40 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व मे- देवेन्द्र रघुवंशी, पश्चिम मे- रास्ता सरकारी एम.जी. रोड, उत्तर मे-मकान रमेशचन्द्र बोरखेडा का, दक्षिण मे- मकान रमेश सोनी एवं बाबुलाल का स्थित है उक्त सम्पत्ति हरिश पिता मांगीलाल ने अपने पिता मांगीलाल एवं परिवार के अन्य सदस्यों से रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र क्रमांक MP43172020A1512610 दिनांक 25/08/2020 के माध्यम से प्राप्त कि है तथा संपत्ति के वर्तमान स्वामी हरिश रघुवंशी ने उक्त सम्पत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु आदित्य बिरला केपिटल लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया एवं मेरी पक्षकार संस्था उक्त सम्पत्ति पर ऋण प्रदान करने जा रही है, अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक हित हिस्सा अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक व्यक्ति प्राइवेट संस्था पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर आदित्य बिरला केपिटल लिमिटेड उज्जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार आदित्य बिरला केपिटल लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो ।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**आफिस क्रमांक 11 भवन क्रमांक 87/3तुलसी काम्पलेक्स**
**विक्रम मार्ग टावर चैराहा फ्रीगंज उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**



## सार्वजनिक नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार जसवंतसिंह राठौड़ पिता करणसिंह राठौड जाति राजपूत निवासी ग्राम नवासा तहसील व जिला धार द्वारा विकेतागण सुगनबाई पति स्वर्गीय बद्रीलाल, कैलाश पिता स्व. बद्रीलाल, विकम पिता स्व. बद्रीलाल सर्वगण जाति- बागरी निवासीगण ग्राम खरसौदखुर्द तहसील बडनगर से भूमि सर्वे कमांक 1587 रकबा 0.16 हे., सर्वे कमांक 1797 रकबा 1.54 हे., सर्वे कमांक 1915 रकबा 0.21 हे., सर्व क्रमांक 1916 रकबा 3.97 हे., सर्वे कमांक 2018 रकबा 1.77 हे., सर्वे कमांक 2020 रकबा 2.73 हे., सर्वे कमांक 2021 रकबा 0.05 है., सर्वे कमांक 2026 रकबा 0.66 हे, सर्वे क्रमांक 2031/2/2 रकबा 1.24 हे. कुल किता 09 कुल रकबा 12.33 हे. स्थित ग्राम खरसौदखुर्द तहसील बडनगर जिला उज्जैन की भूमि में से विकेतागण के हिस्से व कब्जे की भूमि कुल रकबा 12.33 हे. में से अपने हिस्से का रकबा 1.45 हे. मेरे पक्षकार ने कय किया है। तथा सर्वे कमांक 1772/1/2 रकबा 0.61 हे. सर्वे क्रमांक 1801/2 रकबा 0.80 हे., सर्वे क्रमांक 1822 रकबा 1.69 हे. कुल किता 03 कुल रकबा 4.10 हे. में से 2.05 हे. भूमि कय की है। इस प्रकार मेरे पक्षकार ने कुल रकबा 3.05 हे. भूमि को क्रय किये जाने का सौदा किया गया है। और सौदे पेटे राशि मेरे पक्षकार ने विकेतागण को बयाना पेटे समक्ष गवाहान के अदा कर दी है। और विक्रेतागण द्वारा मेरे पक्षकार के पक्ष में उनके हिस्से की भूमि का विकयपत्र संपादित किये जाने में टालटुल कर रहे है इसलिये मेरे पक्षकार द्वारा विकेतागण को अंतिम सूचना पत्र द्वारा सूचित किया गया है कि, विक्रेतागण दिनांक 07/01/2026 को उप पंजीयक कार्यालय बडनगर के समक्ष उपस्थित होकर शेष बिकी मूल्य प्राप्त करके मेरे पक्षकार के पक्ष में विक्रय पत्र संपादित करा देवे। परन्तु विकेतागण के मन में बदयांती आ जाने से मेरे पक्षकार को सूचना प्राप्त हुई की विक्रेतागण मेरे पक्षकार द्वारा उनके हिस्से की कय की गई भूमि का सौदा किसी अन्य व्यक्ति से किया जा रहा है। इसलिये मेरे पक्षकार द्वारा विकेतागण के हिस्से एवं कब्जे की भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का सौदा, अनुबंध, विक्रय, आदि नही करावे। अन्यथा समस्त जवाबदारी सम्बन्धितो की रहेगी सूचित हो। दिनांक 6.1.2026

**शाकिर खान एडवोकेट**
**कोर्ट परिसर बडनगर जिला उज्जैन म.प्र.**
**मोबाईल नंबर 9826714510**

# जहां संचय, वहीं भय



भय कई तरह के होते हैं। एक भय पीड़ा का होता है। शारीरिक पीड़ा एक स्नायुगत प्रतिक्रिया है, लेकिन मानसिक पीड़ा तब होती है, जब हम संतोष देने वाली चीजों से चिपके रहते हैं, क्योंकि तब हम हर उस व्यक्ति या चीज से डरे हुए होते हैं, जो उनको मुझसे छीन सकती है। जब तक मनोवैज्ञानिक रूप से संचित अनुभवों को किसी तरह छेड़ा नहीं जाता, वे मानसिक पीड़ा को रोकने का काम करते हैं। इसलिए हम हर उस व्यक्ति से डरे रहते हैं, जो उन संचित अनुभवों को हिला सकता है। हमारा भय जानी हुई चीजों का होता है; हम शारीरिक या मनोवैज्ञानिक रूप से संचित उन अनुभवों से डरे होते हैं, जिन्हें हमने दुख से बचने के लिए एकत्रित किया है, परंतु दुख तो उस प्रक्रिया में ही है, जो मनोवैज्ञानिक पीड़ा को अपने से दूर रखने के लिए आवश्यक अनुभवों के संचय में होती है। जानकारी कष्ट को दूर रखने में सहायक होती है। जैसे, चिकित्सा संबंधी ज्ञान शारीरिक पीड़ा को दूर करने में सहायक होता है, वैसे ही विश्वास मानसिक पीड़ा को दूर करने में सहायक होते हैं और इसीलिए हम अपने विश्वासों को खो देने से भयभीत रहते हैं। हालांकि, हमें इन विश्वासों की सच्चाई का न तो पूरा ज्ञान है और न इसके लिए हमारे पास कोई ठोस प्रमाण ही है। हम अपने ऊपर लादे गए किन्हीं परंपरागत विश्वास का परित्याग तो कर सकते हैं, क्योंकि हमारा अपना अनुभव हमें शक्ति, भरोसा और समझ प्रदान करता है; लेकिन वैसे विश्वास और जो ज्ञान हमने हासिल किया है, मूलतः एक ही बात है- कष्ट को दूर रखने के उपाय। जब तक ज्ञात का संचय होता है, उसके खो जाने का डर भी बना रहता है, इसलिए जो अज्ञात का भय है, वह वास्तव में संचित हुए ज्ञात के खो जाने का भय है। संचय है, तो भय का होना निश्चित है और भय के साथ कष्ट का होना; और जिस क्षण हम यह कहते हैं कि हमें इस संचय को खोना नहीं चाहिए, भय पैदा हो जाता है। हालांकि, संचय करने के पीछे हमारी मंशा कष्ट को दूर करने की होती है, फिर भी इसकी प्रक्रिया में कष्ट समाया रहता है।

आत्मरक्षा की भावना के बीज से ही आक्रामकता उपजती है। हम भौतिक सुरक्षा चाहते हैं और इसके लिए एक संप्रभुता संपन्न सरकार चुनते हैं, जिसे सेनाओं की जरूरत होती है, जिसका अर्थ होता है युद्ध और अंत में सुरक्षा ही नष्ट हो जाती है। जहां कहीं भी व्यक्ति आत्म-सुरक्षा चाहता है, वहीं भय होता है। जब हम सुरक्षा की मांग की भ्रामकता को देख लेते हैं, संचय करना बंद कर देते हैं। यदि आप कहते हैं कि आप इसे समझते तो हैं, फिर भी आप बिना संचय किए नहीं रह सकते, तो इसका कारण यही है कि आपने वास्तव में इस बात को नहीं देखा कि संचय में ही पीड़ा निहित है।



सम्पादकीय

## ढाका का रवैया

आज विश्व में नाना प्रकार के तनाव हावी हैं, लेकिन हमारे लिए सबसे निकटतम तनाव की वजह बांग्लादेश बना हुआ है। तनाव की सबसे ताजा कारण क्रिकेट जैसा खेल बन गया है। पड़ोसी देश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) टीम से बाहर किए जाने के बाद बांग्लादेश सरकार ने अपने देश में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्रसारण व स्ट्रीमिंग पर अनिश्चितकाल के लिए रोक लगा दी है। बेशक, पड़ोस की कार्यवाहक सरकार अपने तमाम फैसले आवेश में ले रही है और खासकर भारत संबंधी फैसलों में पड़ोसी सरकार को न तो अपना तात्कालिक हित दिख रहा है और न दूरगामी हित। इससे भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को कोई खास घाटा नहीं होगा, मगर बांग्लादेश के खिलाड़ियों और क्रिकेट प्रेमियों को जरूर निराशा होगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड दुनिया का सबसे ताकतवर और अमीर बोर्ड है, इसका लाभ दूर देश के खिलाड़ी तो उठा रहे हैं, पर दो पड़ोसी देशों के खिलाड़ी वंचित हैं। पाकिस्तान के खिलाड़ियों को भी मुंबई हमले के बाद से आईपीएल में खेलने का मौका नहीं मिल रहा है और अब हालात ऐसे ही रहे, तो बांग्लादेशी खिलाड़ियों के लिए भी आईपीएल में खेलना दूर की कौड़ी हो जाएगा।

यह बहुत अफसोस की बात है कि हमारा यह पड़ोसी देश हमारी चिंताओं को समझने में नाकाम हो रहा है। बांग्लादेश की ताजा प्रतिक्रिया भी इसी ओर इशारा कर रही है। कार्यवाहक सरकार यह समझना नहीं चाहती कि बीसीसीआई ने यह फैसला क्यों लिया है? आज बांग्लादेश के लोगों को ठेस पहुंची है, वे दुखी और आहत हैं। हालांकि, सवाल तो यह है कि क्या बांग्लादेश के तल्ख बर्ताव से भारत को मुसलसल ठेस नहीं पहुंच रही है? यहां भी लोग दुखी और आहत हैं। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ जैसा व्यवहार हो रहा है, उसे लेकर भारत में स्वाभाविक ही नाराजगी है। लोग यह पूछ रहे हैं कि जब बांग्लादेश को भारत की कोई परवाह नहीं है, तब बांग्लादेश के किसी खिलाड़ी को आईपीएल में खेलने का मौका देकर 9.20 करोड़ रुपये क्यों दिए जाएं? यहां यह भी देखना वाजिब होगा कि बांग्लादेश के स्थानीय प्रीमियर लीग में बहुत अच्छे खिलाड़ियों को भी पचास लाख रुपये के आसपास ही मिल पाते हैं। लगे हाथ, पाकिस्तान सुपर लीग की भी चर्चा कर लें, तो वहां सबसे महंगे खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर को 2.7 करोड़ रुपये मिले हैं।

### नई तकनीक नई सावधानी

# एआई के सही उपयोग के लिये लोगों को जागरूक करें

एआई (आर्टीफिषियल एंटेलीजेंस)- आज के डिजीटल युग में एआई हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। मोबाइल असिस्टेंट से लेकर बैंकिंग, स्वास्थ्य, षिक्षा, कृषि और उद्योग तक-हर क्षेत्र में एआई का प्रभाव दिखाई देता है लेकिन जितना बड़ा यह आविष्कार है उतनी ही बड़ी जिम्मेदारी इसके सही उपयोग की भी है। आइये पहले एआई को समझते हैं



पं कृष्णकान्त तिवारी,
(दैनिक अवन्तिका)

एआई एक ऐसी तकनीक है जो मषीनों को सोचने, सीखने, और निर्णय लेने की क्षमता देती है। इसका उदेष्य इंसान की तरह समझदार प्रणाली बनाना है ठीक वैसे जैसे एक इंसान करता है। जब हम गूगल मैप्स से रास्ता ढूंढते हैं या यूटयूब, ऑनलाइन बैंकिंग, टैफिक कंट्रोल आदि पर एआई काम करता है जो किसी भी कार्य को सेकेण्डों में कर देता है। वॉइस असिस्टेंट हमारी आवाज पहचानकर आदेश का पालन करते हैं। इससे हम किसी इंसान के जैसे बात कर अपनी समस्या बता सकते हैं यह आपकी सोच के हिसाब से कार्य करने में सक्षम है आप अपनी समस्या को अपने दोस्त की तरह बतायेगे और एआई आपको ठीक वैसे ही जबाब देकर आपकी समस्या को हल करने की कोषिष करेगा। उदाहरण के तौर पर आप ऐसे समझ सकते हैं कि अगर हमे किसी फोटो का बैकग्राउण्ड नेचुरल रखना है तो हमे सिर्फ बोलना है और उस फोटो को अपलोड करना है एआई आपकी फोटो को तुरंत नेचुरल बैकग्राउण्ड के साथ बनाकर के दे देगा। इसके अलावा चैटबॉट्स, फेस रिकग्निषन, आटोमेटेड कारें और स्मार्ट हेल्थ सिस्टम ये सब आधुनिक एआई रूप हैं। एआई आधारित टूल्स काम को तेज और सटीक बनाते हैं। इसका उपयोग डेटा एनालिसिस से सही निर्णय लेने में मदद करती है। कलाकार, लेखक और शोधकर्ता एआई की मदद से अपनी कल्पनाओं को साकार कर रहे इसके साथ ही प्राकृतिक आपदाओं की भविष्यवाणी और राहत कार्यों में एआई उपयोगी साबित हो रही है। एआई ने न केवल काम को आसान बनाया है बल्कि इंसान की सोच और



रचनात्मकता को भी एक नई दिषा दी है।

### एआई का दुरूप्रयोग

एआई जहाॅ लोगों के काम को आसान बनाने के लिये है वही कुछ असामाजिक तत्व इसका उपयोग करके सामाजिक हिंसा, साइवर अपराध, डाटा चोरी, डाटा निगरानी, फोटो विडीयो में एआई की मदद से बदलाव आदि में इसका दुरूप्रयोग करते हैं। एआई के बढ़ते प्रभाव से डाटा चोरी होने की सबसे ज्यादा संभावना बनती है। आप लोग देखते होंगे कि हम सभी किसी भी जानकारी को गूगल या किसी प्लेटफार्म पर सर्च कर रहे होते हैं तो उससे संबंधित लोगों के आपके पास फोन आने शुरू हो जाते हैं मतलब आपके डाटा से लेकर निजी जानकारी को चोरी करने के लिये अनेक कंपनियाॅ और ऐपस एआई की मदद लेते हैं। एआई से बनाए गये फेक वीडियो या झूठी सूचनाएॅ समाज में गलत संदेष, अविष्वास तथा भ्रम फैलाने का कार्य करते हैं। यही कारण है कि अब लोग इसका उपयोग जातिवादी झगड़े, धर्म तथा दंगों के लिये कर रहे हैं। आप देख भी रहे होंगे कि आज कल सोषल मीडिया पर अनेक ऐसे फोटो वीडियो देखने को मिल जायेंगे जो सामाजिक मदभेद या जातिगत भतभेद को बढ़ा रहे हैं। ज्ञान की कमी की बजह से अधिकांषतः सभी युवा व वरिष्ठ उन वीडियो व फोटो की सच्चाई का पता किये उन्हें शेयर करते चले जाते हैं पर हमे सबसे पहले उनकी सच्चाई का पता करना चाहिए तभी उन्हें शेयर करना चाहिए। इसके साथ सामाजिक मतभेद को बढ़ावा देने वाली फोटो वीडियो को शेयर करने से बचना चाहिए। आज हर जगह जातिवाद है और आपसी मदभेद का विस्तार हो रहा तो उसके पीछे कही न कही सोषल मीडिया ही है। अगर एआई का उपयोग लालच, सत्ता या युद्ध के लिये हुआ तो यह मानव सभ्यता के लिये सबसे बड़ा खतरा है।

### सही उपयोग और जागरूकता के उपाय

एआई के पास बुद्धि है लेकिन विवेक नहीं और विवेक ही इंसान की सबसे बड़ी पहचान है। हमें एआई को मानवता, नैतिकता और करूणा के मूल्यों से जोड़ना होगा। एआई टूल का उपयोग करने से पहले उसकी सीमायें जाचें तथा अपनी निजी जानकारी साझा करने से पहले सोचें। किसी भी एआई से बनाई गयी फोटो, वीडियो या डेटा को शेयर करने से पहले उसकी सत्यता को जाॅचें। यदि एआई का उपयोग षिक्षा, स्वास्थ्य, समानता और शांति के लिये हुआ तो यही तकनीक आने वाले समय की सबसे बड़ी क्रांति होगी। सरकार को षिक्षा में एआई को शामिल कर स्कूलों और कॉलेजों में एआई की षिक्षा को अनिवार्य करना चाहिए ताकि युवा पीढ़ी इसका सही उपयोग समझ सके। इसके साथ ही सरकार और संस्थानों को डेटा की सुरक्षा तथा नागरिको की गोपनीयता के लिये कड़े नियम कानून लागू करने चाहिए ताकि एआई के दुरप्रयोग से बचा जा सके। सरकार द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर के लोगों को यह बताया जाये कि एआई का उपयोग कैसे करें और किन बातों से बचें। मेरा ऐसा मानना है कि सभी सोषल मीडिया के एकाउण्ट को आधार कार्ड से जोड देना चाहिए प्रत्येक आधार कार्ड से किसी भी प्लेटफार्म पर एक ही एकाउण्ट बने तथा उसका वेरीफिकेषन व पूर्णतः जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। इसके साथ ही किसी भी फोटो वीडियो को सोषल मीडिया एकाउण्ट पर अपलोड करते समय अपलोडकर्ता से तुरंत का फोटो वेरीफाइड होना चाहिए ताकि सत्यता की सीमा तय की जा सकें। एआई कोई खतरा नहीं एक अवसर है लेकिन अगर हम इसे सही दिषा में और सही उदेष्य से उपयोग करें। इसका सही उपयोग न केवल हमारे जीवन को आसान बनाएगा बल्कि समाज को भी प्रगतिषील दिषा में आगे ले जाएगा। हमें यह समझना होगा कि मषीनें हमारी मदद के लिये हैं हमारा स्थान लेने के लिये नहीं। सही दिषा, नैतिक सोच और जागरूकता के साथ एआई हमारे भविष्य को और उज्जवल बना सकता है।

## गटर का अमृत

शहर की आबोहवा में 'नंबर वन' होने का ऐसा नशा था कि यहाँ के बाशिंदे हवा नहीं, अहंकार पीते थे। चारों तरफ चकाचौंध, दीवारों पर लच्छेदार पेंटिंग और स्वच्छता के ऐसे कसीदे कि साक्षात स्वर्ग भी शर्मिंदा हो जाए। पर इस स्वर्ग की नींव में क्या था? वह तो तब पता चला जब यमराज ने गटर के रास्ते शहर में एंट्री मारी। अचानक मोहल्लों में चीख-पुकार मच गई। लोग उल्टियाँ कर रहे थे, तड़प रहे थे, और उनके पेट में वही 'स्वच्छ' पानी हिलोरे मार रहा था जिसे सिस्टम ने फिल्टर के नाम पर परोसा था। भ्रष्टाचार जब चरम पर होता है, तो वह पाइपलाइन में घुसकर नल की टोंटी से बाहर निकलता है। लोग मर रहे थे, और प्रशासन फाइलों में यह ढूँढ रहा था कि मौत का 'स्वच्छता रैंकिंग' पर क्या असर पड़ेगा। हकीकत यह थी कि जिन हाथों ने सफाई का पुरस्कार लिया था, उन्हीं हाथों ने गटर और पीने के पानी की पाइपलाइन का 'निकाह' करा दिया था। यह कोई हादसा नहीं, एक सोची-समझी हत्या थी, जिसमें कातिल कोई इंसान नहीं, बल्कि वह व्यवस्था थी जो चमक-धमक के पीछे सड़न को छिपाए बैठी थी।

जब मौत का तांडव बढ़ा, तो जनता ने अपने 'रहनुमा' की तरफ देखा। नेता जी आए, कुर्ता झटकते हुए, पान की पीक थूकते हुए। जब उनसे पूछा गया कि लोग मर रहे हैं, आप क्या कर रहे हैं? तो उन्होंने बड़े ही दार्शनिक अंदाज में कहा– घंटा! इस एक शब्द में पूरे तंत्र की संवेदनशीलता सिमटी हुई थी। यह 'घंटा' उस माँ की कोख पर तमाचा था जिसका जवान बेटा पीला पानी पीकर पीला पड़ गया और हमेशा के लिए सो गया। नेता जी का यह शब्द कोई मुहावरा नहीं, बल्कि वह नंगा सच था जो बताता है कि जब तक कुर्सी सलामत है, जनता की जान की कीमत किसी कबाड़ के घंटे से ज्यादा नहीं है। पास ही खड़ा एक बुजुर्ग मालवी लहजे में झल्लाकर बोला– ₹अरे ओ साब, थारी राजनीति तो उण डोकरी जैसी हो गई जो पराया छोरा मरे तो रोवे भी नी अर आपणा रा राज रा गुण गावे। ये मानख मरी रिया छै अर थने 'घंटा' सूझी रियो? अरे डूब मरो रे चुल्लू भर गंदे पानी में! थारे शर्म नाम की चीज तो नी बची, बस 'नंबर वन' रो ढिंढोरो पीटता फिरो। यो घंटा नी बाजी रियो, यो तो थारी ओछी नीयत की गवाई दे रियो है।₹ नेता के लिए मौत सिर्फ एक 'न्यूज साइकिल' थी, जिसे एक बेतुके बयान से मोड़ा जा सकता था।

### पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 07 जनवरी 2026 बुधवार
सूर्योदय - 07:13 सूर्यास्त 17:53
माघ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 12:00 से 13:30 तक
तिथि - पंचमी 06:34 उपरांत षष्ठी
नक्षत्र - मघा 11:56 उपरांत पूर्वाफाल्गुनी
योग - आयुष्मान 18:34 उपरांत सौभाग्य
करण - कौलव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण सिंह में रहेगा।
मुस्लिम मास - रज्जब मास 17 तारिख

**मेष-** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। धनार्जन होगा। दूसरों की जमानत न लें।

**वृषभ-** व्यापार-व्यवसाय में इच्छित लाभ की संभावना है। भाइयों की मदद मिलेगी। संपत्ति के लेनदेन में सावधानी रखें।

**मिथुन-** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**कर्क-** आपके व्यवहार एवं कार्यकुशलता से अधिकारी वर्ग से सहयोग मिलेगा।

**सिंह-** मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शत्रु शांत रहेंगे।

**कन्या-** आज विशेष लाभ होने की संभावना है। बुद्धि एवं मनोबल से सुख-संपन्नता बढ़ेगी। व्यापार में कार्य का विस्तार होगा।

**तुला-** यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल लाभ देंगे। भेंट आदि की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी।

**वृश्चिक-** व्यापार में उन्नति के योग हैं। संतान की ओर से सुखद स्थिति बनेगी। प्रयास की मात्रा के अनुसार लाभ की अधिकता रहेगी।

**धनु-** नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है।

**मकर-** परिवार की समस्याओं की चिंता रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ अधिकाधिक लेना चाहिए।

**कुंभ-** नवीन उपलब्धियों की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। पारिवारिक जीवन में तनाव हो सकता है।

**मीन-** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।व्यापार में नई योजनाओं से लाभ के योग हैं।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

समसामयिक

# जनता परेशान, नेता बदजुबान और अफसर पहलवान.....।

### एम पी अजब है- भागीरथपुरा घटना पर खरी खरी

अरे यहां क्या हो गया आज बिखरे हुए क्यों हो आप हम ने तो कोई गलती तो नहीं कर दी....। आप तो हमेशा से अपनी बेबाक राय के लिए जाने जाते रहे हों। जमीनी कार्यकर्ता से सत्ता के इस गलियारों तक पहुंचने के बाद भागीरथपुरा का यहां दृश्य कैसे समझें हमें। आप की कार्यशैली से तो हर कोई वाकिफ हैं। इतनी बड़ी घटना जिसमें 15 लोगों की जान चली गई कई लोग अभी भी अस्पतालों में भर्ती हैं। पानी का खेल में खेला हो गया शहर की प्रतिष्ठा मान सम्मान धराशाई होने के बाद भी आप का अंदाजे बयां तो सबसे जुदा नजर आ रहा है। भाषा की शैली व अपनी सभ्यता को काठ के समान क्यों कर रहे हो आप....। घटना हो या फिर दुख-तकलीफ या अन्य परेशानी अपनी बात कहें कर आप का संतोष रुपी बीज का रोपण होता तो अच्छा होता। लेकिन आप की कुंठा कहें या सत्ता का नशा बेलगाम नाकारात्मक बातों से सभी आहात है। पद की गरिमा व्यक्तित्व का आचरण सभ्य समाज में अलंकृत होता है। इस तरह गली मोहल्ले में आप की जुबान ने तो गुस्से में जो कुछ भी बजाया वह ठीक नहीं रहा। ऐसे आप ने त्वरित टिप्पणी पर माफी मांग ली, जो सबसे सरल है। पर उससे वह दिन-रात आप के लिए खबरें देने वाले आप की सरकार का प्रसार प्रचार करने वाले जनता के बीच आप की बात पहुंचने वालो का मनोबल पर आप जैसे वरिष्ठ नेता की भाषा शैली का क्या असर पड़ेगा, यह क्यों नहीं समझ सकें ....। हम तो इन्दौरी है इतनी जल्दी हताश परेशान व थक जाते हैं क्या। हम तो जमीन से जुड़े हैं, अगर गलती हुई है कहीं शासन प्रशासन या नगर निगम की तो उस पर पर्दा क्यों डाल रहे हो। मौत पर राजनीतिक फायदा नुकसान तलाशना कैसे ठीक माना जायेगा। अगर आप भड़ास निकाल रहे हों तो कमजोर कड़ियों को खोजों। समाज के आईने चौथे स्तंभ के इन सजग प्रहरी और जबाज निर्भिक निडर पत्रकारो के सवाल पूछने के अधिकार मत छीनो?। क्योंकि कलम की ताकत जब अपने असली रंग दिखायेंगी तो सब चुप हो जाएंगे। मौन साधक जब कुछ गलत होता है तो उसके लिए अपनी बात से पीछे नहीं होता, गलत शब्दों पर आप का खेद ठीक है, पर जो घटना हुई है इतने लोग परेशान हैं। 15 लोग अपनी जान दे चुके दुषित व जहरीले पानी से। नगर-निगम के ढीलेपन और उन बड़े बड़े अफसरों पर निशाना कब लगाओगे। नगर के महापौर मौन हो गये अफसरों पर अपनी बंदुक डाल कर , पर जनता सिर्फ एक क्षैत्र में नहीं बहुत सारी जगह ऐसी समस्यो से रोज लड रहे हैं।आज प्रदेश के मुखिया ने नगर निगम के कमिश्नर दिलीप यादव, अपर आयुक्त रोहित सिहोनिया, और संजीव श्रीवास्तव को भागीरथपुरा घटना के बाद तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। यहां एक्शन जरूरी था। महापौर जी भी अपने काम के प्रति सतर्कता का फर्ज.निभाये। सिर्फ यहां कहें देने से ठीक नहीं हो जायेगा अधिकारी नहीं सुनते। ऐसे में जनता क्या करेंगी? इन सभी बातों को देखें तो जनता परेशान नेता बदजुबान अफसर पहलवान ऐसे में मुख्यमंत्री मोहन यादव जो मुखिया हैं उनसे ही आशा कि किरणें दिख रही है। अब सभी चीजों को ठीक करने का है जो बिगड़ गई है क्यों सबसे स्वच्छ शहर इन्दौर की बहुत जग हंसाई हो चुकी है।



हरिसिंह चौहान
(दैनिक अवन्तिका)

# पके तेल का बार-बार इस्तेमाल सेहत के लिए खतरनाक!

इंडियन कुकिंग स्टाइल का प्रमुख हिस्सा है। हर घर में सब्जी बनाने से लेकर पुड़ी-पराठे बनाने तक तेल का प्रयोग होता है। इसके अलावा अधिकतर स्नैक्स को भी तेल में ही फ्राई किया जाता है। चिप्स, समोसे, फ्राइज कुछ भी हों, ये टेस्ट में तो काफी अच्छे होते हैं लेकिन इन्हें बनाने में जो तेल का प्रयोग होता है, उसके काफी नुकसान हो सकते हैं। क्या आपने इस बात पर ध्यान दिया है कि डीप फ्राई या पैन फ्राई करने के लिए इस्तेमाल किए गए तेल को कितनी बार गर्म किया गया है?

शायद नहीं दिया होगा। क्योंकि अक्सर लोग इसे नॉर्मल प्रोसेस मानते हैं कि खाना बनाने के बाद अगर तेल बचे तो उसे बाद में गर्म करके यूज कर लिया जाएगा। ऐसा करना शरीर के लिए काफी खतरनाक हो सकता है। एक्सपर्ट बताते हैं कि खाना पकाने के तेल को दोबारा गर्म करने से काफी साइड इफेक्ट होते हैं। अगर आप इस बारे में नहीं जानते हैं तो तेल को दोबारा गर्म करके उसमें खाना बनाकर खाने के नुकसान भी जान लीजिए।

### खराब कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाता है

काले, धुएं वाला तेल, जिसे बार-बार गर्म किया जा रहा है, वह शरीर में एलडीएल या खराब कोलेस्ट्रॉल को



बढ़ा सकता है। एलडीएल कोलेस्ट्रॉल का हाई लेवल हार्ट डिसीज, स्ट्रोक और सीने में दर्द का जोखिम बढ़ा सकता है। इसलिए कोलेस्ट्रॉल से जुड़ी समस्याओं से बचने के लिए कुकिंग ऑयल को दोबारा गर्म करने से बचें।

### एसिड की मात्रा बढ़ाए

अगर तेल को बार-बार गर्म किया जाता है तो उसमें एसिड की मात्रा बढ़ जाती है। अगर आपको पेट और गले में जलन महसूस होती है तो इसका कारक खाना बनाने वाला तेल भी हो सकता है। अगर आपको सामान्य से अधिक एसिडिटी का अनुभव होता है तो जंक और डीप फ्राई फूड्स खाने से बचें। यदि इससे गले और पेट में जलन में आराम मिलता है तो इसका जबाव आपके पास है कि आपको क्या करना है।

### जहरीले पदार्थ की मात्रा बढ़ाता है

सूरजमुखी या मकई के तेल जैसे कुछ वेजिटेवल ऑयल को फिर से गर्म करने से उसमें जहरीले तत्वों की मात्रा बढ़ जाती है, जिससे हृदय रोग, अल्जाइमर, डिमेंशइया और पार्किंसंस जैसी कई स्थितियों पैदा हो जाती हैं। वेजिटेबल तेल को दोबारा गर्म करने पर 4-हाइड्रॉक्सी-ट्रांस-2-नॉमिनल नामक एक अन्य जहर निकलता है, जो डीएनए, आरएनए और प्रोटीन को सही तरह से काम करने से रोकता है।

### ट्रांस फैट बढ़ाता है

कुकिंग ऑयल में ट्रांस फैटी एसिड होते हैं जो दोबारा गर्म करने पर बढ़ जाते हैं। ट्रांस फैट सैचुरेटेड फैट से भी बुरे होते हैं। क्योंकि ये न केवल खराब कोलेस्ट्रॉल लेवल को बढ़ाते हैं बल्कि अच्छे कोलेस्ट्रॉल के लेवल को भी कम कर देते हैं। इसके कारण पार्किंसंस रोग हार्ट डिसीज, स्ट्रोक, कैंसर और विभिन्न लिवर जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

धर्म-आस्था

# धर्म का स्वरूप: सेवा या स्वार्थ?

भारत को सदियों से धर्म, आस्था और आध्यात्म की भूमि माना जाता रहा है। यहाँ धर्म केवल पूजा-पाठ या कर्मकांड तक सीमित नहीं रहा, बल्कि जीवन के हर पक्ष को दिशा देने वाला तत्व रहा है। आस्था ने व्यक्ति को कठिन परिस्थितियों में संबल दिया, उसे नैतिकता और मानवता से जोड़े रखा। किंतु बदलते समय के साथ यह देखा जा रहा है कि आस्था का स्वरूप धीरे-धीरे विकृत होता जा रहा है। धर्म, जो आत्मिक शांति का माध्यम था, कई स्थानों पर भय, अंधविश्वास और व्यापार का साधन बनता जा रहा है।



प्रियंका सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

आज का यथार्थ यह है कि धार्मिक परंपराओं का एक बड़ा हिस्सा अपने मूल उद्देश्य से भटक चुका है। जिन कर्मकांडों का उद्देश्य मनुष्य को आत्मिक संतुलन देना था, वे अब आर्थिक लेन-देन और दिखावे से जुड़ गए हैं। तीर्थस्थल, जो कभी तप, त्याग और साधना के केंद्र हुआ करते थे, आज कई बार बाजार का रूप धारण कर चुके हैं। श्रद्धालु की भावना से अधिक उसकी आर्थिक स्थिति को महत्व दिया जाने लगा है।

आस्था का मूल आधार विश्वास है–ईश्वर में, जीवन में और स्वयं में। यह विश्वास किसी डर या लालच से नहीं, बल्कि आंतरिक संतोष से उपजता है। जब आस्था भय पर आधारित हो जाती है, तब वह पाखंड में बदल जाती है। दुर्भाग्यवश, आज अनेक धार्मिक गतिविधियाँ इसी भय को केंद्र में रखकर संचालित की जा रही हैं। लोगों को यह विश्वास दिलाया जाता है कि यदि उन्होंने किसी विशेष परंपरा का पालन नहीं किया या तय राशि का दान नहीं दिया, तो अनिष्ट हो जाएगा। इस प्रकार धर्म, जो आश्वासन देने वाला था, भय पैदा करने वाला बनता जा रहा है।

परंपराएँ किसी भी समाज की पहचान होती हैं। वे पीढ़ी-दर-पीढ़ी अनुभव और ज्ञान के माध्यम से विकसित होती हैं। लेकिन परंपराएँ तब तक ही उपयोगी हैं, जब तक वे समय, विवेक और मानवता के अनुरूप हों। परंपराओं को पत्थर की लकीर मान लेना समाज के विकास में बाधा बनता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम परंपराओं की समीक्षा करें–यह समझें कि उनका उद्देश्य क्या है और वे वर्तमान समय में कितनी प्रासंगिक हैं। धर्म का एक महत्वपूर्ण पक्ष सेवा रहा है। सेवा का अर्थ है–निस्वार्थ भाव से दूसरों की सहायता करना। किंतु जब सेवा के बदले मूल्य तय कर दिया जाए, तब उसका स्वरूप बदल जाता है। दान तभी दान कहलाता है जब वह स्वेच्छा से दिया जाए। जब दान दबाव, भय या सामाजिक प्रतिष्ठा के कारण दिया जाता है, तब वह अपनी पवित्रता खो देता है। दुर्भाग्य से, आज दान भी कई जगह अनिवार्य शुल्क की तरह वसूला जाने लगा है।

इस स्थिति का सबसे अधिक प्रभाव साधारण और भावनात्मक लोगों पर पड़ता है। दुख, शोक या संकट की घड़ी में व्यक्ति मानसिक रूप से कमजोर होता है। ऐसे समय में यदि उसकी आस्था का शोषण किया जाए, तो यह न केवल अनैतिक है, बल्कि अमानवीय भी है। धर्म का उद्देश्य मनुष्य को टूटने से बचाना है, न कि उसे और अधिक बोझिल बनाना। पाखंड का सबसे बड़ा खतरा यह है कि वह धीरे-धीरे धर्म के प्रति अविश्वास को जन्म देता है। जब लोग बार-बार ठगे जाते हैं, उनकी भावनाओं का दोहन होता है, तो वे या तो धर्म से दूर हो जाते हैं या फिर हर परंपरा को संदेह की दृष्टि से देखने लगते हैं। यह स्थिति समाज के लिए घातक है, क्योंकि धर्म का स्वस्थ स्वरूप सामाजिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

आज के शिक्षित और जागरूक समाज में यह अपेक्षा की जाती है कि व्यक्ति हर बात को तर्क और विवेक की कसौटी पर परखे। आस्था और विवेक एक-दूसरे के विरोधी नहीं हैं। सच्ची आस्था वही है जो विवेक के साथ चल सके। यदि कोई परंपरा मानवता, नैतिकता और करुणा के विरुद्ध जाती है, तो उसे बदलना ही धर्मसम्मत कदम माना जाना चाहिए। धार्मिक संस्थानों और धर्म से जुड़े लोगों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्हें यह समझना होगा कि उनकी जिम्मेदारी केवल कर्मकांड करवाना नहीं, बल्कि समाज को सही दिशा देना भी है। यदि धार्मिक नेतृत्व स्वयं लालच और स्वार्थ से प्रेरित होगा, तो आमजन से नैतिकता की अपेक्षा करना व्यर्थ है।

### इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2350-3050, चना काबली- 3011-9000, चना बड़ा- 4041-5005, बटला- 3280 तिल्ली- 5700-6300, सोयाबीन- 1901-5461, मैथीदाना- 4500-5270 6500, मावा- 280 प्रतिकिलो। सोना-चाँदी- सोना- स्टेण्ड- 1,40,700, रवा- 1,40,600 चांदी- टंच- 2,44,000 पाट- 2,43,800।

### उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

### आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## सच्चे मन से ध्यान करने के लिए कुछ ही मिनट बहुत होते हैं: आर्यिका विज्ञश्री माता



**सारंगपुर।** आप मंदिर या जिनालय जाकर घंटों तक ध्यान, पूजा करते रहते हो, किन्तु मेरा मानना है कि ये सब ढोंग है। क्योंकि कितना ही जतन या कोशिश कर लो, किसी भी व्यक्ति का मन इतनी देर लग ही नहीं सकता है। सच्चे मन से ध्यान करने के लिए कुछ ही मिनट बहुत होते हैं। ये बात उन्होंने सारंगपुर में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए आर्यिका विज्ञश्री माता ने कही। उन्होंने कहा कि ध्यान करने बैठे तो सबसे सबसे पहले 5 मिनट करें, फिर धीरे-धीरे समय बढाएंगे तो आपका मन ध्यान में लगेगा। आपने कहा कि इंद्रियों का स्वामी मन है। मन को कंट्रोल करना हर किसी के वश की बात नहीं है। भगवान महावीर की उम्र 76 वर्ष थी। 64 वर्ष तक ध्यान नहीं कर सके। भगवान महावीर को अपने मन को वश करने में 12 साल लग गए तो सामान्य आदमी की क्या स्थिति होगी। पता नहीं कब किस का मन कितनी देर में एकाग्र हो जाए। अगर कुछ देर ही मन एकाग्र चित्त होकर प्रभु भक्ति में लग जाए तो पूज्यनीय बन जाओगे। किसी का भी मन बदलने के लिए केवल विषय बदल देना चाहिए। विषय बदलने से मन की तरंगें बदल जाती हैं। आज विश्व के अनेक देश जैन सिद्धांतों पर चल रहे हैं। धर्म के क्षेत्र में छल, कपट नहीं चलता है। आज व्यक्ति मंदिर आता है, तब भी मन में आकांक्षाएं पालता रहता है। जबकि व्यक्ति को मंदिर आने से से पहले ऐसे विचारों को मंदिर के बाहर ही छोड देना चाहिए। मन से सच्ची लगन से भगवान का ध्यान करने से कई प्रकार के पाप नष्ट हो जाते हैं। राजस्थान के जयपुर-कोटा नेशनल हाईवे-12 पर स्थित, धर्मनगरी निवाई-चाकसू के बीच छोटे से गांव गुंशी में सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ क्षेत्र का निर्माण कार्य चल रहा है।

## नगर की अव्यवस्थाओं को लेकर कांग्रेस का आक्रोश, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**जीरापुर।** नगर पंचायत जीरापुर में व्याप्त अव्यवस्थाओं, मूलभूत सुविधाओं की कमी एवं प्रशासनिक लापरवाही को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा तहसीलदार आर.पी. सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन पूर्व ऊर्जा मंत्री के नेतृत्व में सौंपा गया, जिसमें नगर की बिगड़ती सफाई व्यवस्था, जाम पड़ी नालियां, सड़कों पर फैला गंदा पानी, अतिक्रमण के कारण बाधित यातायात तथा लंबे समय से खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को लेकर तीखा आक्रोश व्यक्त किया गया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि नगर पंचायत द्वारा विकास कार्यों में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है और नागरिकों की शिकायतों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। पेयजल आपूर्ति की अनियमितता से आमजन को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है, वहीं साफ-सफाई के अभाव में बीमारियों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। ज्ञापन के माध्यम से चेताया गया कि यदि शीघ्र ही इन समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो कांग्रेस द्वारा जनहित में उग्र आंदोलन किया जाएगा। तहसीलदार आर.पी. सिंह ने ज्ञापन प्राप्त कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सत्यनारायण सरावत, कुशाल कुशवाहा, आदी पदाधिकारीयों के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## स्थाई सीएमओ से रुके हुए विकास कार्य व समस्याओं का होगा समाधान

**खिलचीपुर।** खिलचीपुर में नगर परिषद सीएमओ के बार बार ट्रांसफर के बाद आज सोमवार को नपा सीएमओ देवनारायण दांगी ने पदभार संभालते हुए नगर रुके हुए विकास कार्य जानकारी लेते हुए एवं जन समस्या संबंधित फाइलों पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने पत्रकार से चर्चा के दौरान बताया कि नगर के लोगों की जन समस्या के लिए ही हम हैं हमारा काम लोगों की जन सेवा करना हैं खिलचीपुर नगर में लोगों की व्याप्त जन समस्याओं पर ध्यान में रखते हुए अनुविभागीय अधिकारी पुलिस प्रशासन अध्यक्ष पार्षद जनप्रतिनिधि के सहयोग से हर समस्या का समाधान करने का प्रयास करेंगें। जहां पर आपसी तालमेल के साथ हर समस्याओं का निराकरण करेंगे। नप सीएमओ के आने से नगर वासियों में एक उम्मीद की किरण जगी है जिससे उनके कार्य समय पर पूर्ण हो जाएंगे। वहीं नगर में हुए घटिया निर्माण कार्यों में हुए भ्रष्टाचार के विकास कार्यों पर भी कार्यवाही कर नगर को स्वच्छ बनाने, ओर पीने योग्य शुद्ध पेयजल नगर वासियों को उपलब्ध कराने का प्रयास करेंगे।

## फिल्टर प्लांट स्थित स्टॉक टेंक की सफाई कर बोरवेल के पानी की जांच करवाई

**महिदपुर।** नगरपालिका द्वारा फिल्टर प्लांट स्थित वाटर स्टॉक टेंक की सफाई करवाई। साथ ही नगर के विभिन्न स्थानों पर बोरवेल के पानी की जांच करवाई गई एवं विभिन्न वार्डों में रखी पानी की टंकियों की सफाई करवाई जा रही है। वार्ड नं. 16 स्नेह सिटी में लिकेज पाईप लाईन दुरूस्त की गई एवं अन्य स्थानों पर भी जहां पाईप लाईन खुली हैं उन्हें चिन्हित कर दुरूस्ती का कार्य किया जा रहा है। सी.एम.ओ द्वारा नागरिकों से भी अनुरोध किया गया है कि वे ऐसे स्थानों की सूचना दें जहां पाईपलाईन लिकेज है अथवा गंदे पानी की मिलावट की संभावना है। सी.एम.ओ. एवं निकाय इंजीनियर द्वारा फिल्टर प्लांट पर पानी की जांच की प्रक्रिया की समीक्षा की एवं आवश्यक मात्रा में एलम, बिल्चिंग की उपलब्धता की व्यवस्था करवाई जा रही है।

## विभिन्न स्थानों पर अलाव जलवाये

**महिदपुर।** शीत लहर को दृष्टिगत रखते हुए नगरपालिका टीम द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों जैसे नवीन बस स्टेण्ड, पुराना बस स्टेण्ड, सिविल हॉस्पिटल, जमातखाना, चौक बाजार, घोड़ा पछाड़ आदि सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाए जा रहे हैं। साथ ही नगरपालिका हॉल में रैन बसेरा की व्यवस्था की गई है जिसमें पर्याप्त मात्रा में बिस्तर एवं कंबल का इंतजाम करवाया गया। साथ ही नगरपालिका की टीम द्वारा रात्री में सार्वजनिक स्थानों पर सोने वालों व्यक्तियों को रैन बसेरे में भेजा जा रहा है।

देवास जनसुनवाई में उठा तेंदुआ शिकार का मामला

# वन विभाग ने निर्दोषों पर की कार्रवाई, फिर से जांच की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



जिला मुख्यालय पर मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में सातखोरी गांव के ग्रामीणों ने तेंदुए के शिकार मामले में वन विभाग की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उनके परिजनों को बिना ठोस सबूत के जबरन गिरफ्तार किया गया है। जनसुनवाई में जिलेभर से 70 से अधिक आवेदकों ने विभिन्न समस्याएं रखीं, जिन पर अपर कलेक्टरों ने त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

### कलेक्टर ने की जनसुनवाई

कलेक्टर ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय पर जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी और संजीव जैन मौजूद रहे। इस दौरान जिले के विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी भी उपस्थित रहे और आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं।

### ग्रामीणों ने लगाए गंभीर आरोप

सातखोरी गांव से पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि वन विभाग ने तेंदुए के शिकार के आरोप में उनके दो परिजनों को गिरफ्तार किया है। विभाग द्वारा उनके पास से शिकार के फंदे बरामद करने का दावा किया गया है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि यह कार्रवाई पूरी तरह निराधार है।

### जबरन कार्रवाई का लगाया आरोप

ग्रामीणों ने अपर कलेक्टर को दिए आवेदन में कहा कि उनके परिजनों को बिना सही जांच और सबूत के आरोपी बनाया गया है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष और गहन जांच कराने की मांग की, ताकि सच्चाई सामने आ सके।

### बाल आशीर्वाद योजना का आवेदन

जनसुनवाई में देवास निवासी आत्माराम खरे ने मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना का लाभ दिलाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। इस पर अपर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## सातखोरी ग्रामीणों ने वन विभाग पर लगाए जबरन कार्रवाई का आरोप

### पीएम आवास योजना से जुड़ा मामला

छोटी चुरलाय निवासी शांताबाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने इस मामले में भी जांच कर पात्रता के आधार पर कार्रवाई के निर्देश दिए। महेशचंद, दिनेश और जुगलकिशोर ने संपत्ति के बंटवारे में त्रुटि सुधार कराने को लेकर आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को मामले की जांच कर नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए।

### अन्य समस्याओं के भी पहुंचे आवेदन

जनसुनवाई में प्रधानमंत्री आवास योजना, जमीन के सीमांकन, बिजली बिल कम कराने, बीपीएल सूची में नाम जुड़वाने, नामांकन, बंटवारा, रास्ते से अतिक्रमण हटवाने और नालियों की साफ-सफाई से जुड़े कई आवेदन प्राप्त हुए। अपर कलेक्टरों ने सभी विभागीय अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों पर गंभीरता से जांच कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए, ताकि आम जनता को समय पर राहत मिल सके।



## तहसीलदार ने किया पतंगों की दुकानों का निरीक्षण, चायना डोर की जांच की

**सुसनेर।** जिला कलेक्टर के निर्देश पर सोमवार को तहसीलदार रामेश्वर दांगी ने नगरीय क्षेत्र में प्रमुख बाजार में संचालित पतंग दुकानों के निरीक्षण किया और विक्रेताओं के यहां चाइना डोर की जांच की गई। इस मौके किसी भी दुकान पर चायना डोर नही पाई गई। विक्रय करते हुए पाए जाने पर दण्डात्मक कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई। इस अवसर पर कस्बा पटवारी मोहित नागर, नगर परिषद सुसनेर के स्टोर कीपर अखलाक खान, नरेश कुमार सिंह, कोटवार बाबू सिंह यादव उपस्थित रहे।

## कोटा में इंदिरा कुशवाह को मिला राष्ट्रीय क्रांतिकारी नवाचारी शिक्षक सम्मान



**ब्यावरा-राजगढ़।** शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और पर्यावरण संरक्षण के लिए उल्लेखनीय कार्य करने वाली शिक्षिका इंदिरा कुशवाह, हाईस्कूल ढकोरा को राष्ट्रीय क्रांतिकारी नवाचारी शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें गत दिनों राजस्थान के कोटा शहर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के नवाचारी शिक्षकों के महाकुंभ में प्रदान किया गया। यह राष्ट्रीय आयोजन विनोबा भावे नगर स्थित मालव धाकड़ छात्रावास में शिक्षा सागर फाउंडेशन एवं पारिवारिक वानिकी के संयुक्त तत्वावधान में राजस्थान कोटा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य देशभर में शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करने वाले तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय शिक्षकों को एक मंच पर लाना था। इस महाकुंभ में देश के 15 राज्यों से चयनित शिक्षकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश से 16 शिक्षक, जबकि राजगढ़ जिले के सात शिक्षक शिक्षिकाओं को मिला राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षक अवार्ड सम्मानित शिक्षकों में महेश त्रिवेदी बलवान सिंह सौधिया इन्दिरा कुशवाह गीतापाल वीरेंद्र सिंहपाल तंवरसिह सोनगरा संतोष विश्वकर्मा शिक्षक-शिक्षिकाओं का चयन हुआ। शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 240 शिक्षकों को राष्ट्रीय क्रांतिकारी नवाचारी शिक्षक सम्मान तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने वाले 35 शिक्षकों को हरित युद्ध सम्मान से सम्मानित किया गया।

# रामराज्य लाने के लिए अंदर के रावण को मारना होगा- ब्रह्माकुमारी दीदी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा




ग्राम कालियादेह में ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शहीद कॉलोनी ब्यावरा एवं ग्रामवासियों के सहयोग से चल रहे सप्त दिवसीय गीता प्रवचन का भव्य समापन हुआ।

समापन सत्र में ब्रह्माकुमारीज की जिला प्रभारी बीके मधु दीदी, ब्यावरा सेवाकेंद्र संचालीका ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी, जिला पंचायत के अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी भाजपा के शहर कोषाध्यक्ष बालचंद दांगी, दांगी समाज के जिलाध्यक्ष रामबगस दांगी सहित बड़ी संख्या में आसपास के गांव से श्रोतागण पधारे सात दिवसीय गीता ज्ञान प्रवचन के समापन दिवस पर योगशक्ति राजयोगिनी सुरेखा दीदी के मुखारविंद द्वारा कहा गया कि भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता है क्योंकि भारत में सर्वगुण संपन्न, 16 कला संपूर्ण देवी देवताओं का निर्विघ्न राज्य था। उस समय के युग को सतयुग कहा जाता था, जिसमें हर नर नारायण के रूप में और नारी स्वयं लक्ष्मी थी, जहां पर सभी जानवर मिलजुल कर एक घाट पर पानी पीते थे, सभी सुखी आनंद से भरपूर थे, किसी भी प्रकार की हिंसा उस युग में नहीं थी। लेकिन आज के समय में जानवर तो जानवर लेकिन परिवार में प्रेम भाव मेलजोल नहीं है। घर के घर बर्बाद हो रहे हैं, यह कलयुग का प्रभाव है। आज के समय में मनुष्य दिखावे के पीछे भाग रहा है। इस कलयुग की चकाचौंध आंधी में भ्रमित होता जा रहा है।

मनुष्य के अंदर अवगुण ही अवगुण दिखाई पड़ते हैं। अपने बुद्धि विवेक से निर्णय करके मानव समाज का उत्थान करने के लिए हम सभी को आगे आना होगा, नहीं तो आने वाला समय बहुत ही नुकसानदायक होगा। इसलिए स्वयं को देखें, अपने अवगुणों को निकालने का प्रयास करें, स्वयं की गलती को स्वीकार करें, दुनियावी बातों से दूर रहे। ईश्वर कहते हैं कि इस समय गृहस्थ धर्म मे रहते हुए अपना जीवन कमलपुष्प सम न्यारा और प्यारा बनाए। तभी हम देवत्व की ओर आगे बढ़ सकते हैं। बुरे लोगों से दूर रहे, रोज सत्संग करें, हमें फिर से रामराज्य को लाना है, तो राम के गुणों को जीवन में धारण करना होगा।

## दिगंबर जैन साध्वी विज्ञश्री माताजी का शाजापुर की तरफ मंगल विहार

**सारंगपुर।** शीतलहर और घने कोहरे के बीच विज्ञश्री माताजी के नेतृत्व में पांच माताजी के संघ ने नंगे पांव साधना के साथ मंगल विहार किया। संघ सारंगपुर से आगर की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। आर्यिका के संघ में 80 वर्ष की बुर्जुग महिला भी लगातार चल रही है। ठंडी हवाएं और कंपकंपा देने वाली शीतलहर के बावजूद माताजी के मुखमंडल पर न कोई शिकन, न ही कदमों में कोई हिचक दिखाई दी। दिगंबर जैन धर्म में मंगल विहार केवल यात्रा नहीं, बल्कि त्याग, अपरिग्रह, अहिंसा और आत्मशुद्धि की निरंतर साधना है। नंगे पांव विहार करना देह-सुख के त्याग और इंद्रिय-संयम का प्रतीक माना जाता है। शीत, कोहरा और कठिन परिस्थितियों में भी यह विहार दिगंबर परंपरा की उस साधना को उजागर करता है, जिसमें साधक शरीर नहीं, आत्मा को प्रधान मानता है। कई स्थानों पर समाजजनों ने मौन श्रद्धा के साथ माताजी के मंगल विहार का अवलोकन किया। जैन समाज के अनुसार मंगल विहार समाज के समक्ष संयम, तपस्या और आत्मानुशासन के मूल सिद्धांतों को सशक्त रूप से प्रस्तुत करता है। आज के भौतिकतावादी और सुविधा-प्रधान जीवन में यह विहार त्याग और साधना का मार्ग दिखाने वाली एक जीवंत प्रेरणा बनकर उभरा है। माताजी का मंगल विहार आगर की दिशा जयपुर की ओर किया जा रहा है।

## सारंगपुर में 10वीं, 12वीं की प्री-बोर्ड परीक्षा शुरू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

सारंगपुर के बस स्टैंड स्थित शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सहित ब्लाक के सभी 11 संकुलो में सोमवार से कक्षा 10वीं और 12वीं की प्री-बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो गईं। पहले दिन कक्षा 12वीं के छात्रों ने कृषि एवं भूगोल विषय की परीक्षा दी, जिसमें लगभग 1500 विद्यार्थी शामिल हुए। परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्ना हुई। जबकि 10वी की परीक्षा में करीब 2100 विद्यार्थी शामिल होंगे। बीईओ सुरेश विरमाल ने बताया कि प्री-बोर्ड परीक्षाएं विद्यार्थियों को वार्षिक बोर्ड परीक्षा के लिए तैयार करने और उनकी तैयारी का आकलन करने के उद्देश्य से आयोजित की जाती हैं। इन परीक्षाओं का मुख्य लक्ष्य छात्रों को बोर्ड परीक्षा के वास्तविक वातावरण से परिचित कराना, उनकी कमजोरियों की पहचान करना और समय प्रबंधन का अभ्यास कराना है।

हिंदू सम्मेलन को लेकर समस्त तैयारियां पूर्ण

# हिंदू सम्मेलन समिति का गठन, समितियां में सभी समाज वर्गों के प्रबुद्ध लोग शामिल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भौरासा



भौरासा नगर मे संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत हिंदू सम्मेलन के आयोजन किया जा रहे हैं बताया जा रहा है कि नगर में जनवरी को हिंदू सम्मेलन आयोजीत किया जाना है,होने वाले हिन्दू संगम के अंतर्गत पहले बौद्धिक कार्यक्रम होंगे।

इसमें महिलाएं बच्चे भी भाग लेंगे इसके बाद सह भोज होगा संगठन की शक्ति और संकल्प का अनुपम दृश्य हिंदू संगम का देखने को मिलेगा बाबा भोलेनाथ की नगरी भौरासा मे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के पावन उपलक्ष में आगामी 11 जनवरी को आयोजित होने वाले विशाल हिंदू सम्मेलन का कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा इस कार्यक्रम को लेकर के कार्यकताओं की उत्साह जनक उपस्थिति ने नव ऊर्जा संचार किया,कार्यक्रम का सबसे महत्वपूर्ण प्रेरक ओर भेवु पक्ष माता बहनों की गरिमा में मैं उपस्थित की रहेगी इस कार्यक्रम की विशेषता यह है कि हिंदू संगठन के कार्यकर्ता एवं मातृशक्ति शक्ति द्वारा प्रत्येक नगर के मोहल्लों कॉलोनी में हिंदू हिंदू परिवारों के घर में पीले चावल देकर निमंत्रण दिए जा रहे है , वही आयोजन स्थल तय किये जा चुके हैं संघ के स्वयंसेवकों के साथ मिलकर आयोजन समिति दो से तीन माह से इसकी तैयारी मे लगे है लगातार बैठके चल रही है सम्मेलन के पूर्व ही नगर में हिंदुत्वमय वातावरण बनने लगा है, वही हिन्दू संगम कार्यक्रम सहभोज सम्मेलन को भव्यता प्रदान करने घर घर पत्रक भी वितरण किये जा रहे हैं।

# जनपद का नवीन भवन निर्मित कराया जाना चाहिए – पंवार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खाचरोद

वर्तमान में जनपद एवं तहसील तथा एसडीएम कार्यालय शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 984 जो कि सात बीघा दो बिसवा है पर निर्मित है इन तीनों कार्यालय के नवीन भवनों की राशि शासन द्वारा पूर्व से ही स्वीकृत है इन का भूमि पूजन 02/01/2026 को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा किया गया है । जनपद अध्यक्ष कु पृथ्वीराज सिंह पंवार ने मुख्यमंत्री पंचायत मंत्री एवं कलेक्टर उज्जैन को पत्र लिखकर जनहित में अनुरोध किया है कि सर्वे क्रमांक 984 रकबा सात बीघा दो बिस्वा शासकीय भूमि है तीन बीघा भूमि पर तहसील एवं एसडीएम कार्यालय का निर्माण होना प्रस्तावित है शेष चार बीघा दो बिस्वा भूमि शेष रहती है इस शासकीय भूमि पर मुख्यमंत्री जी द्वारा भूमि पूजन भी कर दिया गया है इस भूमि पर ही नवीन जनपद भवन का निर्माण हो सकता है लेकिन स्थानीय प्रशासन नवीन जनपद के भवन हेतु दूरस्थ 5 से 6 किलोमीटर निर्मित करने के लिए नित्य नई शासकीय भूमि का चयन किया जा रहा है । पंवार ने बताया कि जनपद की अपनी स्वयं की भूमि है जो तहसील से लगी हुई है वर्तमान में पंचवटी होटल संचालित हो रही है स्थानीय प्रशासन ने मुख्यमंत्री जी से भूमि पूजन जनपद की भूमि पर कराया और अब नवीन भवन के लिए दूसरी दूरस्थ भूमि देखी जा रही है जो मुख्यमंत्री जी के भूमि पूजन का सरासर अपमान होगा। पंवार ने पत्र के माध्यम से इस और भी ध्यान आकर्षित कराया की शासन की नवीन नीति एक परिसर एक प्रशासन इसका पालन स्थानिय प्रशासन क्यों नहीं कर रहा है जो एक गंभीर चिंतन का विषय है।पवार ने यह भी लिखा है कि एसडीएम खाचरोद को 13/11/25 को पत्र क्रमांक 4243 एवं कलेक्टर उज्जैन को 2073 दिनाक 15/7/25 को नवीन जनपद भवन के लिए भूमि आवंटन हेतु अनुरोध किया गया था जब तीनों नवीन भवन के निर्माण हेतु पर्याप्त शासकीय भूमि उपलब्ध है तो स्थानीय प्रशासन क्यों गुमराह कर रहा है। कलेक्टर उज्जैन को हस्तक्षेप करना चाहिए कि जब पर्याय तो भूमि उपलब्ध है और इस भूमि पर मुख्यमंत्री जी से 2/1/26 को भूमि पूजन कराया फिर अन्यत्र व दूरस्थ नवीन जनपद के भवन हेतु भूमि का चयन करने का क्या ओच्चित्य है

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मैरे पक्षकार ने भूखण्ड मालिक श्री दीपक तिवारी पिता श्री रामकमल जी तिवारी निवासी मकान नं 12 वार्ड नं 10 शांतिनगर गोहरगंज नादोर रायसेन (म.प्र.) से उनके द्वारा दस्तावेज क्रमांक MP17IGR18842025A100915981 के माध्यम से क्रय किया हुआ भूखण्ड क्रमांक 21 जिसकी साईज 20 बॉय 50 यानि 1000 वर्गफीट का भाग जिसका कुल एरिया 92.93 वर्गमीटर का भाग 10 बॉय 50 यानि 500 वर्गफीट अर्थात 46.4684 वर्गमीटर है। जो कि स्थित कनकश्रृंगा रेसीडेंसी कॉलोनी ग्राम साहेबखेड़ी तहसील व जिला उज्जैन म०प्र० में है। उक्त भूखण्ड के भाग का सौदा मेरे पक्षकार के हित में किया गया है। उक्त भूखण्ड के विक्रय में तल भूमि मय हवाई हक सम्मिलित है। उक्त भूखण्ड का विक्रय टोकन/सौदा चिठठी/अनुबंध पत्र संपादित करवाकर बयाना राशि भी मैरे पक्षकार से प्राप्त कर ली है।

यह कि उक्त भूखण्ड विक्रय में यदि उक्त अनुबंधित भूखण्ड को विक्रय या अंतरित किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त भूखण्ड/संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति संस्था, बैंक, निकाय शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ या हित अधिकार आधिपत्य बिक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार हो इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयिन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा । तत्पश्चात कोई आपत्ति मैरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारी नही होगी। सुचित हो । इति दिनांक-06-01-2026

**ज्योतिष शर्मा**
**(दस्तावेज लेखक/सर्विस प्रोवाईडर)**
**कार्यालय पता उन्हैल चौराहा भैरवगढ़ उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबा. 96300-65216**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती सिमरन आहुजा पति श्री राहुल आहुजा, निवासी-150, महाश्वेता नगर, उज्जैन (म.प्र.) से इनके स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक 55 स्थित अमरसिंह मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन जो तीन मंजिला पक्का गार्डर फर्शी का निर्मित है, जिसका कुल भूतल क्षेत्रफल 486.66 वर्ग फीट या 45.14 वर्ग मीटर है, जिसकी लम्बाई- पूर्व से पश्चिम 40 फीट मय आसार दिवार पश्चिम के व चौड़ाई- उत्तर से दक्षिण मय आसार हर दो दिवार के 12 फीट 2 इंच होकर भवन के पूर्व में- सड़क सरकारी, पश्चिम में- शामलाती गली 5 फीट वाली, उत्तर में- मकान विष्णु जी सिंधी का, दक्षिण में- मकान काशीबाई पति फुलाभाई पटेल वाला है, को क्रय करने का सौदा कर आंशिक प्रतिफल राशि अदा कर दी है, शेष प्रतिफल राशी अदा कर विक्रय-पत्र का निष्पादन व पंजीयन कराना शेष है।

उक्त वर्णित भवन में किसी अन्य का कोई स्वत्व, हित या अधिकार हो, अन्य किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था या बैंक का कोई ऋण, भार बकाया हो, भवन अन्यत्र कहीं रहन, बय या दान किया हुआ हो और इस भवन के विक्रय में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात दिवस की समयावधि में मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज लेखी प्रमाण के लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद व्यतीत होने अवधि विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री करा ली जावेगी और बाद में कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी, और न ही मेरे पक्षकार के स्वत्व, हित व आधिपत्य को प्रभावित करेगी। सूचित हो । दिनांक 06/01/2026

**प्रमोद कुमार जैन एडवोकेट**
**4, महावीर नगर, सावेंर रोड, उज्जैन**
**मोबाईल नं. 94068-86383**

## 100 से ज्यादा की रफ्तार में दुकान में घुसी एक्सयूवी



**छिंदवाडा।** छिंदवाड़ा के खजरी मार्ग पर सोमवार देर रात एक तेज रफ्तार एक्सयूवी कार अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गई। कार पहले सड़क किनारे लगे एक खंभे से टकराई। इसके बाद पलटते हुए पास की दो दुकानों में जा घुसी। हादसे में कार चालक वंश राजपूत (21) गंभीर रूप से घायल हो गया। देहात थाना पुलिस के मुताबिक, वाहन ( 28 9890) तेज गति से चल रही थी। इसी दौरान चालक वंश राजपूत का वाहन से नियंत्रण हट गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दुकानों को भी नुकसान पहुंचा है। हादसे के समय कार के एयरबैग नहीं खुले, जिससे चालक के सिर में गंभीर चोटें आईं। सिर के दोनों तरफ गहरी चोट लगने से काफी खून बह गया।

## स्वेटर पर ऑमलेट के टुकड़े ने कातिल तक पहुंचाया

**ग्वालियर ।** ग्वालियर में आठ दिन पहले हुए एक महिला के अंधे कत्ल का खुलासा करने में पुलिस ने अपनी पूरी स्किल्स लगा दी। पकडा गया आरोपी मृतका से 9 साल छोटा है। उसने कुबूल किया कि उसने पहले अपनी गर्लफ्रेंड को शराब पिलाई फिर रेप किया और सिर पर पत्थर पटक कर मार डाला। घटनास्थल से पुलिस को मृतका के स्वेटर से ऑमलेट का टुकडा मिला था। टुकडा बहुत छोटा सा एविडेंस था, लेकिन पुलिस ने तकनीक का इस्तेमाल कर इसे सबसे बडा क्लू बना लिया। पुलिस ने पहले ढ्ढ से महिला के कुचले चेहरे को आकार दिया, फिर उसे (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्किंग सिस्टम) में अपलोड किया तो टीकमगढ की संगीता उर्फ सुनीता पाल की पूरी जानकारी सामने आ गई, क्योंकि यह महिला लापता हुई थी और नवंबर 2024 में मिली थी। इसके बाद अंडे के 200 ठेले खंगाले तो महिला को एक युवक के साथ देखे जाने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस की टीम ने 50 से ज्यादा खंगाल कर पूरा खुलासा कर दिया।

## सुप्रीम कोर्ट बोला-गलत फैसले पर जज को सजा नहीं



**भोपाल/नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मध्य प्रदेश के न्यायिक अधिकारी निर्भय सिंह सुलिया की बर्खास्तगी रद्द कर दी। कोर्ट ने अहम टिप्पणी करते हुए कहा- सिर्फ गलत या त्रुटिपूर्ण न्यायिक आदेश पारित करने के आधार पर किसी न्यायिक अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की जा सकती। दरअसल सुलिया को वर्ष 2014 में सेवा से हटाया गया था। तब वे अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश खरगोन के पद पर कार्यरत थे। सुलिया पर भ्रष्टाचार और आबकारी अधिनियम से जुड़े मामलों में जमानत याचिकाओं पर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप था। कहा गया था कि 50 बल्क लीटर से अधिक शराब की जब्ती वाले कुछ मामलों में उन्होंने जमानत दी, जबकि ऐसे अन्य मामलों में उसी आधार पर जमानत खारिज की। विभागीय जांच के बाद हाई कोर्ट ने उन्हें बर्खास्त कर दिया था। अब जस्टिस जेबी परदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने आदेश दिया कि 27 साल तक बेदाग सेवा देने वाले जज को बिना ड्यू प्रोसेस अपनाए हटाया गया, जो न्यायसंगत नहीं है।

## गांव की आबादी 1300, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र 27 हजार बने

**मुंबई।** महाराष्ट्र के यवतमाल जिले में सिविल रजिस्ट्रेशन सिस्टम में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। 1300 आबादी वाली शेंदुरसानी ग्राम पंचायत में 27 हजार जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र जारी होने का मामला पकड़ा गया है। राज्य सरकार ने इस मामले की जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम गठित की है। अधिकारियों के मुताबिक गांव की जनसंख्या और जारी प्रमाणपत्रों की संख्या में भारी अंतर है। सरकारी जानकारी के अनुसार सिर्फ 3 महीनों में गांव में 27398 डिलेयड बर्थ रजिस्ट्रेशन (देरी से रजिस्टर्ड बर्थ सर्टिफिकेशन) दर्ज किए गए। यह आंकड़ा सामान्य जनसांख्यिकीय स्थिति से बिल्कुल अलग है। अधिकारियों के मुताबिक इससे डिजिटल रजिस्ट्रेशन सिस्टम के दुरुपयोग और फर्जीवाड़े की आशंका जताई जा रही है। इस मामले की शुरुआती जांच यवतमाल एसडीओपी ने की थी। इसके बाद गृह विभाग ने जांच स्ढ्ढञ्ज को सौंपी है।

## स्कूलों की छुट्टियां बडी,घने कोहरे से ट्रेनें 14 घंटे तक लेट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में रात के साथ दिन भी ठंडे हैं। शीतलहर चलने से यह स्थिति बनी है। मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार को प्रदेशभर में दतिया में पारा सबसे कम 17.6 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, श्योपुर में तापमान 18.2 डिग्री, नौगांव में 18.5 डिग्री, ग्वालियर में 18.9 डिग्री, खजुराहो में 20.4 डिग्री, रीवा-टीकमगढ में 20.6 डिग्री, नरसिंहपुर-मलाजखंड में 21 डिग्री, पचमडी-सीधी में 21.6 डिग्री, भोपाल-दमोह में 21.8 डिग्री और रतलाम-गुना में 22.4 डिग्री दर्ज किया गया। उधर, सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात राजगढ़ में न्यूनतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 235-0 | 248-4 |
| मेन बाजार | 299-0 | 335-1 |
| कल्याण नाइट | 148-3 | 179 -7 |
| मिलन डे | 680-4 | 468-8 |
| मिलन नाइट | 166-3 | 450-9 |
| मधुर डे | 259-6 | 457-6 |
| मधुर नाइट | 459-8 | 160-7 |
| शुभांक | 2 | 5 8 |

# शीत लहर की गिरफ्त में शाजापुर 4.1 डिग्री के साथ ठंडी रात

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर



उत्तर भारत के बर्फीले पहाड़ों से टकराकर आ रही सर्द हवाओं ने पूरे शाजापुर जिले को अपनी आगोश में ले रखा है। जिले में कड़ाके की ठंड का आलम यह है कि सूरज की तपिश भी अब बेअसर साबित हो रही है।

बीती रात शाजापुर में सीजन का सबसे तीखा प्रहार देखने को मिला, जब न्यूनतम तापमान गोता लगाकर 4.1 डिग्री सेल्सियस के स्तर पर जा पहुंचा। बर्फीली पूर्वी हवाओं के कारण गलन इतनी बढ़ गई है कि लोग दिन में भी ठिठुरने को मजबूर हैं।

### हवाओं की रफ्तार ने बढ़ाई मुसीबत

जिले में पिछले कुछ दिनों से ठंड के तेवरों ने आम जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर रखा है। दिन भर 12 किलोमीटर प्रति घंटे की औसत गति से चली पूर्वी हवाओं ने वातावरण में सिहरन पैदा कर दी। हालांकि दिन का अधिकतम तापमान 22.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, लेकिन लगातार चलती ठंडी हवाओं के कारण धूप में वह गर्माहट महसूस नहीं हुई जो राहत दे सके। हवा में नमी का स्तर यानी आर्द्रता मात्र 34 प्रतिशत रही, जिससे इस शुष्क ठंड का अहसास और ज्यादा सितम गर हो गया है।

जनजीवन और फसलों पर असर

कड़ाके की इस ठंड ने जिले की रफ्तार को काफी हद तक रोक रखा है। शाम ढलते ही बाजारों में सन्नाटा पसरने लगा है और लोग जगह-जगह अलाव जलाकर ठिठुरन दूर करने की जद्दोजहद करते नजर आ रहे हैं। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार यदि पारा और गिरता है तो पाला पड़ने की आशंका बढ़ सकती है, जिसे लेकर किसानों ने भी सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है।

# चीलर नदी के कायाकल्प की तैयारी, 30 करोड की डीपीआर तैयार, गंदे नालों पर लेगा ब्रेक

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर



शहर की चीलर नदी को एक बार फिर निर्मल और स्वच्छ बनाने के लिए नगरपालिका ने कमर कस ली है। नदी के संरक्षण और सुंदरीकरण के लिए 30 करोड़ रुपए की एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर मध्य प्रदेश शासन को भेजी गई है। इस महत्वाकांक्षी योजना के धरातल पर उतरते ही चीलर नदी का स्वरूप पूरी तरह बदल जाएगा।

### परखा नदी का हाल

नदी की वर्तमान स्थिति और उसमें गिरने वाले नालों के तकनीकी समाधान के लिए मंगलवार को जल गंगा मिशन के सेवानिवृत्त अधिकारी देवेंद्र सिंह ढपौला शाजापुर पहुंचे। नगरपालिका के विशेष आमंत्रण पर आए ढपौला ने पूरी नदी का सघन निरीक्षण किया और पानी की जांच रिपोर्ट का बारीकी से अध्ययन किया। निरीक्षण के बाद विशेषज्ञ ढपौला ने उत्साहजनक बात कही। उन्होंने बताया कि चीलर नदी का पानी वर्तमान में बहुत अधिक दूषित नहीं है और इसे थोड़े से प्रयासों से पूरी तरह शुद्ध किया जा सकता है।

उन्होंने सुझाव दिया कि नदी में सीधे गिरने वाले गंदे नालों को सीवरेज लाइन से जोड़ा जाए। इससे घरों और कारखानों का गंदा पानी नदी में मिलने के बजाय ट्रीटमेंट प्लांट तक जाएगा। विशेषज्ञ ने शहरवासियों से भी भावुक अपील की है। उन्होंने कहा, नदी को साफ रखना केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि समाज की भी जिम्मेदारी है। उन्होंने नागरिकों से पॉलीथीन का उपयोग बंद करने और खरीदारी के लिए घर से कपड़े का थैला साथ ले जाने का आग्रह किया ताकि कचरा नदी तक न पहुंचे।

## हवन-पूजन और रक्तदान के साथ सेवा कार्यों की रही धूम

**शाजापुर।** नगर के प्रसिद्ध धार्मिक संगठन श्री अंजनीनंदन सुन्दरकाण्ड भक्त मंडल की नौवीं वर्षगांठ मंगलवार को सेवा भाव के साथ मनाई गई। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी प्रात: 6 बजे से ही विजय नगर स्थित हनुमान मंदिर पर धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला शुरू हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु और मंडल के सदस्य सम्मिलित हुए। स्थापना दिवस पर मंडल के सदस्यों द्वारा विधि-विधान से हवन-पूजन किया गया। इसके पश्चात हनुमान जी की भक्ति में लीन होकर सामूहिक सुन्दरकाण्ड का पाठ किया गया। आयोजन के अंत में भगवान सत्यनारायण की कथा का वाचन हुआ, जिसमें सभी ने विश्व कल्याण की कामना की। भक्त मंडल ने अपनी वर्षगांठ को केवल पूजा-पाठ तक सीमित न रखते हुए सामाजिक सरोकार से भी जोड़ा। इस मौके पर मंडल सदस्यों ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर रक्तदान भी किया। सदस्यों का कहना था कि यह रक्त किसी जरूरतमंद का जीवन बचाने के काम आए।

## राठौर क्षत्रिय समाज ट्रस्ट उज्जैन के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष सतीश राठौर की पूज्यनीय माताजी का निधन हो गया

**उज्जैन।** अत: दुख के साथ सूचित किया जाता है राठौर क्षत्रिय समाज ट्रस्ट उज्जैन के संस्थापक ट्रस्टी एवं समाज रत्न स्व. श्री गेदालाल जी राठौर(जावरा वाले) की धर्मपत्नी एवं वरिष्ठ समाजसेवी ओमप्रकाश राठौर,राठौर क्षत्रिय समाज ट्रस्ट उज्जैन के पूर्व अध्यक्ष सतीश राठौर एवं विजय राठौर की पूज्यनीय माताजी 100 वर्ष पूर्ण कर के श्री जी के धाम श्रीमती रतनबाई राठौर का स्वर्गवास हो गया है। जिनकी अन्तिम सदायु यात्रा दिनांक 7 जनवरी 2026 को प्रात: 11.00 बजे निज निवास 189, रविन्द्र नाथ टैगोर मार्ग अब्दालपुरा गीता कालोनी उज्जैन से चक्रतीर्थ नाम शिप्रा तट उज्जैन जावेगी। विशेष नोट साड़ी एवं कपड़ा प्रथा बंद है फर्मढ्ढभास्कर आटो एवं कार डेकोर भास्कर ग्लास एण्ड आटो इले.दुर्गा प्लाजा फ्रीगंज उज्जैन।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुझ जाहिर सूचनाकर्ता अरूण चौधरी पिता राजेश चौधरी, निवासी-37, जयसिंहपुरा, उज्जैन म.प्र. के पैतृक स्वामित्व व आधिपत्य का भूखंड क्रं. 2/224 जिसका नया नंबर 38 जो कि जयसिंहपुरा, उज्जैन म.प्र. में स्थित है। उक्त भूखंड पैतृक संपत्ति के रूप में स्थित है। उक्त भूखंड मुझ जाहिर सूचनाकर्ता की सहमति व बिना अनुमति के बगैर क्रेतागण संतोष जैन पिता रखबचंद जैन, निवासी-64/1, गुदरी चौराहा, उज्जैन म.प्र. एवं अशोक कुमार सोलंकी पिता रामचंद्र सोलंकी, निवासी-37 आर्य समाज मार्ग, उज्जैन म.प्र. के द्वारा क्रय किया गया है। जिस पर मुझ जाहिर सूचनाकर्ता के द्वारा एक सांपत्तिक वाद प्रकरण क्रं. आरसीएसए 701/2025 अरूण चौधरी आदि विरूद्ध संतोष जैन आदि के नाम से माननीय व्यवहार न्यायाधीश महोदय वरिष्ठ खंड जिला, उज्जैन में प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण वर्तमान में विचाराधीन है लेकिन मुझ जाहिर सूचनाकर्ता को ज्ञात हुआ है कि उक्त भूखंड क्रं. 2/224 जिसका नया नंबर 38 को क्रेतागण संतोष जैन पिता रखबचंद जैन, निवासी-64/1, गुदरी चौराहा, उज्जैन म.प्र. एवं अशोक कुमार सोलंकी पिता रामचंद्र सोलंकी, निवासी-37 आर्य समाज मार्ग, उज्जैन म.प्र. के द्वारा विक्रय किये जाने हेतु प्रयासरत है। ऐसी स्थिति में मुझ जाहिर सूचनाकर्ता की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखंड क्रं. 2/224 जिसका नया नंबर 38 के क्रय-विक्रय के संबंध में कोई भी व्यक्ति, बैंक, शासकीय बैंक, पेढ़ी, सहकारी पेढ़ी, संस्था निकाय, आदि किसी भी प्रकार का कोई क्रय-विक्रय आदि के संबंध में कोई संव्यवहार मेरे पक्षकार की सहमति व अनुमति के बगैर ना करें एवं वर्तमान जाहिर सूचना के पश्चात भी उक्त संपत्ति को क्रय-विक्रय या अंतरित किया जाता है तो ऐसी स्थिति में ऐसा संव्यवहार वर्तमान जाहिर सूचना के प्रभाव में शून्य होकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा। सो सूचित हो।

इति दिनांक 06/01/2025

**अरूण चौधरी पिता राजेश चौधरी**
**निवासी-37, जयसिंहपुरा, उज्जैन मो. 9926248171**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार अब्दुल मुकीम खान निवासी झोकर के द्वारा जिन्नत बी पति नन्नु खाँ, रुस्तम खॉ पिता नन्नु खाँ आजम खाँ पिता नन्नु खॉ आरीफ खों पिता नन्नु खाँ, तस्लीम बी पिता नन्नु खाँ तनजीम बी पिता नन्नु खाँ व तकरीम बी पित्ता नन्नु खॉ निवासीगण झोंकर शाजापुर (म0प्र0) से उनके मालिकी स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि ग्राम नान्दला तहसील टोंकखुर्द व जिला देवास में सर्वे न 407/2 रकबा 0.1800 हैक्टेयर कुल सर्वे नं 01 कुल रकबा 0.1800 हैक्टेयर को क्रय करने का सौदा तय किया होकर विक्रेता को मेरे पक्षकार के द्वारा आंशिक बयाने की राशि अदा कर दी गई है। उक्त भूमि पर किसी शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था या किसी बैंकिंग संस्था या किसी व्यक्ति विशेष का कोई ऋण लेन-देन या भार बोझ इत्यादि हो या कोई पारिवारिक हक या हूकूक या कोई पारिवारिक विवाद हो या किसी का कोई विकय अनुबंध हो तो वह अपनी आपत्ति जाहिर सुचना प्रकाशन के सात (7) दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय में मय प्रमाण के लिखीत प्रस्तुत करे। अन्यथा अवधि पश्चात उपरोक्त वर्णित भूमि की रजिस्ट्री मेरा पक्षकार शेष राशि अदा कर अपने नाम या जिसके नाम पर चाहेगा, उसके नाम सपादित करवा लेवेगा। पश्चात किसी भी तरह की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी। सो सूचित हो।

स्थान देवास (म.प्र.) दिनांक 24/09/2025

**अब्दुल हकीम पठान एडवोकेट**
**बीकॉम एलएलबी मोती बंगला मेंन रोड इन फंट आफ मस्जिद लोटन शाह दरगाह देवास**
**मो. 9827204343**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन स्वामी श्रीमती पुष्पा तोमर पति श्री डॉ. गजराजसिंह तोमर, निवासी-37 बहादुरगंज उज्जैन (म. प्र.) के एकल मालिकी स्वामित्व में भवन क्रमांक-108 जो कि स्नेह नगर कॉलोनी सांवेर रोड, उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। भवन एक मंजिला आर. सी. सी. की छत का बना है। भवन की पैमाईश में लम्बाई-पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर व दक्षिण समान 40 फीट या 12.19 मीटर, चौड़ाई उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व व पश्चिम समान-25 फीट या 07.62 मीटर होकर भवन के भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 1,000.00 वर्गफीट या 92.89 वर्गमीटर है। भवन की चर्तु:सीमा में-पूर्व दिशा में-भवन क्रमांक-109, पश्चिम दिशा में भवन क्रमांक-107, उत्तर दिशा में रास्ता कॉलोनी का एवं दक्षिण दिशा में-भवन क्रमांक-113 स्थित है। उक्त पैमाईश व चर्तु:सीमा के मध्य स्थित भवन को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भवन स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। उक्त भवन पर अन्य किसी व्यक्ति, सोसायटी, संस्था, समूह, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, बकाया आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस ज़ाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। इति दिनांक-06.01.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-ए-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मो. नं.-94259-46659**

### जाहिर सुचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार ने रामप्रसाद पिता पूनमचंद निवासी व कृषक ग्राम बोलासा तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके एकमेव स्वामित्व स्वत्व तथा आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 152/1 रकबा 0.10 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 155 रकबा 0.14, सर्वे क्रमांक 158/1 रकबा 0.28 हेक्टेयर तथा सर्वे क्रमांक 158/2 रकबा 0.14 हेक्टेयर कुल किता 4 कुल रकबा 0.66 हेक्टेयर स्थित ग्राम बोलासा तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है को क्रय करने का सौदा किया होकर टोकन बयाना राशि दी है तथा अब उक्त भूमिस्वामी को शेष बयाना राशि एव तत्पश्चात शेष विक्रयधन राशि अदा कर उनसे अनुबंध-पत्र एव तत्पश्चात विक्रय- पत्र का संपादन व पंजीयन करवाया जाना है, यदि उक्त वर्णित भूमि पर किसी बैंक, व्यक्ति, संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार, मतालबा हो, या किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, पेनल्टी, दण्ड, ब्याज या देनदारी आदि बकाया हो वा उक्त वर्णित भूमि में किसी का कोई स्वत्व, हित, क्लेम हो अथवा इस विक्रय बाबत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के अन्दर सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति पेश करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा, अन्यथा बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा शेष बयाना राशि एव तत्पश्चात शेष विक्रयधन अदा किया जाकर भूमिस्वामी से अनुबंध-पत्र एव तत्पश्चात विक्रय-पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जायेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही की जायेगा सो सूचित हो। यह घटना 06-01-2025 को उज्जैन में घटित हुई।

**अजय कुमावत एडवोकेट**
**कार्यालय पुलिस कंट्रोल रूम के सामने उज्जैन**
**मो. 9993364312**

## शाजापुर की बेटी रचेगी इतिहास, दिल्ली परेड में लक्ष्मी पुष्पद का चयन

**शाजापुर।** मेहनत और दृढ़ संकल्प जब मिल जाते हैं, तो सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित होते हैं। इसे सच कर दिखाया है प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शाजापुर की एनएसएस स्वयंसेविका लक्ष्मी पुष्पद ने। लक्ष्मी का चयन नई दिल्ली में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह-2026 के लिए हुआ है, जहां वे अपने अभिभावकों के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में सहभागिता करेंगी।

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना निदेशालय, नई दिल्ली द्वारा लक्ष्मी का चयन किया गया है। लक्ष्मी न केवल महाविद्यालय बल्कि उज्जैन संभाग और सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए पूरे प्रदेश का नाम रोशन करेंगी। गौरतलब है कि वह शाजापुर-आगर मालवा संयुक्त जिले और उज्जैन संभाग की प्रथम छात्रा स्वयंसेविका हैं, जिन्हें यह गौरव प्राप्त हुआ है। ग्राम करजू निवासी नारायण सिंह पुष्पद की पुत्री लक्ष्मी की यह सफलता उनकी निरंतर मेहनत का परिणाम है। उनके नेतृत्व में ही गणतंत्र दिवस 2025 जिला मुख्यालय पर एनएसएस प्लाटून ने प्रथम प्रयास में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्वतंत्रता दिवस 2025 परेड में उनके नेतृत्व में एनएसएस की टुकड़ी ने प्रथम स्थान हासिल किया। अब एसयूओ लक्ष्मी पुष्पद दिल्ली में विशिष्ट अतिथि सदस्य के रूप में शामिल होकर अपनी उपलब्धि में एक नया अध्याय जोड़ेंगी। लक्ष्मी की इस उपलब्धि पर सम्राट विक्रमादित्य विवि के रासेयो कार्यत्र्क्रम समन्वयक डॉ. शेखर मैदमवार, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष विपुल कसेरा और प्राचार्य डॉ. वी.पी. मीणा ने हर्ष व्यक्त किया है।

## दतिया में वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**दतिया।** दतिया के पण्डोखर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव मैंथाना पहूज के मोड़ के पास सोमवार रात सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब युवक ससुराल से वापस लौट रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मंगलवार दोपहर पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक उत्तर प्रदेश के मोठ कस्बा का रहने वाला था। परिजनों ने पुलिस को बताया कि आशीष रविवार रात बिना किसी को जानकारी दिए अपनी ससुराल गांव मैंथाना पहूज गया था। वहां से सोमवार रात वह बाइक से वापस लौट रहा था। सोमवार रात पहूज मोड़ के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि आशीष सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

## वीआईपी दर्शन के लिए दलाल ने उखाड़ी रेलिंग, वीडियो, दबाव बनाया

**दतिया।** दतिया के श्री पीतांबरा पीठ पर वीआईपी दर्शन के नाम पर नियमों के उल्लंघन का मामला सामने आया है। एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक दलाल ने उत्तर प्रदेश सरकार की एक मंत्री को दर्शन कराने के लिए मंदिर परिसर में रेलिंग उखड़वा दी। यह घटना 1 जनवरी की बताई जा रही है, जिसका वीडियो 4 जनवरी की शाम को सामने आया। पीठ प्रबंधन ने इस व्यक्ति की पहचान पवन चतुर्वेदी के रूप में की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मंदिर परिसर में कुछ दलाल सक्रिय हैं जो आम श्रद्धालुओं के अधिकारों की अनदेखी करते हुए सुरक्षा और व्यवस्था के नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि वे घंटों लाइन में खड़े रहते हैं, जबकि वीआईपी भीड़ दलालों के इशारे पर सीधे दर्शन कर लेती है। सुरक्षा में तैनात स्टाफ और न्यास मंडल के सदस्य इस पूरी प्रक्रिया को देखते रहते हैं। वीडियो सामने आने के बाद भी प्रबंधन ने अब तक दलाल और संबंधित लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। इस मामले में पीठ के प्रबंधक महेश दुबे ने बताया कि उन्होंने युवक की पहचान पवन चतुर्वेदी के रूप में कर ली है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## 10 लाख की बोलेरो से ढोई जा रही थी अवैध शराब, घेराबंदी कर दबोचे दो तस्कर

**शाजापुर।** जिले में अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत के नेतृत्व में क्लीन स्वीप अभियान जारी है। इसी कड़ी में थाना लालघाटी पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए लग्जरी बोलेरो निओ वाहन से भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त की है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर वाहन सहित कुल 10 लाख 48 हजार रुपये का मशरूका बरामद किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय व एसडीओपी अजय कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में लालघाटी थाना प्रभारी को मुखबिर से सटीक सूचना मिली थी कि एक सफेद बोलेरो निओ में शराब की बड़ी खेप ले जाई जा रही है। पुलिस टीम ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए राघवेल जोड़ पर घेराबंदी की। जैसे ही संदिग्ध वाहन वहां पहुंचा, पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया। तलाशी लेने पर पुलिस की आंखें फटी रह गईं। गाड़ी के अंदर 12 पेटी अवैध देशी प्लेन शराब (108 बल्क लीटर) छिपाई गई थी। पुलिस ने मौके से अवैध परिवहन कर रहे दो तस्करों को हिरासत में लिया है। पकड़े गए आरोपियों के नाम संजय पिता प्रहलाद सिंह गुर्जर निवासी टुंगनी और संजय पिता भोलाराम गुर्जर निवासी अनखली बताए जा रहे हैं। पुलिस ने शराब कीमत 48,000 और तस्करी में इस्तेमाल की जा रही नई बोलेरो कीमत 10 लाख को जब्त किया है। उक्त पूरी कार्रवाई को सफलतापूर्वक अंजाम देने में थाना प्रभारी अर्जुनसिंह मुजाल्दे, प्रधान आरक्षक चंद्रपाल जाट, प्रमोद नागर और जितेंद्र यादव का विशेष योगदान रहा।

## सांसद को भेंट की माता की तस्वीर

**शाजापुर।** महिला मोर्चा कुर्मी समाज की प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद लता वानखेड़े के शाजापुर आगमन पर उन्हे जिला अध्यक्ष कुर्मी समाज शाजापुर रवींद्र वर्मा कुर्मी ने सौजन्य भेंट कर राज राजेश्वरी माता मंदिर में मां राजेश्वरी की एक तस्वीर भेंट की। इस अवसर पर शाजापुर भाजपा जिला अध्यक्ष रवि पांडे, शाजापुर विधायक अरुण भीमावद, भाजपा के किरण ठाकुर, पूर्व नपा उपाध्यक्ष मनोहर विश्वकर्मा, मीडिया प्रभारी संजय शिवहरे सहित भाजपा के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के अब्दुल हकीम निवासी उज्जैन द्वारा सलीम खाँ पिता गफ्फार खाँ व भय्यु खान पिता गफ्फार खॉ निवासीगाण 421, वार्ड नं. 12, छोटा बाजार, झोंकर शाजापुर (म.प्र.) से उनके मालिकी स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि ग्राम नान्दला तहसील टोंकखुर्द व जिला देवास में सर्वे नं. 404 रकबा 1.4600 हैक्टेयर च सर्व नं. 405 रकबा 0.4700 हेक्टेयर कुल सर्वे नं. 02 कुल रकबा 1.6300 हैक्टेयर, को क्रय करने का सौदा तय किया होकर विक्रेता को मेरे पक्षकार के द्वारा आंशिक बयाने की राशि अदा कर दी गई है। उक्त भूमि पर किसी शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था या किसी बैंकिग संस्था या किसी व्यक्ति्त विशेष का कोई ऋण लेन-देन या भार बोझ इत्यादि हो या कोई पारिवारिक हक या हुकूक या कोई पारिवारिक विवाद हो या किसी का कोई विक्रय अनुबंध हो तो वह अपनी आपत्ति जाहिर सुचना प्रकाशन के सात (7) दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय में मय प्रमाण के लिखीत प्रस्तुत करे। अन्यथा अवधि पश्चात उपरोक्त वर्णित भूमि की रजिस्ट्री मेरा पक्षकार शेष राशि अदा कर अपने नाम या जिसके नाम पर चाहेगा, उसके नाम संपादित करवा लेवेगा। पश्चात किसी भी तरह की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बधनकारी नहीं रहेगी। सो सूचित हो। स्थान- देवास (म.प्र.) दिनांक 24/09/2025

**अब्दुल हकीम पठान एडवोकेट बीकॉम एलएलबी**
**मोती बंगलो मेंन रोड इन फ्रंट आफ मस्जिद लोटन शाह दरगाह**
**देवास मोबाइल नंबर 9827204343**

## न्यूज-कॉलम

### 5वीं तक के स्कूलों में अवकाश, कक्षा 6 से 8 तक का समय बदला

**मन्दसौर।** मंदसौर जिले में पिछले कुछ दिनों से न्यूनतम तापमान में अत्यधिक गिरावट दर्ज की गई है। शीतलहर की स्थिति को देखते हुए बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े, इसी उद्देश्य से जिला शिक्षा अधिकारी टेरेसा मिंज द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जिले के सभी शासकीय और अशासकीय (निजी) स्कूलों में छोटे बच्चों के लिए छुट्टियों की घोषणा की गई है। आदेश अनुसार कक्षा नर्सरी से कक्षा पांचवीं तक के विद्यार्थियों का 7 से 13 तक अवकाश रहेगा एवं कक्षा 6 से 8 तक संचालित शासकीय एवं अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों के शाला संचालन का समय प्रातः 10 से रहेगा। अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियाँ यथा परीक्षा आदि पूर्ववत संचालित रहेंगी। पूर्व में प्रशासन ने कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों का 5 व 6 जनवरी को अवकाश घोषित किया था।

### माँ तुझे प्रणाम योजनांतर्गत तीन एनएसएस स्वयं सेविकाओं का चयन

**मंदसौर।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण, मध्य प्रदेश द्वारा च्माँ तुझे प्रणामज योजना के अंतर्गत शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर तीन एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने जयाप्रकाशिका, जानवी जैन और मीना राठौड़ का चयन 5 दिवसीय सांस्कृतिक व शैक्षणिक भ्रमण के लिए हुआ है। प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे ने इस उपलब्धि पर हर्ष जताते हुए छात्राओं को बधाई दी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार आर्य ने बताया कि ये छात्राएं राजस्थान के जैसलमेर स्थित तनोट माता मंदिर और अंतर्राष्ट्रीय सीमा का भ्रमण करेंगी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रवाद, देशभक्ति और सैनिकों के प्रति सम्मान की भावना जागृत करना है। इस अवसर पर डॉ. के.आर. सूर्यवंशी और डॉ. ललिता लोधा ने चयनित छात्राओं को बधाई दी।

### नेशनल स्कूल गेम्स के लिए डीना का चयन

**मंदसौर।** नियुद्ध एयर गन शूटिंग एसोसिएशन की प्रतिभावान निशानेबाज डीना हरतलिया का चयन 69वें नेशनल स्कूल गेम्स के लिए हुआ है। वह इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्पर्धा (राइफल शूटिंग) में पहुंचने वाली मंदसौर की पहली बालिका खिलाड़ी बन गई हैं। डीना वर्तमान में भोपाल में 5 से 9 जनवरी तक आयोजित हो रहे नेशनल स्कूल गेम्स में मध्य प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। हाल ही में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर उन्होंने राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु अपना स्थान पक्का किया था। उनकी इस सफलता का श्रेय प्रशिक्षक नियुद्ध गुरु प्रवीण भंडारी और अजय सिंह चौहान को दिया गया है। नियुद्धाचार्य डॉ. नरेंद्र श्रीवास्तव और श्री राजेंद्र अग्रवाल सहित खेल प्रेमियों ने डीना की इस उपलब्धि को जिले की अन्य बालिकाओं के लिए प्रेरणा बताया है।

### रुपयों के लेनदेन को लेकर मारपीट

**मन्दसौर।** रुपयों के लेनदेन को लेकर आरोपियों ने फरियादी के साथ मारपीट की व जान से मारने की धौंस दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना 3 जनवरी की है। जिसकी रिपोर्ट वाय.डी. नगर थाना मंदसौर के कन्हैयालाल पिता लक्ष्मीनारायण शर्मा निवासी रेवास देवड़ा मंदसौर ने की। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी विशाल, लोकेश, निखिल सभी कुमावत निवासी रेवास देवड़ा के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया।

### 8 जनवरी को दुग्ध उत्पादन व मूल्य वृद्धि पर समीक्षा बैठक

**रतलाम।** उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी अधिकारी श्री नवीन शुक्ला ने बताया कि कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह की अध्यक्षता में जिले में दुग्ध उत्पादन, दुग्ध मूल्य वृद्धि, दुग्ध नमूना जांच सहित अन्य संबंधित विषयों पर 8 जनवरी गुरुवार को प्रातः 11.30 बजे कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी।

### पोथी यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ नानी बाई का मायरा

**रतलाम।** नगर के कस्तूरबा नगर गली नंबर 6 स्थित बगीचे में मनीषा- मनोज शर्मा मित्र मंडल द्वारा आयोजित नानी बाई का मायरा कथा का शुभारंभ मंगलवार, 6 जनवरी 2025 को भव्य पोथी यात्रा के साथ हुआ। यह आयोजन 10 जनवरी तक चलेगा। कथा का वाचन प्रख्यात कथा वाचक पं. अनिरुद्ध मुरारी द्वारा किया जा रहा है। प्रातः 11 बजे स्थानीय राम मंदिर से पोथी यात्रा प्रारंभ हुई,।

# इंदौर में दूषित पेयजल से 15 से अधिक लोगों की मौत के मामले को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम




इंदौर में दूषित पेयजल से 15 से अधिक लोगों की मौत के मामले को लेकर कांग्रेस ने मंगलवार को प्रदेश सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने इसे जल त्रासदी बताते हुए सरकार से जवाबदेही तय करने की मांग की।

कांग्रेस कार्यकर्ता मंगलवार दोपहर शहीद चौक पहुंचे। हाथों में काले गुब्बारे, तख्तियां और घंटा लेकर कांग्रेसी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते नजर आए। प्रदर्शनकारियों ने साफ पानी दो और सरकार मुदार्बाद जैसे नारे लगाए। इसके बाद दूषित पानी से जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी गई।

श्रद्धांजलि के बाद कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मंत्री चैतन्य काश्यप के स्टेशन रोड स्थित निवास का घेराव करने के लिए पैदल निकले। शहीद चौक से शहर सराय होते हुए लोकेंद्र टॉकीज चौराहे पर पहुंचे। जहां पुलिस ने बेरिकेड्स लगा रखे थे। यहां पुलिस ने रोक लिया। कुछ कार्यकर्ता पुलिस से छिपते हुए न्यू रोड पहुंच गए। जहां पुलिस ने पीछा कर हिरासत में लिया।

कांग्रेसियों ने आगे बढने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इस दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच जमकर झूमाझटकी हुई। कुछ कांग्रेसी दौड़ लगाकर आगे बढ़े, जिन्हें पुलिस ने पीछा कर पकड़ लिया। पुलिस ने कई कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं को बलपूर्वक हिरासत में लेकर पुलिस वाहन में बैठाया। इसके बाद पुलिस वाहन से उन्हें बिलपांक की ओर ले जाया गया।

**हिरासत के दौरान महिला कार्यकर्ता हुई बेसुध**

पुलिस कार्रवाई के दौरान एक महिला कांग्रेस कार्यकर्ता बेसुध हो गई। अन्य कार्यकर्ताओं ने उसे संभाला और पानी पिलाया, जिसके बाद उसकी हालत में सुधार हुआ।

**कांग्रेस का आरोप - सरकार नहीं ले रही जिम्मेदारी**

कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि इंदौर में दूषित पेयजल से हुई मौतों के बावजूद प्रदेश सरकार जिम्मेदारी लेने से बच रही है। सरकार सो रही है इसलिए उसे जगाने के लिए हम घंटा बजा रहे हैं। कांग्रेस ने मांग की है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और आम लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए।

## पार्षद पति ने नपा उपयंत्री की पिटाई के विरोध में कर्मचारियों ने दो घण्टे रखा काम बंद

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



नगर पालिका परिषद में पार्षद पति द्वारा दादागिरी करने का मामला सामने आया है। नगरपालिका अध्यक्ष के केबिन में ही एक पार्षद पति ने सोमवार को सब-इंजीनियर के साथ मारपीट की, जिसके विरोध में नगर पालिका के कर्मचारियों ने मंगलवार को करीब दो घण्टे के लिये काम बंद कर प्रदर्शन किया।

जानकारी के अनुसार, दीपक तंवर से जुड़ी एक फाइल को लेकर सबइंजीनियर रोहित कैथवास व वार्ड क्र. 35 के पार्षद पति विक्रम भैरवे के बीच नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर के कक्ष में सोमवार की दोपहर 3.30 से 4 के बीच कहा सुनी हुई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि पार्षद पति ने इंजीनियर के साथ गाली-गलौज की और उन पर हाथ उठा दिया। इस मारपीट की घटना के बाद नगर पालिका के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मंगलवार को हड़ताल कर दी। कर्मचारियों ने सुरक्षा और सम्मान की मांग को लेकर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। कर्मचारी संघ ने चेतावनी दी है कि यदि इस प्रकार की घटनाओं पर लगाम नहीं लगी, तो वे और भी उग्र आंदोलन करेंगे।

सब इंजीनियर रोहित कैथवास की लिखित शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी विक्रम भैरवे के खिलाफ बीएनएस की धारा 132, 221, 221 (1), 296 (बी), 351(3) के तहत केस दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। दूसरी और प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने प्रभारी सीएमओ को ज्ञापन सौंपकर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## जनसुनवाई में सिंगोली के समीर को पुत्र के उपचार के लिए 12 हजार रुपए की सहायता दी

**नीमच।** कलेक्टोरेट में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को जनसुनवाई की। जनसुनवाई में कलेक्टर ने सिंगोली के समीर पिता बरकत हुसैन के आवेदन पर पुत्र हसन के हृदय रोग के आपरेशन एवं उपचार के लिए कलेक्टर ने रेडक्रास नीमच से 12 हजार रुपए की तत्कालिक आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए। मनासा निवासी रमा पति प्रकाश चौहान के आवेदन पर कलेक्टर ने सीएमओ मनासा को दूरभाष पर सीमांकन के बाद विवादित दीवार को हटाकर रमा चौहान को कब्जा दिलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने रमा से कहा, कि वे मौके पर पहुचे, न.पा.मनासा की टीम द्वारा उसे तत्काल कब्जा दिलया जाएगा। जनसुनवाई में पिपलिया रावजी के दिव्यांग स्वरूप सिह देवड़ा के आवेदन पर कलेक्टर ने स्वरूपसिह का पेट रोग के उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में निःशुल्क व्यवस्था करने के निर्देश भी सिविल सर्जन को दिए। जनसुनवाई में कलेक्टर ने 62 आवेदकों की समस्याएं सुनी और उनका समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में न.पा. नीमच से संबंधित एक नामांतरण संबंधी आवेदन पर कलेक्टर ने नामांतरण संबंधी आवेदन पर कलेक्टर ने सीएमओ को निर्देश दिए।

## शहर में पुलिस का सघन चेकिंग अभियान, 97 संदिग्धों से पूछताछ



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम।

शहर में लोक शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने, आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा चाकूबाजी व चोरी जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से रतलाम पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया।

एसपी अमित कुमार के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतलाम शहर राकेश खाखा के मार्गदर्शन में यह अभियान चलाया गया। इसी क्रम में 5 जनवरी की रात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा के नेतृत्व में शहर के सभी थाना क्षेत्रों में प्रभावी गश्त एवं चेकिंग की गई।

अभियान के दौरान थाना प्रभारी माणकचौक पतिराम डावरे, थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र सत्येंद्र रघुवंशी, थाना डीडी नगर उपनिरीक्षक अनुराग यादव तथा थाना स्टेशन रोड के उपनिरीक्षक विजय बामनिया के साथ पुलिस टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर बेवजह घूमने वाले एवं संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की।

पुलिस द्वारा थाना डीडी नगर क्षेत्र से 48, औद्योगिक क्षेत्र से 22, माणकचौक क्षेत्र से 12 तथा स्टेशन रोड क्षेत्र से 15 लोगों सहित कुल 97 संदिग्धों को संबंधित थानों में लाकर पूछताछ की गई एवं आवश्यक समझाइश दी गई।

चेकिंग के दौरान शहर के विभिन्न स्थानों पर चेकिंग पॉइंट लगाकर संदिग्ध वाहनों की भी जांच की गई। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शहर में इस तरह के चेकिंग अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

## जनसुनवाई के दिन मुख्यालय पर ही रहें पटवारी, मौके पर करें समस्याओं का समाधान-कलेक्टर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर




सुशासन भवन स्थित सभागार में मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर अदिती गर्ग ने जिले के सभी पटवारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जनसुनवाई के दिन वे अनिवार्य रूप से अपने-अपने हल्का मुख्यालय पर उपस्थित रहकर जनता की समस्याओं का निराकरण करें। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार और पटवारियों को निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि पटवारी मुख्यालय पर रहकर सीमांकन, बंटवारा, फार्मर रजिस्ट्री और ई-केवाईसी जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता दें। कलेक्टर ने जोर देकर कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को छोटे कामों के लिए भटकना न पड़े, इसके लिए पटवारी मौके पर ही समस्याओं का तुरंत समाधान सुनिश्चित करें।

जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती गर्ग, अपर कलेक्टर एकता जायसवाल और जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन ने संयुक्त रूप से 47 आवेदकों की शिकायतों और समस्याओं को सुना। प्रमुख मामलों में थड़ोद निवासी रनवीर सिंह ने बंद सरकारी रास्ते को खुलवाने हेतु आवेदन दिया, जिस पर तहसीलदार मल्हारगढ़ को तुरंत जांच के निर्देश दिए गए।

भैसोदामंडी निवासी सीमा द्वारा सरकारी सड़क से अतिक्रमण हटाने की मांग पर एसडीएम गरोठ को कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। अफजलपुर निवासी गनी ने एसआईआर में जानकारी सुधारने हेतु आवेदन दिया, जिसे एसडीएम मंदसौर को सौंपते हुए जांच के आदेश दिए गए।

## अवैध मदिरा विक्रय के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्यवाही

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निदेर्शानुसार तथा सहायक आबकारी आयुक्त डॉ. शादाब अहमद सिद्दीकी के मार्गदर्शन में, एवम सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री पी सी केरवार नेतृत्व में, अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं संग्रहण के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत आज 5 जनवरी को वृत्त सैलाना प्रभारी अधिकारी श्री चेतन वैद द्वारा वृत क्षेत्र में जांच के दौरान अवैध मदिरा विक्रय के विरुद्ध कार्रवाई की गई। गश्त के दौरान आबकारी टीम द्वारा ग्राम शिवगढ में दरिवाय सिंह के कब्जे से 22 केन पावर बियर, चरण सिंह के कब्जे से 20 पाव लंदन प्राइड व्हिस्की, 20 पाव देशी मदिरा प्लेन के, अंतिम पिता जालू के कब्जे से 15 केन पावर बियर ,राजेश निनामा पिता कैलाश से 10 पाव देशी मदिरा, हिमेश पिता लक्ष्मण से 5 लीटर हाथ भट्टी व 10 पाव देशी मदिरा, राजू पिता सुखराम से 8 लीटर हाथ भट्टी, मंगली बाई पति गुडिया से 7 लीटर हाथ भट्टी अवैध रूप से मदिरा जब्त की गई।

उक्त कार्यवाही मे आबकारी उपनिरीक्षक अभिषेक वाईकर आरक्षक रामचरण पंवार, सैनिक चेतराम सम्मिलित थे। आरोपी के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

### 22 जनवरी राम मंदिर स्थापना दिवस पर

## मंशापूर्ण महादेव-रणजीत हनुमान मंदिर पर होगा भव्य आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

देश के विश्व प्रसिद्ध अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के ऐतिहासिक स्थापना दिवस की द्वितीय वर्षगांठ के पावन अवसर पर शहर के इंदिरा नगर स्थित श्री मंशापूर्ण महादेव-रणजीत हनुमान मंदिर, परिसर में पाँच दिवसीय धार्मिक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन सनातन संस्कृति, अखंड रामभक्ति और जन-जन की आस्था का अवसर होगा।

मंदिर समिति के अध्यक्ष मनीष चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में प्रभु श्रीराम टाट से ठाठ में विराजमान हुए थे। उस ऐतिहासिक समय पूरे देश में रामधुन और प्रभात फेरियों का आयोजन हुआ था। जब से इंदिरा नगर, नीमच की प्रभात फेरी आज तक अखंड, नियमित और किसी भी मौसम में बिना रुके निरंतर चल रही है, जो पूरे नीमच जिले के लिए एक अद्भुत उदाहरण बन चुकी है। इंदिरा नगर आज 'कट्टर सनातनी' पहचान के साथ भक्ति मार्ग पर अडिग खड़ा दिखाई देता है। मुकेश धनगर के माध्यम से जारी कार्यक्रम अनुसार पाँच दिवसीय आयोजन इस प्रकार रहेगा।

प्रथम दिवस 22 जनवरी प्रातः विशेष आकर्षणों के साथ हजारों रामभक्तों की सहभागिता में विशाल प्रभात फेरी निकाली जाएगी, जो भक्ति मार्ग पर श्रद्धा और रामनाम की गूंज के साथ चलेगी। द्वितीय दिवस 23 जनवरी सायं संकीर्तन करते हुए नानी बाई के मायरे का निमंत्रण दिया जाएगा। कीर्तन मंडली द्वारा इंदिरा नगर के भक्ति मार्ग पर भ्रमण किया जाएगा। तृतीय दिवस 24जनवरी भव्य कलश एवं शोभायात्रा के साथ नानी बाई के मायरे का आयोजन होगा। सायं 7 से 10 बजे तक मंदिर परिसर में मायरे का दिव्य कार्यक्रम संपन्न होगा। चतुर्थ दिवस 25 जनवरी सायं 7 से 10 बजे तक पुनः नानी बाई के मायरे का आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

पंचम दिवस 26 जनवरी नानी बाई का भात बैंड-बाजों के साथ लाया जाएगा तथा सायं 7 से 10 बजे तक भव्य मायरे का आयोजन होगा। घर-घर पीले चावल से निमंत्रण, उमड़ेगा आस्था का सागर इस महोत्सव के लिए घर-घर पीले चावल देकर आमंत्रण दिए जाएंगे। आयोजन में हजारों भक्तों के शामिल होने की संभावना है। सभी व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी मंदिर समिति एवं कार्यकताओं को सौंपी गई है।

इस बैठक में सुनील कुमार सोनी, डॉ. संजय पाठक, मुकेश लश्कर, पंकज चौधरी, गुणवंत जैन, प्रदीप शर्मा, राजू नागदा, बंटू कोराने, विकास पटौदी, मुकेश धनगर, विक्की सोनी, सच्चू पाठक एवं मनीष चौधरी उपस्थित रहे। यह पाँच दिवसीय महोत्सव न केवल राम मंदिर की वर्षगांठ का उत्सव होगा, बल्कि इंदिरा नगर की अखंड रामभक्ति, सनातन संस्कार और सांस्कृतिक चेतना का विराट प्रदर्शन भी बनेगा।इस अवसर पर हजारों की संख्या मेंश्रद्धालु शहर व क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु उपस्थिति देकर कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करेंगे द्य सभी सनातनी प्रेमियों से भी समिति ने अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।



## कंजर गैंग और गेहूं चोरों के बाद अब घर में सेंध लगाने वाला चोर गिरफ्तार

**दलौदा पुलिस ने किया चोरी का खुलासा, जेवर और नकदी बरामद**

**मन्दसौर।** जिले के दलौदा में सिद्धि विनायक कॉलोनी में हुई चोरी के मामले में दलौदा थाना पुलिस ने एक आरोपी को पकड़कर उसके पास से चोरी का मशरूका बरामद किया है। पिछले एक सप्ताह के भीतर दलौदा थाना पुलिस ने तीन बड़ी वारदातों का खुलासा किया है। इसमें वाहन चोर कंजर गैंग, गेहूं चोर गिरोह और अब घर में चोरी करने वाले आरोपियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की। प्राप्त जानकारी अनुसार बीती 5 जनवरी की रात, सिद्धि विनायक कॉलोनी निवासी फरियादी पंकेश पिता गोपाल कुमावत के सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात बदमाशों ने चांदी के आभूषण और नकदी चुरा लिये थे। पुलिस ने धारा 331(4) और 305(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी उनि शुभम व्यास के नेतृत्व में गठित टीम ने सीसीटीवी फुटेज और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर घेराबंदी कर आरोपी राजेन्द्र पिता भारत चन्द्रवंशी निवासी नेतावली थाना रिंगनोद जिला रतलाम को गिरफ्तार किया। आरोपी ने अपने एक साथी के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया है। पुलिस ने आरोपी से चांदी के आभूषण अनुमानित कीमत करीब 1 लाख रु. व नकदी 10 हजार रू. जब्त किये है।

## आरएसएस के शताब्दी वर्ष को लेकर हिंदू सम्मेलन की तैयारियां चरम पर




**पिपलिया मंडी।** आर एस एस के शताब्दी वर्ष को लेकर नगर में होने जा रहे 11 तारीख रविवार को हिंदू सम्मेलन के तहत प्रतिदिन नगर में एक मंदिर पर महाआरती का आयोजन रहेगा,जिसके तहत प्रथम दिन की महाआरती 5 जनवरी सोमवार को सायं 8 बजे झूलेलाल मंदिर पुरानी मंडी पर सिंधी समाज के अध्यक्ष रुपचंद होतवानी के मुख्य आतिथ्य में तथा बोल-बम सेवा समिति के प्रमुख किशोर रोचानी की अध्यक्षता में सपन्न हुई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में माता बहने एवं पुरुष आरती में सहभागिता कर हिंदू सम्मेलन को सफल बनाने का संकल्प लिया। इसी तरह 18 जनवरी को प्रातः 11 बजे गांव खोखरा में सात गांवों के हिंदू सम्मेलन को लेकर खोखला के मांगलिक भवन परिसर में आ.भा,. भागवताचार्य मिथिलेश मेहता के मुख्य अतिथि में भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि शिवपाल सिंह शक्तावात पूर्व सरपंच रामकिशन पाटीदार सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## मुआवजे को लेकर गरीबा को साथी कमल नाथ कहने वाले मांगीलाल सिनम का निधन



**मल्हारगढ़।**अतिवृष्टि से 2019 में चौपट हुई फसलो के तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ ने किसानों को बगैर सर्वे के पर्याप्त मुआवजा दिया था। उससे खुश होकर लुनाहेड़ा के किसान मांगीलाल जी सिनम ने कमलनाथ जी की खुल कर तारीफ करी थी। सिनम का 85 वर्ष की आयु में दुःखद निधन हो गया।उनके निधन पर मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा,मंडलम अध्यक्ष किशोर उणियारा,महेश सेन ने उनके निवास पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। ज्ञात हो स्व.सिनम का "गरीबा को साथी कमलनाथ" वाला वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुवा था और काफी सुर्खियां भी बटोरी थी।

## जाजू कॉलेज की प्रोफेसर वधवा की सेवा निवृत्ति पर पूर्व छात्रा संघ ने दी विदाई



**नीमच।** श्री सीताराम जाजू कन्या महाविद्यालय में 30 दिसम्बर 2025 को भूतपूर्व छात्रा संगठन "सृजा" द्वारा आदरणीय प्रोफेसर विजया वधवा मैडम की सेवानिवृत्ति के अवसर पर एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सृजा संगठन की अध्यक्ष किरण नाहटा "डांगी" सचिव रुचि वर्मा ,सहित पूर्व छात्र संगठन उपाध्यक्ष आशा भट्ट कौशिक,कल्पना जैन ,निर्मला तोषनीवाल ,शोभा दानी ,अतिका खान ,कल्पना गर्ग,किरण नाहटा (डांगी),हेमलता धाकड़ ,अन्तिम बिन्दल (गोयल),हेमलता सोनी ,सुषमा वधवा (धिंगडा) व शशि बंसल (गोयल), एडवोकेट डॉली पटेल व अन्य कई भूतपूर्व छात्राएं उपस्थित थी एवं पूर्व प्राचार्य डॉ. एन. के. डबकरा एवं स्टाफ सहित अन्य वरिष्ठ प्राध्यापक मौजूद थे। समारोह की शुरूआत में प्रोफेसर विजया वधवा मैडम को प्रोफेसर रश्मि हरित व छात्राओं द्वारा शाल श्री फल से सम्मानित किया गया। इसके बाद सभी छात्राओं और स्टाफ ने उनके साथ बिताए पलों को याद करते हुए विचार साझा किये। इस मौके पर वधवा मैडम भावुक हो गई एवं कहा कि महाविद्यालय परिवार से यह स्नेह सदैव बनाए रखना एवं पूर्व प्राचार्य डॉ. एन.के. डबकरा ने भी सभी छात्रों को सदैव नवाचार अपनाने के लिए प्रेरित किया। अंत में आभार प्रोफेसर बीना चौधरी मैडम व प्रोफेसर साधना सेवक नेआभार व्यक्त किया।



## हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर मंडी परिसर का निरीक्षण

**सारंगपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर 22 जनवरी को सारंगपुर में प्रस्तावित भव्य हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर समाजजनों द्वारा मंडी परिसर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाओं, प्रवेश, निकास मार्ग, पार्किंग, मंच निर्माण, पेयजल, विद्युत व्यवस्था एवं स्वच्छता सहित विभिन्ना आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। समाजजनों ने सम्मेलन में बडी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं एवं स्वयंसेवकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्थल को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाने पर जोर दिया। मंडी परिसर के खुले और विस्तृत क्षेत्र को देखते हुए इसे सम्मेलन के लिए उपयुक्त बताया गया। निरीक्षण के दौरान मंच की संभावित स्थिति, बैठने की व्यवस्था तथा आपातकालीन व्यवस्थाओं को लेकर भी सुझाव दिए गए। आयोजकों ने बताया कि हिन्दू सम्मेलन में संघ के शताब्दी वर्ष के महत्व पर प्रकाश डाला जाएगा तथा सामाजिक समरसता, राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक चेतना से जुडे विषयों पर वक्ताओं द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा। इस सम्मेलन को लेकर नगर में उत्साह का माहौल है और विभिन्ना समाज संगठनों द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सक्रिय रूप से तैयारियां की जा रही हैं। समाजजनों ने कहा कि यह सम्मेलन सारंगपुर के लिए गौरव का विषय होगा और बडी संख्या में लोगों की सहभागिता से इसे ऐतिहासिक बनाने का प्रयास किया जाएगा।

## नि:शुल्क नेत्र शिविर में 80 मरीजों की जांच कर 25 को ऑपरेशन हेतु इंदौर भेजा



**तराना।** लायन क्लब तराना द्वारा अपने 45 से स्थापना दिवस के अवसर पर चोइथराम हॉस्पिटल इंदौर के सहयोग से शासकीय चिकित्सालय तराना में निःशुल्क नैत्र शिविर का आयोजन किया गय। शिविर में 80 मरीजों की जांच की गई एवं 25 मरीजों को ऑपरेशन हेतु इंदौर ले जाया गया।लायंस क्लब द्वारा अपनी अन्य सेवा गतिविधियों के अंतर्गत जरूरतमंदों को स्वेटर एवं कंबल वितरित किये गए । इस अवसर पर अध्यक्ष द्वारकाधीश पलोड़ सचिव मुकेश चौहान, कोषाध्यक्ष राजकुमार मित्तल, बलराम चौहान, राजेश डोडिया सत्यनारायण पाटीदार, पुरुषोत्तम चांडक, बसंत पाटीदार, पुरुषोत्तम मंत्री, पंकज जाजू, श्याम जाजू, श्याम सोनी लायन सुनंदा डोडिया लायन ज्योति पलोड़, रंजीता जैन, कुसुम मंत्री उपस्थित रहे।शिविर में निगले मैडम एवं सुधीर जोशी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।उक्त जानकारी पी आर ओ लायन संजय जैन ने दी।

## श्री शत्रुंजय महातीर्थ की सात यात्रा पूर्ण कर किया आराधको का बहुमान



**बिछड़ोद ।** सुप्रसिद्ध जैन तीर्थ श्री शत्रुंजय महातीर्थ पालीताणा जी (गुजरात) की सात यात्रा से लौटे तीर्थयात्रियों की भव्य शोभायात्रा गुलाल व माला पहनाकर बैंड बाजे के साथ स्वागत कर उज्जैन में निकाली गई। बताया गया है कि यह जैन धर्म का सबसे बड़ा पवित्र और शाश्वत तीर्थ स्थल है । तीर्थ श्री पालीताणा जी के पर्वत (गिरिराज) पर विराजमान श्री आदिनाथ भगवान का मंदिर बना है जहां की चढ़ाई (3500 सिढ़िया) चढ़ना (3500 सिढ़िया) उतरना व भी सिर्फ दो दिन में सात बार करना , पूर्ण रूप से निर्जल रहकर दो उपवास के साथ (छठ्ठ कर सात जातरा) पूर्ण की तीर्थ यात्री श्रीमती आभा रोहित फाफरिया , वर्धन फाफरिया , सौम्य मेहता (नजरपुर) और सेवा में जिनेन्द्र चोपड़ा ने अपनी सेवा देकर अपना कार्य निभाया । शोभायात्रा सुभाष नगर स्थित श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर से प्रारंभ हुई और विभिन्न मार्गो से होती हुई जयंतीलाल फाफरिया के निवास 14 साकेत नगर (उज्जैन) , पहुंची जहां पर पांचों तीर्थ यात्रियों का अभिनंदन सत्कार किया गया। इस अवसर पर घटिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक सतीश मालवीय , जैन सोशल ग्रुप समन्वय के पदाधिकारी, सुभाष नगर जैन श्रीसंघ , वी.डी मार्केट जैन श्रीसंघ , श्री अवंती पार्श्वनाथ तीर्थ के अध्यक्ष सहित विभिन्न समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## आरोही का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

**शुजालपुर।** मध्यप्रदेश हैंडबॉल टीम मे शुजालपुर की बालिका आरोही रायकवार का हुआ राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ। बताया जाता है कि 69 वीं राष्ट्रीय एसजीएफ आई हैडबॉल मिनी बालक व बालिका प्रतियोगिता 5 जनवरी से 10 जनवरी 2026 तक राजस्थान के चितोडगढ में आयोजित हो रही है। इस प्रतियोगिता मे मध्य प्रदेश हैंडबॉल टीम भी राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे सम्मिलित होने जा रही है। प्रि नेशनल कैंप 29 दिसम्बर से 3 जनवरी 26 तक स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कुक्षी में आयोजित किया गया। 4 जनवरी को कुक्षी से चितोडगढ के लिये मध्य प्रदेश टीम रवाना हुई।



प्रेम विवाह विवाद ने लिया हिंसक रूप, नेशनल हाईवे पर पुलिस को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

# खाकी पर हमला कर किया पथराव और लाठीचार्ज, आंखों में झोंकी मिर्ची

### कानून-व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ी, बीनागंज क्षेत्र के ग्राम पैंची में उग्र भीड़ ने किया बवाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना



जिले के बीनागंज क्षेत्र में प्रेम विवाह के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। उग्र भीड़ ने एनएच-46 पर पुलिस पर हमला कर दिया, एक आरक्षक को बंधक बनाया और पुलिसकर्मियों की आंखों में मिर्ची झोंक दी। लाठी-डंडों और पथराव में कई जवान घायल हुए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दरअसल मामला ये है कि गुमशुदगी की रिपोर्ट के बाद युवती ने अपनी मर्जी से शादी की बात कही, पुलिस ने वन स्टॉप सेंटर भेजा। युवती को सौंपने की मांग को लेकर 50 लोगों की भीड़ उग्र हो गई, आरक्षक को बंधक बनाया और मिर्च झोंकी। बताया गया है कि जिले में सोमवार को कानून-व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ गई। बीनागंज क्षेत्र के ग्राम पैंची में उग्र भीड़ ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। हालात इतने बिगड़े कि पुलिसकर्मियों को नेशनल हाईवे-46 पर दौड़ा-दौड़ा कर पीटा गया। इस हमले में कई पुलिसकर्मी घायल हुए हैं, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना की शुरूआत 28 दिसंबर को दर्ज एक गुमशुदगी की रिपोर्ट से हुई। मोहम्मदपुर निवासी लोधा समाज की एक युवती एक युवक के साथ गायब हो गई थी। बाद में पता चला कि दोनों ने 1 जनवरी को प्रेम विवाह कर लिया था। युवती बालिग थी और उसने पुलिस को बताया कि उसने अपनी मर्जी से शादी की है और उसे सुरक्षा चाहिए।

सोमवार को युवती के परिजन और समाज के लोग बीनागंज चौकी पहुंचे और युवती को उन्हें सौंपने की मांग करने लगे। पुलिस ने कानून के मुताबिक युवती का बयान दर्ज कर उसे वन स्टॉप सेंटर भेज दिया। इस फैसले से नाराज होकर करीब 50 लोगों की भीड़ उग्र हो गई। सूत्र बताते हैं कि उग्र भीड़ ने पैंची के पास एनएच-46 पर जाम लगाने की कोशिश की और युवक के घर में आग लगाने की धमकी दी। जब एक आरक्षक ने उन्हें रोकना चाहा, तो भीड़ ने उसे बंधक बना लिया और पीटना शुरू कर दिया।

#### बचाने पहुंची पुलिस पर भी हमला

आरक्षक को छुड़ाने के लिए चौकी प्रभारी और एसएएफ के जवान मौके पर पहुंचे, लेकिन पहले से तैयार भीड़ ने उन पर हमला कर दिया। हमलावरों ने पुलिसकर्मियों की आंखों में मिर्ची पाउडर झोंक दिया, जिससे जवानों को कुछ दिखाई नहीं दिया और भीड़ ने लाठी, डंडों और पत्थरों से हमला कर दिया।

#### हाईवे पर अफरा-तफरी, वाहन क्षतिग्रस्त

हमला इतना गंभीर था कि पुलिसकर्मियों को जान बचाकर हाईवे पर भागना पड़ा। इस दौरान महिलाओं ने भी पथराव किया। उपद्रव में पुलिस का एक वाहन भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस हमले में प्रधान आरक्षक मंगल सिंह तोमर और एसएएफ के एक एएसआई समेत कई जवान घायल हुए हैं। घायल पुलिसकर्मियों को तुरंत जिला अस्पताल लाया गया, जहां उनके सिर और हाथों में गंभीर चोटों का इलाज किया जा रहा है।

#### इलाके में भारी पुलिस बल तैनात

पुलिस पर हुए इस हमले के बाद प्रशासन सख्त हो गया है। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच चुके हैं और बीनागंज व आसपास के इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस अब वीडियो फुटेज और अन्य सबूतों के आधार पर हमलावरों की पहचान कर रही है। वर्दी पर हाथ उठाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

# प्रकृति के दुश्मन प्लास्टिक, पाउच के खिलाफ नारे लगाए

### छात्र-छात्राओं ने सेवा सप्ताह तहत ली स्वच्छता की शपथ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर




जेएनएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में स्वस्थ युवा, स्वस्थ भारत की भावना के साथ युवा दिवस के अवसर पर सेवा सप्ताह के अंतर्गत प्रथम दिन स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों द्वारा स्वच्छता की शपथ ली गई तथा स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में एनएसएस, एनसीसी एवं रेड क्रॉस के स्वयंसेवकों ने शामिल होकर प्रकृति के दुश्मन, पाउच, पन्नी, पॉलीथिन, स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत जैसे नारे लगाते हुए आमजन को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। रैली के उपरांत महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ.-सफ ाई की गई। प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जीवनशैली का अभिन्न अंग है। युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही स्वच्छ और स्वस्थ भारत का निर्माण संभव है। उन्होंने पॉलीथिन एवं प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए इनके प्रयोग से बचने का आह्वान किया। बता दे कि यह कार्यक्रम विवेकानंदजी की जयंती युवा दिवस के उपलक्ष्य में सेवा सप्ताह 5 जनवरी 2026 से 12 जनवरी तक मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में डॉ. प्रवीणा धारीवाल, डॉ. राजा रानी खुराना, रेड क्रॉस प्रभारी पूजा सांखला, संगीता सोनी, डॉ. संजय प्रजापति, डॉ. दीपशिखा सक्सेना, डॉ. किशोर विश्वकर्मा, इंदु व्यास, उमेश पाण्डे सहित महाविद्यालय स्टॉफ मौजूद रहा। सभी ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक संकल्प लिया।



## ट्रेक्टर चालक और बोलेरा कार चालक पर न्यायालय द्वारा दस-दस हजार के अर्थदण्ड से दिंडित

**आगर मालवा।** यातायात थाना प्रभारी जगदीश यादव ने जानकारी देते हुवे बतायाकि 31 दिसम्बर की रात्रि को दौराने शहर यातायात व्यवस्था एवं वाहन चैकिंग में ट्रेक्टर क्रमांक आरजे-28-आरसी-8550 का चालक भगवानसिह पिता प्रभुलाल उम्र 32 वर्ष जाति तँवरलोडा निवासी गुदीपुरा तह. खिलचीपुर जिला राजगढ अपना वाहन लेहराते हुये चला रहा था जिसे बडौद चैराहा पर रोक कर चैक किया गया । चालक को ब्रीथएनलायजर मशीन से चैक करने पर चालक नशे में होना पाया गया । ट्रेक्टर को जप्त कर थाना यातायात परिसर कैमरो की निगरानी मे खडा किया गया है। चालक का कृत्य धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत दण्डनीय पाया जाने से इस्तगासा आज दिनांक 05.01.2026 को माननीय न्यायालय जिला आगर मालवा में पेश किया गया। जिस पर माननीय न्यायालय द्वारा 10000 रुपए के अर्थ दण्ड से दंडित किया गया । साथ ही 31 दिसम्बर को कानड़ रोड पर बोलेरा कार क्रमांक एमपी-13-झेडजे-8511 को चालक राहुल पिता मदन नायक नि. कसाई देहरिया जिला आगर मालवा का होना बताया गया। चालक को चैक करने पर चालक का नशे होना पाया गया । बोलेरा कार को जप्त कर थाना यातायात परिसर कैमरो की निगरानी मे खडा किया गया है। 5 जनवी को न्यायालय जिला आगर मालवा में पेश किया गया। जिसपर माननीय न्यायालय द्वारा 10000.रुपए के अर्थ दण्ड से दंडित किया गया ।

## सीएम राइज के गौरव ने पाया प्रथम स्थान जादू नहीं है विज्ञान प्रतियोगिता में दिखाया हुनर

**शुजालपुर।** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत जादू नहीं विज्ञान है समझना समझना आसान है, अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन शा उत्कृष्ट उ मावि शाजापुर में हुआ। प्रतियोगिता में विकासखंड शुजालपुर के छात्र गौरव सिह केलवा मां शारदा सांदीपनी सी एम राइस शुजालपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं विज्ञान नाटिका में प्रतिज्ञा राजपूत व प्रतिज्ञा सिसोदिया शा उ मा वि अमलाय व अंजलि धनगर निशा कटारिया लक्ष्मी बडोदिया शा हाईस्कूल भ्याना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर उनके मार्गदर्शन शिक्षक राघवेन्द्र परमार, जनार्दन शर्मा, सुशीला मालवीय आदि को जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र शिप्रे द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

सारंगपुर में कांग्रेस ने पुतला जलाकर किया विरोध:

# मंत्री का जलाया पुतला, दूषित पानी से 17 लोगों की मौत पर प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर



सारंगपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार शाम 4 बजे बस स्टै ाड पर विरोध प्रदर्शन किया। यह इंदौर में दूषित पानी पीने से 17लोगों की मौत और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के कथित असंवेदनशील बयानों के विरोध में हुआ। इस प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया।

#### आधे घंटे तक किया प्रदर्शन

विरोध प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस प्रशासन अलर्ट पर रहा। कार्यकर्ताओं ने करीब आधे घंटे तक पुतला जलाकर बस स्टैंड पर प्रदर्शन किया और बाद में पुलिस को चकमा देकर मंत्री का पुतला जला दिया।

#### सरकार पर लापरवाही का आरोप

ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार विफल हो चुकी है और उनके मंत्री बेलगाम हैं। सोमानी ने आरोप लगाया कि प्रदेश में आए दिन निर्दोष लोगों की मौत हो रही है, लेकिन सरकार जवाबदेही लेने के बजाय सवाल पूछने वालों को दबा रही है।

#### प्रदर्शन जारी रखने की चेतावनी

युवह कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष अभय सिसोदिया ने कहा कि सिरप पीने से 22 बच्चों की मौत और इंदौर में दूषित पानी से 17 लोगों की जान जाने का जिक्र किया। सिसोदिया ने कहा कि यदि सरकार जनता को शुद्ध पेयजल भी उपलब्ध नहीं करा सकती, तो उसे सत्ता में रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। हालांकि, प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकताओं की संख्या कम दिखी, जिससे संगठन के भीतर कमजोरी भी सामने आई। इसके बावजूद कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार की नाकामियों के खिलाफ उनका संघर्ष जारी रहेगा। वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप सादानी ने कहा कि इंदौर की घटना के अलावा मनरेजा योजना में भी सरकार को घेरा और कहा कि प्रदेश सरकार की 40 प्रतिशत हिस्सेदारी लागू कर दी गई है, जिससे केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही 100 प्रतिशत रोजगार गारंटी समाप्त हो गई है। सादानी ने कहा कि यह फैसला करोडों ग्रामीण मजदूरों की आजीविका पर सीधा हमला है और सामाजिक सुरक्षा को कमजोर करने का प्रयास है। कांग्रेसियों ने आरोप लगाया कि योजना का नाम बदलकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की विचारधारा और उनके द्वारा स्थापित ग्रामीण रोजगार के मूल सिद्धांतों को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी, वरिष्ठ नेता प्रदीप सदानी, शहर अध्यक्ष आबिद लोधी, मोहन पाल, राधेश्याम भेसानिया, शेख मुशर्रफ, निजाम कुरैशी, अखलाक मेव, पूर्व अध्यक्ष समीर खान, युकां पूर्व ब्लाक अध्यक्ष लखन धनगर, शहर अध्यक्ष लखन राजपूत, एलम सिंह राजपूत, राम चरण नायक, युवा विधानसभा अध्यक्ष राहुल चौहान, कैलाश ठाकुर, बाबू मुनिया, राज धाकड, राधेश्याम वर्मा, आनंद जाधव, वीरंद्र जाटव, अजय जाटव, दिलीप राजपूत, बाबूलाल पुष्पद, जुगल महेश्वरी, रिंकू पटेल, अजय पुष्पद, कान्हा अहिरवार, महेश सोनी, मधुसूदन राजपूत, सद्दाम खान, जावेद शेख, मुस्ताक भाई, खलील भाई, मुस्ताक अंसारी सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।



## 22 अप्रैल को होगा लोहार समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन

भैंसवामाता। विश्वकर्मा पूर्वी लोहार समाज की बैठक संपन्ना हुई जिसमें विवाह सम्मेलन को लेकर चर्चा हुई। मीडिया प्रभारी गोविंद विश्वकर्मा ने बताया रविवार को भैंसवामाता में श्री हरदम लाल मंदिर पर पूर्वी विश्वकर्मा लोहार समाज की बैठक रखी गई थी, जिसमें हर वर्ष की इस वर्ष भी विश्वकर्मा लोहार समाज का सामूहिक सम्मेलन भैंसवामाता में 22 अप्रैल 2026 रात्रि में होना तय किया गया।

## श्रीगुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर विशेष लंगर का आयोजन



**ब्यावरा।** सिख धर्म के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के 359 वे प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर विशेष रूप से लंगर भंडारे का आयोजन किया गया। यह आयोजन राजगढ़ जिले के ब्यावरा स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा दमदमा साहिब में श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरु का अटूट लंगर ग्रहण किया। गुरुद्वारा प्रमुख जावंद सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गुरु पर्व के उपलक्ष्य में विशेष व्यवस्थाएँ की गईं। पिछले एक माह से प्रतिदिन गुरुद्वारे के बाहर स्टॉल लगाकर जलेबी का प्रसाद वितरित किया जा रहा गुरु पर्व के दिन प्रातः पाठ साहिब की समाप्ति के उपरांत गुरु का अटूट लंगर आरंभ किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर गुरु की अपार कृपा प्राप्त की। धन-धन श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज को खालसा पंथ का संस्थापक कहा जाता है। उनके त्याग, बलिदान और धर्म रक्षा के संदेश को स्मरण करते हुए यह पर्व अत्यंत श्रद्धा से मनाया गया। आयोजन में विशेष रूप से एनसीसी कैडेट ने भाग लिया और सभी ने प्रसादी वितरण में सेवा निभाई। इस पावन अवसर पर डॉ सुरजीत सिंह, संतोख सिंह अजमानी, मनप्रीत राजपाल , प्रतीक सलूजा, सुरेंद्र अजमानी, शरण कौर , पायल, काजल सहित अनेक सेवादार एवं संगतजन उपस्थित रहे और सेवा में योगदान दिया।

### पंचायत उप निर्वाचन- परिणाम की घोषणा

## जिला पंचायत वार्ड - 1 से कालू सिंह सिसोदिया हुए विजयी,



**आगर मालवा।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित पंचायत उप निर्वाचन कार्यक्रम अंतर्गत 5 जनवरी को जिला पंचायत सदस्य के लिए निर्वाचन परिणाम की घोषणा की गई। जिला पंचायत आगर मालवा के वार्ड क्रमांक- 1, सुसनेर में सदस्य पद के लिए कालू सिंह सिसोदिया को विजयी घोषित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रीति यादव ने नवनिर्वाचित सदस्य को प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर निर्वाचन प्रेक्षक पीके वर्मा, अपर कलेक्टर आर पी वर्मा, एसडीएम सर्वेश यादव, तहसीलदार रामेश्वर दांगी व निर्वाचन शाखा से जुड़े कर्मचारी मौजूद रहे।

## 2.25 लाख की मदिरा जब्त कर मौके पर काफी मात्रा में लाहन नष्ट किया



**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल गुना के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान एवं संदीप शर्मा उपायुक्त संभाग ग्वालियर के निर्देशन में अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रह, परिवहन एवं जहरीली शराब के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है । जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में दिनांक 5 जनवरी को आबकारी वृत्त गुना के प्रभारी राधाकिशन अटारिया द्वारा ग्राम रमपुरा, गुजराई, छीपोन, भिलेरा में दबिश दी गई। ग्राम रमपुरा में मुखबिर सूचना मिली की सिंध नदी किनारे सुनील जाटव, शेरू जाटव, मोहन जाटव, फूल सिंह जाटव, हल्का जाटव अवैध रूप से मदिरा बना रहे है। उक्त सूचना पर जब सिंध नदी किनारे तलाशी ली गई तो भारी मात्रा में लोहे की 08 टंकिया 200 लीटर वाली भरी पाई गई। साथ ही कच्ची मदिरा भी जब्त की गई। आरोपी आबकारी बल को देखकर मौके से फरार हो गए। वहीं मौके से लाने की असमर्थता के कारण लाहन को तत्काल नष्ट किया गया।

उत्तर भारत में भीषण ठंड का मौसम चल रहा है। ऐसे में अक्सर कुछ लोगों को ठंड लग जाती है, जिसकी वजह से कमर दर्द और कंधे में दर्द की समस्या होती है। आइए इस लेख में इसी के बचाव के बारे में विस्तार से जानते हैं।

# ठंड लगने से बढ़ गया है कमर और कंधों का दर्द?

## जान लें इससे बचाव के उपाय



कड़ाके की ठंड की शुरुआत होते ही बहुत से लोगों को कमर, गर्दन और कंधों में तेज दर्द और जकड़न की शिकायत होने लगती है। चिकित्सा विज्ञान के अनुसार, जब तापमान गिरता है, तो हमारा शरीर गर्मी बचाने के लिए रक्त वाहिकाओं को संकुचित कर देता है, जिससे मांसपेशियों तक रक्त का संचार कम हो जाता है।

इसके परिणाम स्वरूप मांसपेशियां सख्त हो जाती हैं और नसों पर दबाव बढ़ता है, जो पुराने दर्द को भी सक्रिय कर देता है। इसके अलावा ठंड में हमारी शारीरिक सक्रियता कम हो जाती है और हम अक्सर गलत पोस्चर में घंटों बैठे या लेटे रहते हैं, जिससे रीढ़ की हड्डी और कंधों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। सर्दियों की सर्द हवाएं सीधे संपर्क में आने पर मांसपेशियों में ऐंठन पैदा करती हैं।

अगर इस दर्द का सही समय पर उपचार न किया जाए, तो यह क्रोनिक समस्या बन सकता है। घरेलू उपायों और सही सिकाई के माध्यम से इस 'विंटर पेन' से काफी हद तक राहत पाई जा सकती है।



### गर्म तेल की मालिश

ठंड से होने वाले दर्द के लिए गर्म तेल की मालिश सबसे प्रभावी पारंपरिक उपाय है। सरसों के तेल में लहसुन और अजवाइन पकाकर उसे छान लें। अब हीटर के सामने बैठकर इस गुनगुने तेल से कमर और कंधों की हल्के हाथों से मालिश करें। हीटर की गर्माहट और तेल का पोषण मांसपेशियों के अंदर तक जाकर रक्त संचार को बढ़ाता है और जकड़न को तुरंत दूर करता है।

### कपड़ों का सही चुनाव

अक्सर हम केवल भारी जैकेट पहन लेते हैं, लेकिन पीठ और कंधों को ठंड से बचाने के लिए 'लेयरिंग' जरूरी है। कमर को सीधा रखने और गर्माहट देने के लिए थर्मल वियर का उपयोग करें। अगर आप बाइक चलाते हैं, तो कंधों और गर्दन को मफलर से ढंककर रखें। ध्यान रखें शरीर के जोड़ जितने गर्म रहेंगे, दर्द की संभावना उतनी ही कम होगी।

### स्ट्रेचिंग और हल्का व्यायाम

ठंड में रजाई के अंदर घंटों बैठे रहने से बचें। हर एक घंटे में उठकर स्ट्रेचिंग करें। गर्दन को क्लॉकवाइज और एंटी-क्लॉकवाइज घुमाएं और कंधों को पीछे की ओर स्ट्रेच करें। योग में 'भुजंगासन' और 'मर्कटासन' कमर दर्द के लिए रामबाण माने जाते हैं। ये आसन रीढ़ की हड्डी के लचीलेपन को बढ़ाते हैं और मांसपेशियों को रिलैक्स करते हैं।

### आहार और हाइड्रेशन का ध्यान

दर्द को अंदर से ठीक करने के लिए डाइट में हल्दी, अदरक और मेथी जैसे एंटी-इंफ्लेमेटरी खाद्य पदार्थों को शामिल करें। अक्सर सर्दियों में हम पानी कम पीते हैं, जिससे शरीर में डिहाइड्रेशन होता है और मांसपेशियों में ऐंठन बढ़ती है। इसलिए दिनभर गुनगुना पानी पिएं। अगर दर्द असहनीय हो या पैरों में सुन्नपन महसूस हो, तो तुरंत किसी विशेषज्ञ डॉक्टर से परामर्श लें।

अगर आपके बाल भी कंघी करते समय काफी उलझते हैं तो हमारा बताया हेयर पैक इस्तेमाल करके देख लें। इससे आपके बाल काफी सिल्की हो जाएंगे।

# कंघी करते समय उलझते हैं बाल तो इस्तेमाल करें ये हेयर पैक

न कंघी करते समय अगर आपके बाल अक्सर उलझते हैं और उसमें कंघी फंस जाती है तो ये सिर्फ बालों की घनी और जटिल बनावट की वजह से नहीं, बल्कि पोषण और नमी की कमी की वजह से भी हो सकता है। उलझते बाल न सिर्फ दर्द देते हैं, बल्कि टूट-फूट और स्प्लिट एंड्स का कारण भी बनते हैं। ऐसे में सही हेयर पैक का इस्तेमाल करना बेहद जरूरी है।

एक अच्छा हेयर पैक बालों को पोषण देता है, नमी बनाता है और कंघी आसानी से गुजरने में मदद करता है। नियमित रूप से हेयर पैक लगाने से बाल मुलायम, चमकदार और उलझनों से मुक्त रहेंगे। इस लेख में हम आपको एक ऐसे ही हेयर पैक के बारे में जानकारी देंगे, जो आपके रूखे-सूखे बालों को सिल्की और शाइनी बनाने का काम करेगा।

### ये है पैक बनाने का तरीका ?

केले का हेयर पैक बालों को मुलायम और चमकदार बनाने के लिए बेहद असरदार है। इसके लिए सबसे पहले एक पका हुआ केला अच्छी तरह मैश करें ताकि उसमें कोई गुठली न रहे।

इसमें एक बड़ा चम्मच शहद और एक बड़ा चम्मच नारियल या जैतून का तेल डालें। अगर आपके बाल बहुत रूखे हैं, तो इसमें एक छोटा चम्मच दही भी मिला सकते हैं। इन सभी सामग्रियों को अच्छे से मिक्स करके स्मूद पेस्ट तैयार करें।

### ऐसे करें इस्तेमाल

इस पैक को गीले या सूखे बालों पर लगाएं, खासकर बालों की जड़ों और लंबाई पर। हल्के हाथों से बालों की मालिश करें ताकि पैक स्कैल्प तक अच्छे से पहुंच जाए। इसके बाद इसे लगभग 30झ45 मिनट तक बालों में लगा रहने दें। समय पूरा होने के बाद माइल्ड शैम्पू से बाल धो लें और ठंडे पानी से रिन्स करें।

### बरतें ये सावधानी

पैक इस्तेमाल करते समय कुछ सावधानियों का ध्यान रखना जरूरी है। बालों में लगाने से पहले पैच टेस्ट जरूर करें ताकि एलर्जी या जलन का खतरा न रहे।

अगर बाल बहुत ऑयली हैं, तो तेल की मात्रा कम रखें। बालों को गर्म पानी से धोने से बचें क्योंकि इससे पोषण कम हो सकता है। समय का खास ध्यान रखें क्योंकि ज्यादा देर तक पैक बालों पर छोड़ने से बाल चिपचिपे या भारी महस-ूस हो सकते हैं।





सिडनी में खेले जा रहे एशेज 2025-26 के पांचवें टेस्ट में ट्रेविस हेड और स्टीव स्मिथ के शतकों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने मैच पर मजबूत पकड़ बना ली है। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने सात विकेट पर 518 रन बनाकर इंग्लैंड पर 134 रन की बढ़त हासिल कर ली। स्मिथ की शतकीय पारी ने न सिर्फ टीम को बढ़त दिलाई, बल्कि कई ऐतिहासिक रिकॉर्ड भी दिलाए।

# 18 साल में पहली बार! सिडनी में ऑस्ट्रेलिया का कमाल; स्मिथ ने ब्रैडमैन को इस मामले में पीछे छोड़ा



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच सिडनी में जारी एशेज 2025-26 के पांचवें और आखिरी टेस्ट में ट्रेविस हेड और स्टीव स्मिथ ने शतक जड़े। इन दोनों की शतक की बदौल ऑस्ट्रेलियाई टीम मजबूत स्थिति में पहुंच गई है। ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक सात विकेट पर 518 रन बना लिए हैं। स्टीव स्मिथ 205 गेंद में 15 चौके और एक छक्के की मदद से 129 रन और ब्यू वेबस्टर 58 गेंद में 42 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे हैं। इंग्लैंड की टीम ने अपनी पहली पारी में 384 रन बनाए थे। इस लिहाज से ऑस्ट्रेलिया की बढ़त 134 रन की हो चुकी है।

इस शतकीय पारी के साथ ही स्टीव स्मिथ ने कई रिकॉर्ड भी बना दिए। साथ ही ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने भी एक रिकॉर्ड बनाया। वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में किसी एक विरोधी टीम के खिलाफ 5000 से ज्यादा रन बनाने वाले चौथे बल्लेबाज बन गए हैं। इस खास उपलब्धि के साथ उन्होंने सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली और डॉन ब्रैडमैन जैसे दिग्गजों की सूची में अपना नाम दर्ज करा लिया है।

### पार्टनरशिप का ऐतिहासिक रिकॉर्ड

ऑस्ट्रेलियाई पारी में सात 50+ साझेदारियां दर्ज की गईं, जो टेस्ट क्रिकेट कि किसी एक पारी में दर्ज की गई 50+ की साझेदारियों की दूसरी सबसे बड़ी संख्या है। इससे पहले साल 2007 में इंग्लैंड के खिलाफ ओवल टेस्ट में भारत की ओर से आठ ऐसी साझेदारियां हुई थीं, जो कि रिकॉर्ड है। यह टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में 22वीं बार हुआ जब किसी एक पारी में शुरूआती पांच विकेटों के लिए 50 से ज्यादा रन की साझेदारियां बनीं। एशेज में यह तीसरी बार देखने को मिला, इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने यह उपलब्धि 2001 में द ओवल और 2006-07 में द गाबा टेस्ट में हासिल की थी।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से ट्रेविस हेड और जेक वेदराल्ड के बीच ओपनिंग विकेट के लिए 57 रन, ट्रेविस हेड और लाबुशेन के बीच दूसरे विकेट के लिए 105 रन, ट्रेविस हेड और माइकल नेसेर के बीच तीसरे विकेट के लिए 72 रन, ट्रेविस हेड और स्टीव स्मिथ के बीच चौथे विकेट के लिए 54 रन, उस्मान ख्वाजा और स्मिथ के बीच पांचवें विकेट के लिए 51 रन, कैमरन ग्रीन और स्टीव स्मिथ के बीच सातवें विकेट के लिए 71 रन की साझेदारी हुई। फिलहाल स्मिथ और वेबस्टर के बीच आठवें विकेट के लिए भी नाबाद 81 रन की साझेदारी हो चुकी है।

### सिडनी में स्टीव स्मिथ की बादशाहत

सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (SCG) पर स्टीव स्मिथ का टेस्ट रिकॉर्ड उनकी क्लास और कंसिस्टेंसी को दर्शाता है। इस मैदान पर केवल रिकी पोंटिंग के नाम उनसे अधिक रन (1480) और शतक (छह) हैं।

### किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा रन

कुछ बल्लेबाज ऐसे रहे हैं जिन्होंने किसी खास प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ बार-बार रन बनाकर इतिहास रचा। सचिन तेंदुलकर का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रिकॉर्ड आज भी बेमिसाल है। अब किसी एक टीम के खिलाफ टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले शीर्ष पांच बल्लेबाजों में स्टीव स्मिथ की एंट्री भी हो चुकी है। उन्होंने इस मामले में डॉन ब्रैडमैन को पीछे छोड़ा। स्मिथ ने इंग्लैंड के खिलाफ 5085 रन बनाए हैं। वहीं, ब्रैडमैन ने इंग्लैंड के खिलाफ 5028 रन बनाए थे। इस लिस्ट में सचिन शीर्ष पर हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट में 6707 रन बनाए थे। वहीं, कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट में 5551 रन बनाए थे। सचिन ने श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट में 5108 रन बनाए।

## आईपीएल से बाहर किए गए मुस्तफिजुर रहमान को एक और बड़ा झटका! कोई मुआवजा मिलने की संभावना नहीं

**कोलकाता।** बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के साथ अपने अनुबंध को समाप्त करने में कोई भूमिका नहीं होने के बावजूद किसी भी प्रकार का वित्तीय मुआवजा मिलने की संभावना नहीं है।

**बीसीसीआई के निर्देश पर हुए थे बाहर:** केकेआर ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देशों पर उन्हें टीम से बाहर कर दिया था। मुस्तफिजुर को आईपीएल नीलामी में केकेआर ने 9.20 करोड़ रुपये में खरीदा था। उन्हें बांग्लादेश में हिंदुओं पर हाल ही में हुए अत्याचारों के मद्देनजर टीम से बाहर किया गया। यह एक ऐसा घटनाक्रम रहा जिसने भारतीय बोर्ड को हस्तक्षेप करने के लिए प्रेरित किया।

**बीसीबी अपनी जिद्द पर अड़ा:** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने इस पर कड़ा रवैया अपनाते हुए भारत में होने वाले अपने टी20 विश्व कप के मैचों को श्रीलंका में स्थानांतरित करने की मांग की है। बीसीसीआई के इस कदम ने इस खिलाड़ी के अधिकारों को लेकर बहस छेड़ दी है, खासकर इसलिए क्योंकि उन्होंने न तो स्वेच्छा से प्रतियोगिता से नाम वापस लिया और न ही उन पर किसी गलत काम का आरोप लगाया गया है। लेकिन सूत्रों का कहना है कि मौजूदा बीमा ढांचे में मुआवजे के लिए बहुत कम गुंजाइश है।

प्लाट बेचना है
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

अवश्यकता है
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

रेंट पर देना/आवश्यकता
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

कर्मचारी की आवश्यकता
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

कृषि भूमि बेचना है
उज्जैन से मात्र 16 किमी पर 5 बीघा ग्राम आँवलिया में मात्र 22 लाख रुपये बीघा
25X60 का प्लॉट बेचना है एमपी नगर में
13X50 का मकान बेचना है मक्सी रोड एम आर 5 रोड पर
17X30 तीन मंजिला मकान बेचना है मेन रोड पर सांदीपनी नगर एम आर 5 रोड पर
मो. 9301388290, 9340903559

अमरूद बेचना है
अमरूद का बगीचा जवासिया कुमार, लालपुर, उज्जैन में चार बीघा में करीब 400 अमरूद के पेड़ अच्छी बहार आई फल बेचना है।
: संपर्क :
7746856444

आवश्यकता
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

कर्मचारियों की आवश्यकता है
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

तुरंत लोन
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

शॉप बेचना है
12/1 भोज मार्ग, फ्रीगंज उज्जैन में साढ़े सात 20 की शॉप बेचना है।
संपर्क
9993368146

आवश्यकता है
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

आवश्यकता है
मैनेजर, असिस्टेंट मैनेजर, हाउस कीपिंग, कम्प्यूटर आपरेटर, एकाउंटेंट, सिक्योरिटी गार्ड, चौकीदार की आवश्यकता है। होटल हेतु।
संपर्क 9893374872



## न्यूज कॉलम

### बीजेपी नेत्री के बेटे पर एफआईआर, कोर्ट परिसर में दुष्कर्म पीड़िता के फोटो खीचें

**इंदौर।** इंदौर की एमजी रोड थाना पुलिस ने दुष्कर्म पीड़िता के फोटो खींचकर उन्हें वॉट्सऐप पर साझा करने के मामले में बीजेपी नेत्री के बेटे के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि जिला न्यायालय परिसर में उसकी मर्जी के बिना फोटो लेकर उन्हें उसके भाई को भेजा गया और वॉट्सऐप ग्रुप पर पोस्ट कर दिया। पीड़िता के अनुसार वह सोमवार को अपने पिता की जमानत से जुड़े मामले में जिला न्यायालय पहुंची थी। इसी दौरान आरोपी अर्जुन जोशी (निवासी बंगाली चौराहा) उसका पीछा करते हुए कोर्ट परिसर में पहुंचा और उसकी अनुमति के बिना फोटो लेने लगा। बाद में ये फोटो पीड़िता के भाई को भेजे गए और वॉट्सऐप ग्रुप में भी शेयर कर दिए गए। इस घटना से मानसिक रूप से परेशान होकर पीड़िता ने अपने वकील के माध्यम से एमजी रोड थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने एफआईआर कायम की। पीड़िता ने बताया कि सितंबर 2025 में उसने खजराना थाने में आरोपी अर्जुन के खिलाफ दुष्कर्म की एफआईआर दर्ज कराई थी। आरोप है कि आरोपी ने उसे प्रेम जाल में फंसाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। वहीं, अर्जुन ने भी पीड़िता के पिता के खिलाफ खजराना थाने में गोली चलाने का मामला दर्ज कराया था, जिसमें अर्जुन के हाथ में गोली लगने की बात सामने आई थी। उस समय पुलिस ने घटना को संदिग्ध मानते हुए जांच की बात कही थी। आरोपी अर्जुन जोशी मॉडलिंग और एक्टिंग से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। उसकी मां बीजेपी से खजराना क्षेत्र में पार्षद का चुनाव लड़ चुकी हैं। मामले में राजनीतिक दबाव के आरोप भी लगाए जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### नो पार्किंग से गाड़ी उठाने को लेकर विवाद महिला ने हेड कांस्टेबल से की बदसलूकी

**इंदौर।** इंदौर के सराफा पुलिस ने ट्रैफिक के एक हेडकास्टेबल की शिकायत पर एक युवक और महिला के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने के मामले में एफआईआर दर्ज की है। हेडकास्टेबल के अनुसार, सोमवार शाम वे ट्रैफिक क्रेन से रोड साइड पर खड़ी गाड़ी उठाकर ले जा रहे थे, तभी दोनों ने उनसे विवाद किया। सराफा पुलिस ने बताया कि पश्चिम थाने में पदस्थ हेडकास्टेबल हीरालाल गारी की ड्यूटी राजबाड़ा क्षेत्र में क्रेन पर थी। इसी दौरान वे नो पार्किंग में खड़ी गाड़ी को इमामबाड़ा के पास से उठाकर ले जा रहे थे। तब गाड़ी मालिक विशाल भाटिया, निवासी नगर निगम और उनके साथ महिला वर्षा वहां पहुंचे। दोनों ने अपना नाम बताया और गाड़ी को क्रेन से उतारने की बात कही। जब गाड़ी छोड़ने से इनकार किया गया, तो महिला क्रेन के सामने खड़ी हो गई और सपोर्ट वाहन को आगे नहीं जाने दिया। इसके अलावा, उन्होंने ट्रैफिक थाने के गाड़ी चालक सुजल कौशल के साथ भी विवाद किया। काफी समय तक चले इस विवाद के बाद पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे। इसके बाद हीरालाल गारी थाने पहुंचे। सराफा टीआई राजकुमार आटोरिया के मुताबिक, महिला काफी बदतमीजी कर रही थी। वरिष्ठ अधिकारियों ने भी समझाने का प्रयास किया, लेकिन महिला नहीं मानी। इसके बाद अधिकारियों के निर्देशन पर एफआईआर दर्ज की गई। महिला का आरोप है कि हेडकास्टेबल गारी ने उनके साथ भी बदसलूकी की। हालांकि, पुलिस ने इस मामले में किसी तरह का आवेदन अभी तक स्वीकार नहीं किया है।

### कोहरे ने फिर रोकी उड़ानों की रफ्तार लगातार चौथे दिन 10 से अधिक उड़ानें लेट

**इंदौर।** इंदौर में लगातार चौथे दिन मौसम और घने कोहरे ने देवी अहिल्याबाई होलकर अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उड़ानों की राह रोक ली। मंगलवार सुबह एयरपोर्ट क्षेत्र में दृश्यता कम बनी रही, जिसके चलते उड़ान संचालन प्रभावित हुआ और 10 से अधिक उड़ानें देरी से संचालित करनी पड़ीं। खराब मौसम के कारण सुबह के स्लॉट में उड़ानों की समयबद्धता पूरी तरह बिगड़ गई। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार तड़के से ही इंदौर और आसपास के क्षेत्रों में घना कोहरा छाया रहा। कम दृश्यता के चलते पायलटों को विशेष सतर्कता बरतनी पड़ी, जिससे उड़ानों की टेकऑफ और लैंडिंग में देरी हुई। सुबह 6.30 बजे से 8.30 बजे के बीच का समय सबसे ज्यादा प्रभावित रहा। लगातार तीसरे दिन उड़ानों में देरी से यात्रियों को काफी परेशानी हुई। सुबह की उड़ानों के यात्रियों को एयरपोर्ट पर घंटों इंतजार करना पड़ा, वहीं कई यात्रियों की आगे की कनेक्टिंग फ्लाइट भी प्रभावित हुई। एयरपोर्ट प्रबंधन का कहना है कि खराब मौसम को देखते हुए यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रही। मौसम में सुधार के बाद उड़ानों को रवाना और लैंड कराया गया। जबलपुर, दिल्ली, अहमदाबाद, मुंबई, नागपुर, जयपुर, बैंगलुरु की उड़ानें लगातार देरी से संचालित हुई।

### वैष्णव कॉलेज में छात्र नेताओं के दो गुटों में विवाद की थाने में रिपोर्ट नहीं लिखे जाने पर हंगामा

**इंदौर।** इंदौर के वैष्णव कॉलेज में मंगलवार को छात्र नेताओं के दो गुटों के बीच विवाद हो गया, जो मारपीट तक पहुंच गया। घटना के बाद छात्र नेता अपने साथियों के साथ शिकायत दर्ज कराने द्वारकापुरी थाने पहुंचे, लेकिन वहां मौजूद एसआई द्वारा उन्हें टाल दिए जाने से नाराज होकर उन्होंने थाने परिसर में हंगामा कर दिया। एबीवीपी के छात्र नेता कुशल यादव अपने साथियों के साथ थाने पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि कॉलेज परिसर में उनके साथी छात्र देवेन्द्र के साथ मारपीट हुई है। आरोप है कि जब वे शिकायत लेकर एसआई आलोक मिठास के पास पहुंचे तो उनकी बात पर ध्यान नहीं दिया गया, जिससे आक्रोशित छात्र नेताओं ने थाने में पुलिसकर्मियों के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। करीब आधे घंटे तक चले हंगामे की जानकारी मिलने पर एसीपी शिवेन्दु जोशी मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों से बातचीत की। इसके बाद एफआईआर दर्ज कराने पर छात्र नेता सहमत हो गए। बताया जा रहा है कि विवाद में एक पक्ष कुशल यादव और दूसरा पक्ष पुनीत नामक छात्र से जुड़ा है। पुलिस ने दोनों पक्षों के छात्रों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया।

### बाणगंगा में सहेलियों के विवाद में मारपीट और जातिसूचक शब्दों पर एफआईआर दर्ज

**इंदौर।** इंदौर के सराफा मार्केट में सोमवार देर शाम एक 15 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ की घटना सामने आई है। पीड़िता अपनी दो मौसी के साथ खरीदारी के लिए बाजार पहुंची थी। इसी दौरान जब वह संगम चाट हाउस के पास नाश्ता कर रही थी, तभी पास में सड़क किनारे कॉस्मेटिक्स की दुकान लगाने वाले एक युवक ने उसके साथ अश्लील हरकत की। पीड़िता की मौसी ने यह हरकत देख ली और तुरंत विरोध किया। इसके बाद मौके पर पीड़िता के परिजनों और आरोपी दुकानदार के बीच कहासुनी हो गई। घटना के बाद पीड़िता अपने परिजनों के साथ सराफा थाने पहुंची और रात में शिकायत दर्ज कराई। सराफा पुलिस ने आजाद नगर निवासी पीड़िता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। इधर, बाणगंगा थाना क्षेत्र में सहेलियों के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पुलिस ने इस मामले में जातिसूचक शब्द कहने और मारपीट करने के आरोप में चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पीड़िता मनाली राव की शिकायत पर पुलिस ने चंचल बेस, प्रज्ञा, सुमित और सीमा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मनाली बीपीटी सेकेंड ईयर की छात्रा है और चंचल उसकी सहेली थी। दोनों के बीच कुछ समय पहले राजस्थान में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद दोनों इंदौर लौट आईं और बातचीत बंद हो गई। इसी रंजिश के चलते चंचल अपने भाई सुमित, बहन प्रज्ञा और बुआ सीमा के साथ मनाली के घर पहुंची और उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान पीड़िता के खिलाफ जातिसूचक शब्दों का भी इस्तेमाल किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

भागीरथपुरा के रहवासियों के अलावा उस क्षेत्र में जाकर जिन लोगों ने भी खानपान किया वे भी हुए बीमार

# भागीरथपुरा में टेलर के पास गया था रिटायर्ड शिक्षक, अब अस्पताल में भर्ती

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इन्दौर

भागीरथपुरा के रहवासियों के अलावा उस क्षेत्र में जाकर जिन लोगों ने खानपान किया, वे भी बीमार हुए हैं। इसीलिए मरीजों के सामने आने का सिलसिला चल रहा है। स्कीम नंबर-51 निवासी जगदीश श्रीवास (62) रिटायर्ड शिक्षक हैं। 15 दिन पहले भागीरथपुरा में वर्षों से जिस टेलर के पास कपड़े सिलवाने जाते हैं, उसके पास गए थे। उनके पास करीब तीन से चार घंटे बिताए थे।



### पैरों में कमजोरी और चलने में परेशानी

चार दिन पहले उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें चोइथराम अस्पताल में भर्ती किया गया। प्रारंभिक जांच में वायरल इन्फेक्शन निकला। नर्व कंडक्शन स्टडी में गुइलेन बैरी सिंड्रोम (जीबीएस) की आशंका सामने आई है। इनका उपचार न्यूरोलाजिस्ट डॉ. नेहा राय कर रही हैं। सहयोगी डा. सावन ने बताया कि मरीज को सबसे पहले पैरों में कमजोरी और चलने में परेशानी महसूस हुई थी। इसके बाद हाथों में भी दिक्कत शुरू हो गई। मौसम में जीबीएस के मरीज सामने आते हैं लक्षणों को देखते हुए नर्व कंडक्शन स्टडी में जीबीएस की आशंका सामने आई। मरीज का प्लाज्मा एक्सचेंज उपचार शुरू किया गया है, जिसके दो साइकिल परे हो चुके हैं। इस मौसम में जीबीएस के मरीज सामने आते हैं। यह एक ऑटो इम्युन बीमारी है, लेकिन जरूरी नहीं है कि यह दूषित पानी के सेवन से ही हुआ है।



### लोगों ने कहा- प्रशासन नहीं दे पा रहा शुद्ध जल

कई घरों में ताले लगे हुए हैं। पिछले एक सप्ताह से कोई भी यहां नहीं आ रहा है। पड़ोसियों का कहना है कि कई लोग रिश्तेदारों के यहां रहने के लिए चले गए हैं। जब तक साफ पानी नहीं आएगा, तब तक वे वापस नहीं लौटेंगे। रहवासियों ने बताया कि वे सावधानी बरतते हुए पानी उबालकर पी रहे हैं।

### भागीरथपुरा में फैली बीमारी को पहले माना महामारी, फिर बताया प्रकोप

- भागीरथपुरा में एक हजार से अधिक लोग दूषित पेयजल के कारण बीमार हुए हैं और अब तक सत्रह लोगों की मौत हो चुकी है। प्रशासन ने पहले भागीरथपुरा क्षेत्र को महामारी ग्रस्त घोषित किया लेकिन फिर इसे प्रकोप माना। स्वास्थ्य विभाग ने बस्ती को प्रकोप से मुक्त करने के लिए 200 टीमें मैदान में उतारी है, जो अलग-अलग टेस्ट करेगी और बस्ती में डायरिया के मरीजों की संख्या शून्य करेगी, अभी भी बस्ती से नए मरीजों के आने का सिलसिला जारी है। सरकारी रिकार्ड में तो ज्यादातर रोगियों को डायरिया ग्रस्त माना जा रहा है, लेकिन बस्ती में कुछ मरीज हैजे के भी मिले हैं। गंदे पानी ने कई पीड़ितों के किडनी और लीवर को भी खराब किया है। भागीरथपुरा में बीमारी से हुई मौतों के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भागीरथपुरा और आसपास की तीन बस्तियों में हिन्दू सम्मेलन निरस्त कर दिया है।
- संघ पदाधिकारियों का कहना है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता इस विषम परिस्थित में पीड़ित परिवारों के साथ संपूर्ण संवेदना के साथ खड़े हैं और सेवा व सहायता प्रदान कर रहे हैं। भागीरथपुरा क्षेत्र की तीन बस्तियों में स्थानीय समाज व संगठनों द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर हिन्दू सम्मेलन आयोजित करने की योजना थी। जिसे वर्तमान हालातों के कारण निरस्त किया गया है।

दूषित जल से मौतों ने दहला शहर, इंदौर से उठी चीख पूरे भारत में गूंजी

# भागीरथपुरा की त्रासदी के बाद सहमे माता-पिता एजुकेशन हब इंदौर पर मंडराया सुरक्षा का संकट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर आज सिर्फ स्वच्छता की पहचान नहीं, बल्कि देश के बड़े एजुकेशन हब के रूप में भी जाना जाता है। हजारों छात्र हर साल अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए इंदौर आते हैं। देश-भर के माता-पिता भरोसे के साथ अपने बच्चों को यहां पढ़ने भेजते रहे हैं, लेकिन भागीरथपुरा में दूषित जल से हुई मौतों ने उस भरोसे को गहरा झटका दे दिया है। आज हालात यह हैं कि इंदौर को लेकर कोई भी खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा।

कॉलेज खुल चुके हैं, पढ़ाई फिर से शुरू हो गई है, लेकिन बाहर रहने वाले माता-पिता के मन में सिर्फ एक ही डर है– अगर बच्चों को इंदौर भेजा तो क्या वे सुरक्षित रहेंगे? देश के अलग-अलग हिस्सों



से लगातार फोन आ रहे हैं। लोग पूछ रहे हैं कि कहीं यह दूषित पानी दूसरे इलाकों में तो नहीं फैल गया, क्या खतरा सिर्फ भागीरथपुरा तक सीमित है या पूरा शहर इसकी चपेट में है।

नगर निगम और जल आपूर्ति व्यवस्था की लापरवाही ने एक ऐसी त्रासदी को जन्म दिया है, जिसकी कीमत अब पूरा इंदौर चुका रहा है। एक गलती इतनी भारी पड़ गई कि एजुकेशन हब इंदौर की छवि पर भी सवाल खड़े हो गए। यह इंदौर जैसे प्रतिष्ठित शहर के लिए बेहद शर्मनाक स्थिति है कि जहाँ पढ़ने आने वाले बच्चों की सुरक्षा को लेकर आज पूरे देश में डर का माहौल है।

- जो लोग इंदौर से बाहर रहते हैं, वे अपने रिश्तेदारों, परिचितों और यहां रह रहे छात्रों की सलामती को लेकर चिंतित हैं। हर किसी के मन में यही आशंका है कि कहीं अगली त्रासदी किसी और परिवार को न तोड़ दे। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि अगर समय रहते जल की गुणवत्ता की ईमानदारी से जाँच की गई होती, तो यह भयावह हादसा टल सकता था, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी अब भी चुप्पी साधे हुए हैं।
- आज पूरा देश इंदौर से सवाल कर रहा है–क्या इंदौर के छात्र सुरक्षित हैं? क्या पूरे शहर के पानी की जांच हुई है? दोषियों पर कार्रवाई कब होगी? भागीरथ पूरा की यह घटना सिर्फ.एक हादसा नहीं, बल्कि प्रशासनिक असफलता का आईना है। देश की एक ही आवाज है–जिस शहर पर हमने अपने बच्चों का भविष्य छोड़ा, क्या वह शहर उन्हें सुरक्षा दे पाएगा?

18 जनवरी को भारत-न्यूजीलैंड डे-नाइट वनडे मुकाबला

# विराट-रोहित के फैन टिकट की आस में हर दिन पहुंच रहे होलकर स्टेडियम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

भारत-न्यूजीलैंड डे-नाइट वनडे मुकाबला 18 जनवरी को होलकर स्टेडियम में खेला जाना है। इस मैच को लेकर दर्शकों की दीवानगी इसी से पता चलती है कि मैच के टिकट 5 मिनट में ऑनलाइन बिक चुके हैं, लेकिन फिर भी विराट कोहली व इंडिया टीम के फैन टिकट की आस में हर दिन होलकर स्टेडियम पहुंच रहे हैं। स्टेडियम की खिड़कियों पर कतार लग रही है कि जैसे भी बस मैच का टिकट मिल जाए। हर दिन 100 से ज्यादा क्रिकेटप्रेमी स्टेडियम पहुंच रहे हैं, लेकिन उन्हें ऑनलाइन टिकट बेचे जाने की सूचना देकर लौटाया जा रहा है।

इंदौर में होलकर स्टेडियम में पिछला वनडे मुकाबला सितंबर 2023 में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला गया था, जिसमें भारत



ने जीत दर्ज की थी। स्टेडियम में अब तक भारत ने (पुरुष टीम) 7 वनडे खेले हैं, सभी में जीत मिली है। यही कारण है कि शहर के साथ ही आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में लोग यहां क्रिकेट देखने आते हैं। वैसे तो दर्शक क्षमता 26 हजार है, लेकिन ऑनलाइन बुकिंग में 5 लाख से ज्यादा लोग थे। महिला वर्ल्ड कप में भी स्टेडियम फुल था। भारत टीम में रोहित शर्मा और विराट कोहली की संभावित उपस्थिति की चर्चाएं हैं, जिससे लोगों की उत्सुकता और उत्साह बढ़ गया है। दोनों ने ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका सीरीज के

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

बिना तोड़फोड़ वास्तु समाधान
• कर्ज बढ़ रहा है
• बच्चा नशा करता है
• पति बीमार है
• काम छूट गया है
पं. पंकज शर्मा
मैं करूंगा समाधान पाटन वाले गुरुजी
Mob.9977444550
पता - शिव मंदिर के पास, जेल रोड, इंदौर

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com